10 अभिषेक शर्मा....



12 रिद्धिमा कपूर....



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शुक्रवार, 08 मई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -316 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



दिगंबर महतो
सामाजिक कार्यकर्ता

**जीवन में अवसर मिलने पर 'सारथी' बनने के बजाय 'सारथी' बनने का प्रयास करें—दूसरों को आगे बढ़ाने में मदद करना ही सच्ची सफलता और महानता है।**

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,44,678**
चांदी (प्रति किलो) : **2,70,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,844.52**
निफ्टी :- **24,326.65**

### मौसम

अधिकतम तापमान : 33 °
न्यूनतम तापमान : 20 °

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:10
संध्या :- 18:20

### आज का इतिहास

**आज ही के ही दिन 1945 को यूरोप में विजय दिवस मनाया गया, जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के सामने बिना शर्त आत्मसमर्पण किया।**

### संक्षिप्त समाचार

#### 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आकर युवक की मौत

रांची। बिजली विभाग की लापरवाही से गुरुवार को रांची में एक युवक की मौत हो गई. मृत युवक का नाम समीर है और वह बड़ा तालाब के पास स्थित छोटा तालाब के पास रहता था. घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश है. जानकारी के मुताबिक, समीर की मौत 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से हुई है. चार दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी. बताया जाता है कि समीर गुरुवार की सुबह छत पर गया था. इसी दौरान छत के ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आ गया. मोहल्ले के लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार इसकी बिजली विभाग से शिकायत की. लेकिन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया. मोहल्ले वाले मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने और बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे हैं. वार्ड पार्षद मो. असलम और हिंदपीढ़ी थाना के इंस्पेक्टर व पुलिस के जवान लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं.

#### सीबीएसई 10वीं सेकेंड बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी, 15 मई को होगी परीक्षा

रांची। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं की सेकेंड बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं. परीक्षाएं 15 मई 2026 से आयोजित की जाएंगी. सभी संबद्ध स्कूल अपने छात्रों के एडमिट कार्ड सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं. उइरए ने स्कूलों और विद्यार्थियों के लिए कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं. बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अभ्यर्थी को सुबह 10:00 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा. विद्यार्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है ताकि मौसम और ट्रैफिक जैसी समस्याओं से बचा जा सके. बोर्ड के अनुसार सभी छात्रों को निर्धारित स्कूल यूनिफॉर्म में परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा.

# ऑपरेशन सिंदूर का एक साल : भारत ने पाकिस्तान के 13 एयरक्राफ्ट, 11 एयरबेस किए तबाह

**एजेंसी**

**जयपुर।** एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने बताया, हमने 7 मई को उनके 9 आतंकवादी शिविरों पर हमला किया और उन्हें पूरी तरह तबाह कर दिया. इसका सबूत सबके सामने है. हमने उनके 11 हवाई अड्डों पर हमला किया. हमने उनके 13 विमानों को नष्ट कर दिया, चाहे वे जमीन पर हों या हवा में; इनमें 300 किलोमीटर से ज्यादा की रिकॉर्ड दूरी पर मौजूद एक बेहद कीमती हवाई संपत्ति भी शामिल है.



लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई

**ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा पाक सैनिक और 100 आतंकवादी ढेर :**

ऑपरेशन सिंदूर की बरसी पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया- भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 100 से ज्यादा सैनिकों को मार गिराया. साथ ही नौ आतंकवादी कैंपों में 100 आतंकवादी मारे गए.

**जब हम कार्रवाई करते हैं, तो वह निर्णायक और घातक होती है: एयर मार्शल**

एयर मार्शल ने कहा- हम जियो और जीने दो के सरल दर्शन के साथ जीते आए हैं. लेकिन जब शांति की हमारी इच्छा को हमारी कमजोरी मान लिया जाता है. तब हमारे पास कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता. और जब हम कार्रवाई करते हैं, तो वह अधूरी नहीं होती. वह निर्णायक होती है, वह घातक होती है, और वह ऑपरेशन सिंदूर के रूप में सामने आती है.

**ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है, तैयारियां चल रही हैं: लेफ्टिनेंट जनरल**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, ऑपरेशन अभी भी जारी है; इसका मतलब है कि तैयारियां चल रही हैं. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने कुछ सबक सीखे हैं, और उन सबकों के आधार पर हमें लगा कि हमें कुछ बदलाव करने की जरूरत है. यह ऑपरेशन तब तक जारी रहेगा जब तक इसकी आवश्यकता होगी.

**दिव्यास्त्र बैटरी, अश्नी प्लाटून और शक्ति बाण रेजिमेंट, भारत कर रहा बड़ी तैयारी**

ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, भारत अपनी सैन्य शक्ति को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है. दिव्यास्त्र बैटरियों, अश्नी प्लाटून, शक्ति बाण रेजिमेंट बदलाव लगातार हो रहे हैं. काफी बड़ी संख्या में टुकड़ियां तैयार की जा रही हैं. उनकी भूमिकाएं और जिम्मेदारियां बहुत साफ तौर पर तय की गई हैं. ऑपरेशन सिंदूर की एनिवर्सरी पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया, ऑपरेशन ने स्वदेशी क्षमता को भी दिखाया. वेपन सिस्टम का एक बड़ा परसेंटेज, इस्तेमाल होने वाले गोला-बारूद, रॉकेट और मिसाइल, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट भारत में ही डेवलप और बनाए गए थे. ब्रह्मोस, आकाश, एडवांस्ड सर्विलांस और टारगेटिंग सिस्टम के साथ-साथ देसी गोला-बारूद और स्पेयर पार्ट्स, सभी ने अहम भूमिका निभाई. देसी इक्विपमेंट का मतलब न सिर्फ आत्मनिर्भरता था। बल्कि इन्हें अपनी ऑपरेशनल जरूरतों के हिसाब से ढालने, सप्लाई चेन को बनाए रखने और तेजी और कॉन्फिडेंस के साथ जवाब देने की फ्लेक्सिबिलिटी भी थी.

# उत्पाद सिपाही परीक्षा पेपर लीक मामला : बिहार से बंगाल का सरकारी क्लर्क गिरफ्तार



**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** झारखंड उत्पाद सिपाही प्रश्न पत्र लीक मामले में रांची पुलिस ने बिहार में छापेमारी कर एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी बिहार के सहरसा जिले का रहने वाला है और वह बंगाल में काम करता था. उत्पाद सिपाही पेपर लीक मामले की जांच कर रही रांची पुलिस की विशेष टीम ने बिहार के सहरसा में छापेमारी कर अमृत राज उर्फ बुलबुल को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अमित राज सिलीगुड़ी में कर्मचारी भविष्य निधि में क्लर्क के तौर पर काम करता था. पूर्व में पकड़े गए आरोपियों के द्वारा प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में अमृत का नाम सामने आया था. रांची पुलिस की विशेष टीम अमृत को गिरफ्तार करने के लिए उसके ठिकाने पर नजर रखी हुई थी. इसी बीच पुलिस को जानकारी मिली कि अमृत सहरसा स्थित अपने घर आया हुआ है. जिसके बाद अमृत को वहां से गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार करने के बाद अमृत को रांची लाया गया और उसे जेल भेज दिया गया है.

जल्द ही रांची पुलिस अमृत को रिमांड पर लेगी ताकि उससे पूछताछ की जा सके. मामले को लेकर रांची के हेडक्वार्टर डीएसपी वन अमर पांडेय ने बताया कि पेपर लीक मामले में अमृत की भूमिका सामने आई थी जिसके बाद उसे सहरसा से गिरफ्तार किया गया है. रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के रडगांव स्थित अर्धनिर्मित नर्सिंग कॉलेज में 11 अप्रैल को पुलिस की टीम ने छापेमारी की थी. पुलिस ने सॉल्वर गैंग के आधा दर्जन समेत 159 अभ्यार्थियों को गिरफ्तार किया था. छापेमारी के दौरान पुलिस को यह जानकारी मिली कि आरोपियों ने उत्पाद सिपाही प्रश्न पत्र का उत्तर अभ्यार्थियों को रटवाया जा रहा था. अभ्यार्थियों से यह कहा गया था कि जिन प्रश्न पत्र का उतर रटवाया जा रहा है, 12 अप्रैल को होने वाली परीक्षा में यही प्रश्न आएगा. इस एवज में अभ्यार्थियों से तीन-तीन लाख रुपए भी लिए गए थे.

## मुख्यमंत्री से रांची के सात वर्षीय बाल तैराक इशांक सिंह ने की मुलाकात

# राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत : सीएम हेमंत सोरेन

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची के सात वर्षीय बाल तैराक इशांक सिंह ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तैराक इशांक सिंह को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए उन्हें अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने सात वर्षीय बाल तैराक इशांक सिंह को उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए उन्हें 5 लाख रुपए का चेक, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि रांची के इशांक सिंह ने विगत 30 अप्रैल 2026 के दिन लगातार 9 घंटे 50 मिनट तैरकर भारत और श्रीलंका के बीच स्थित चुनौतीपूर्ण पाल्क स्ट्रेट (palk Strait, 29 किलोमीटर) को पार करते हुए अपने नाम विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इशांक सिंह को कई विभिन्न खिताबों से सम्मानित किया गया है।

**इशांक सिंह ने अपने प्रदर्शन से राज्य का नाम रोशन किया**



मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल तैराक ईशान सिंह ने पाक स्ट्रेट पार कर देश और दुनिया में झारखंड प्रदेश का नाम रोशन कर दिखाया है। मौके पर मुख्यमंत्री ने इशांक सिंह के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि तैराकी के क्षेत्र में इनकी सफलता पूरे राज्य के लिए गौरव का क्षण रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। झारखंड में हमारी सरकार ने एक बेहतर खेल नीति बनाई है, जिसका लाभ यहां के खिलाड़ियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विश्वास व्यक्त किया कि सात वर्षीय बाल तैराक इशांक सिंह भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड का मान बढ़ाएंगे।

मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि आने वाले दिनों में तैराकी प्रशिक्षण सहित सभी सुविधाओं के विस्तार हेतु कार्य योजना बनाते हुए राज्य सरकार आगे बढ़ेगी तथा राज्य में तैराकी प्रतिभावों को आधुनिक सुविधा प्रदान करेगी। मौके पर मुख्यमंत्री ने वर्तमान समय में तैराकी से संबंधित सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी उपस्थित खेल विभाग के अधिकारियों से ली। मौके पर मुख्यमंत्री ने इशांक सिंह की माता, पिता तथा कोच को भी सम्मानित किया।

**प्रतिभाशाली बच्चों को बेहतर प्लेटफॉर्म मिले इस निमित राज्य सरकार उन्हें हर संभव मदद करेगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल तैराक इशांक सिंह कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया है। इनकी सफलता राज्य के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भीतर इशांक सिंह जैसे प्रतिभाशाली बच्चों को बेहतर प्लेटफॉर्म मिले इस निमित्त राज्य सरकार उन्हें हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा खेल के क्षेत्र में झारखंड प्रदेश निरंतर विकास कर रहा है। यहां के खेल प्रतिभाओं ने कई मौकों पर पूरे विश्व अपना लोहा मनवाया है। झारखंड के खिलाड़ी अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन के बल पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। राज्य के युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियां आने वाली पीढ़ी को और ऊजार्वान बनाएगी।

इस अवसर पर राज्य के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, खेल विभाग के सचिव मुकेश कुमार, निदेशक खेल आसिफ इकराम, उप निदेशक राजेश कुमार, तैराकी संघ से शैलेंद्र तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।









# उपायुक्त ने कैरो प्रखंड का किया दौरा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा:** ।उपायुक्त संदीप कुमार ने गुरुवार को कुडू व कैरो प्रखंड में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। वे सर्वप्रथम कुडू प्रखंड के जिन्गी पंचायत में पंचायत भवन का निरीक्षण किया। इसमें उन्होनें पंचायत भवन में पंचायत ज्ञान केंद्र, लाइब्रेरी का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने पुस्तकों के रख रखाव, समाचार पत्रों व पत्रिका की उपलब्धता सुनिश्चित करने, कमरों की साफ- सफाई,परिसर की साफ-सफाई, जेनरेटर की रिपेयरिंग कराने, स्टोर रूम की व्यवस्था कराने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया। रसोई घर व शौचालय में साफ-सफाई बेहतर व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया।

**मानसून से पहले ही पुल निर्माण पूर्ण कराने का निर्देश**

उपायुक्त ने कुडू प्रखंड के गितिलगढ़ पंचायत में कोयल नदी पर बन रहे उच्च स्तरीय पुल का निरीक्षण किया। इसमे ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के पदाधिकारियों/अभियन्ता को निर्माण कार्य मानसून से पूर्व पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही गुणवत्ता का भी ध्यान रखने एवं इसे बरकरार रखने का निर्देश दिया। यह उच्च स्तरीय पुल मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत स्वीकृत है। यह पुल टाटी और खरता ग्राम को गितिलगढ़ से जोड़ती है।

**एकलव्य आवासीय विद्यालय**

उपायुक्त ने कैरो प्रखंड के एकलव्य आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस विद्यालय में उपायुक्त ने क्लासरूम, एस्ट्रोनॉमी व स्पेस लैब, छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था, छात्रावास, मॉड्यूलर किचेन, मेस आदि का निरीक्षण किया और प्रधानाध्यापिका से विद्यालय में अन्य निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की। छात्र-छात्राओं के लिए खेलने की समुचित व्यवस्था कार्य को जल्दी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

**झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण**

उपायुक्त ने कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय कैरो का निरीक्षण किया। इसमें क्लासरूम, माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन कक्ष, छात्रावास,सुरक्षा व्यवस्था, शौचालय की साफ-सफाई, खेल के मैदान का निरीक्षण किया। इसमें उपायुक्त ने खेल के मैदान का समतलीकरण कराने हेतु प्राक्कलन बनाने का ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल को निर्देश दिया। साथ ही इसमें जल निकासी की भी व्यवस्था किये जाने की भी बात कही गयी। उपायुक्त ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए ज्यादा से ज्यादा मेहनत करने का संदेश दिया। 10वीं व 12वीं की परीक्षा में विद्यालय के 100% रिजल्ट के लिए सभी छात्राओं, शिक्षकों व वार्डन/प्रधानाध्यापिका को उपायुक्त ने बधाई दी। इसके उपरांत उपायुक्त ने बच्चों व पूरे विद्यालय परिवार के साथ विद्यालय सभागार में ही भोजन किया। भोजन कर उपायुक्त ने खाने की गुणवत्ता की जांच की और भोजन की गुणवत्ता से संतुष्ट दिखे। साथ ही प्रधानाध्यापिका को निर्देश दिया कि भोजन की गुणवत्ता इसी तरह बरकरार रखी जाए।

**प्रखंड-अंचल का निरीक्षण**

उपायुक्त ने प्रखंड और अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। उन लाभुकों को आवास पूर्ण कराते हुए जियो टैगिंग कर योजना पूर्ण किये जाने का निर्देश आवास कॉर्डिनेटर को दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किस्त की राशि की समीक्षा की गई और डिमांड भेजे जाने का निर्देश दिया गया। 15वां वित्त योजना अंतर्गत व्यय की समीक्षा की गई। जाति/ आवासीय/ आय/ जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन अंचल स्तर पर ही प्राप्त कर उसकी प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आम बागवानी की योजना आगामी योजना में वृहत रूप से स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया। राशन कार्ड धारकों को राशन नियमित रूप से व निर्धारित मात्रा में दिए जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कार्यालय परिसर में अवस्थित अंचल कार्यालय, प्रखंड आपूर्ति कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय, आधार केंद्र, सामाजिक सुरक्षा कार्यालय, जलछाजन कार्यालय का निरीक्षण किया एवं विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया गया। रोकड़ पंजी, आगत-निर्गत पंजी, आवेदन पत्रों की प्रविष्ट का अवलोकन किया गया और रियल टाइम पर आवेदनों की प्रविष्टि किये जाने का निर्देश दिया। साथ ही जो भी आवेदन आएं उसे सूचीबद्ध करते हुए उसका निदेश दिया।उपायुक्त ने अंचल कार्यालय, सर्किल इंस्पेक्टर ऑफिस, कर्मचारी ऑफिस में भी रोकड़ पंजियों का अवलोकन किया। प्रखंड व अंचल कार्यालय में सभी कार्यालयों में साइनेज लगाए जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कैरो प्रखंड कार्यालय के समीप अवस्थित बौद्ध मठ का जीर्णोद्धार प्रारंभ कराते हुए मानसून से पहले कार्य पूर्ण करने का निर्देश अभियंता, ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल को दिया। निरीक्षण में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाईक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, प्रखंड विकास पदाधिकारी छंद भट्टाचार्जी, अंचल अधिकारी शिला उरांव व अन्य उपस्थित थे।

## जोरदार बारिश, तेज आंधी व ओला वृष्टि से जनजीवन हुआ अस्तव्यस्त





झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातू:** पतरातु रांची मुख्य मार्ग एवं बिजली के तारों व ट्रांसफार्मर पर गिरे कई पेड़ बिजली भी हुई बाधित गुरुवार दोपहर अचानक पतरातू क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश ,तेज आंधी व ओलावृष्टि ने पतरातू क्षेत्र के जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। तेज आंधी के कारण रांची पतरातू मार्ग के कई जगहों पर भारी भरकम पेड़ के गिर जाने से सड़क मार्ग हुआ अवरुद्ध। वहीं बिजली के तारों तथा ट्रांसफार्मर पर पेड़ों के गिरने से बिजली आपूर्ति भी ठप रही।जिसमें पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के ठीक सामने एक ट्रांसफार्मर में बड़े वृक्ष के गिर जाने से बिजली बाधित हुई। वहीं उसी जगह पर दूसरा पेड़ गिरने से सड़क मार्ग भी अवरुद्ध हुआ। अचानक आए इस तेज बारिश तथा आंधी ने पूरे क्षेत्र के जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया।

## विद्यानगर निवासियों ने मुख्य अधिशासी अधिकारी से मुलाकात की, किया स्वागत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रामगढ़** । विद्यानगर वार्ड नंबर 5 के निवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को रामगढ़ कैंटोनमेंट बोर्ड के नवपदस्थापित मुख्य अधिशासी अधिकारी श्री विवेक सिंह से उनके कक्ष में जाकर औपचारिक मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सर्वप्रथम श्री सिंह को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया तथा उनके निर्देशन में रामगढ़ क्षेत्र की बेहतर विकास की कामना की ।इसके बाद विद्यानगर की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। उक्त जानकारी देते हुए प्रतिनिधिमंडल के वरीय सदस्य ओ पी शर्मा ने बताया कि विद्यानगर रोड नंबर एक के बगल में जल निकासी के लिए स्थित बड़े नाले की तलछटीकरण एवं मरम्मती की मांग रखी गई है। कालोनी की विभिन्न नालों के गहरीकरण के साथ मरम्मती कराने, कालोनी के रोड नंबर एक व दो सहित विभिन्न गलियों के पहुंच पथ की मरम्मती तथा रोड नंबर तीन का निर्माण कराने, हनुमान मंदिर के पास से प्राइम हास्पीटल तक मुख्य सड़क की मरम्मती कराने, स्कूल जाने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों के लिए रोड नंबर एक और दो के निकट मुख्य सड़क पर यात्री शेड निर्माण कराने , हनुमान मंदिर के पास पेयजल आपूर्ति के लिए ओपन नल के ऊपर पानी टंकी लगवाने, छोटकी मुर्राम तथा पतरातु बस्ती के इच्छुक निवासियों के घरों में पेयजल आपूर्ति पाईप लाइन पहुंचाने सहित कई महत्वपूर्ण मांगों पर अपनी बात रखी गई। मुख्य अधिशासी अधिकारी श्री विवेक सिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना। मौके पर जे ई मो फहीम तथा स्वास्थ्य निरीक्षक श्री नितिन ठाकुर को उन्होंने उचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने रामगढ़ बिजली औफिस जाकर कनीय अभियंता श्री रोहित तिवारी से मुलाकात कर बिजली से संबंधित मुद्दों पर मांगपत्र सौंपा । जिसमें मुख्य सड़क से रोड नंबर तीन होते हुए नव विकसित हो रहे कालोनी में बिजली के खंभे लगाने और एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। श्री तिवारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही संबंधित कर्मचारियों द्वारा उक्त मामले का सर्वे करवा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उक्त प्रतिनिधिमंडल में ओ पी शर्मा, सरजू प्रसाद, संतोष प्रसाद, प्रवीण कुमार, मनोज कुशवाहा, उमेश यादव प्रमुखता से शामिल रहे।

## पतरातू डैम में सैलानियों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी खुद ही महशुस कर रहे हैं असुरक्षित, गार्ड्स गए हड़ताल पर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सुरक्षा कर्मियों को 3 महीने से नहीं मिला है वेतन, 26 दिन के बाद चार दिन छुट्टी का काट लिया जता है पैसा**

**कमांडो सिक्योरिटी के फील्ड ऑफीसर प्रदीप प्रजापति ने सवालों का जवाब देने से सीधे किया इनकर**



**पतरातू:** पतरातू डैम में कार्यरत सुरक्षाकर्मी इन दिनों अपने एवं परिवारइक जिम्मेदारी को लेकर खुद ही असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दारअसल उनसे बात करने पर पता चला कि विगत दो तीन महीने से उनको उनका पेमेंट नहीं दिया जा रहा है। कार्य में रखने से पहले उन्हें बताया गया था कि 26 दिन ड्यूटी और चार दिन की छुट्टी का भी पैसा दिया जाएगा। मगर अभी इन चार दिनों का पैसा उनका काट लिया जा रहा है। सुरक्षाकर्मियों से बात करने पर उन्होंने कहा कि एक तो हमारा न्यूनातम मजदूरी भी इतना कम है की हम अपना परिवारइक जीवन बड़ी मुश्किल से निर्वाहन कर रहे हैं। सरकारी मानको7 में जो निश्चित की गई है हमें उससे भी वंचित रखा जता है। महंगाई के इस दौर में पीएफ काट कर हमें मात्र 10000 वेतन दिया जता है। उस पर भी चार दिनों की छुट्टी का पैसा अगर हमारा काट लिया जाए तो हम अपने परिवारइक जिम्मेवारियों का निर्वाहन कैसे कर पाएंगे। हमारे तो खाने पर भी लाले पाड़ाने की नौबता जाती है। इस बीच वहां मौजूद कमांडो सिक्योरिटी के फील्ड ऑफीसर प्रदीप प्रजापति तथा उनके साथ एक और फील्ड ऑफीसर से जब मीडिया कर्मियों ने सवाल किए तो वो गोल मोटोल जवाब देकर इसे टालने का प्रयास करते नजर आये। उनसे पूछने पर कि क्या सरकारी नियमों से भी आपके कमांडो सिक्योरिटी के जो नियम है वो अलग हैं। उन्होंने कहा कि हमको जवाब नहीं देना है और वो सवालों से बचते नजर आये। वहीं सुरक्षा कर्मियों का कहना है कि जब हम और हमारा परिवार ही सुरक्षित नहीं रहेंगे तो हम यहां आने वाले सैलानियों की सुरक्षा को कैसे सूनिश्चित कर पाएंगे। ऐसे में पतरातू डैम में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने सरकार व स्थानिया प्रशासन तथा अंचल अधिकारी से इस विषय में हस्तक्षेप कर उन्हें उचित न्याय दिलाने की मांग की है।

## महायज्ञ की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातू:** पतरातु न्यू मार्केट स्थित संकल्प वाटिका; पानी टंकी के प्रांगण में आयोजित होने वाली ₹श्री श्री 1008 प्रतिष्ठात्मक श्री राम महायज्ञ₹ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए यज्ञ समिति के सदस्य दिन-रात तैयारी में जुटे हुए हैं। गुरुवार को समिति के मुख्य सदस्यों द्वारा यज्ञ स्थल का निरीक्षण किया गया और तैयारियों की समीक्षा की गई। समित्ति धर्म आस्था व क्षेत्र में शांति खुशहाली के लिए इस महायज्ञ में पीटीपीएस नगर वासियों सहित पतरातू क्षेत्र की समस्त श्रद्धालुओं धमार्नुरागिंयों सामाजिक राजनैतिक जनप्रतिनिधियों आम जनो को आमंत्रित करती हैं तथा इस पुनीत धार्मिक अनुष्ठान में तन मन व धन से सहभागी बनने का आहवान किया है मौके प्रमुख रूप से यज्ञ आचार्य राधेश्याम दुबे, सहायक आचार्य सत्येंद्र दुबे, समाज सेवी संरक्षक सुजीत कुमार पटेल,अध्यक्ष अवधेश चौरासिया, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल सिंह, सचिव संटू सिंह, कोषाध्यक्ष अरुण शर्मा, निर्मल जैन, दिलीप साव, मनीष अग्रवाल, सुनील महतो, मनीष चौबे, रोहित सिंह, लक्की राव, सत्येन्द्र ठाकुर, सन्नी कुमार, अनिकेत कुमार, अंकित, इसान आनंद, उत्कर्ष टोप्पो, सिद्धार्त चौरसिया, राजा केशरी, बॉबी शर्मा, मोनू जैन व अन्य उपस्थित थे

यज्ञ 09.05.2026 से 15.05.2026 तक चलेगा।

## नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा अंग्रेजी राइम्स व हिंदी काव्य पाठ का भव्य आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।






**रामगढ़**।श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा अंग्रेजी राइम्स रेसिटेशन एवं हिंदी काव्य पाठ का भव्य और आकर्षक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा एक एवं कक्षा दो के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिससे वातावरण ज्ञान और संस्कृति के रंग में रंग गया। इसके पश्चात बच्चों ने मंच पर आकर विभिन्न अंग्रेजी राइम्स जैसे। ह्वट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टारह्वह्वजॉनी जॉनी यस पापाह्व आदि को लयबद्ध और उत्साहपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं हिंदी काव्य पाठ में बच्चों ने देशभक्ति, प्रकृति, नैतिक मूल्यों तथा बाल सुलभ भावनाओं से ओत-प्रोत कविताएँ सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।बच्चों की आकर्षक वेशभूषा, उनके भावपूर्ण हाव-भाव और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम को और भी मनमोहक बना दिया। छोटे-छोटे विद्यार्थियों द्वारा बिना झिझक मंच पर आकर अपनी प्रस्तुति देना उपस्थित अतिथियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर तालियों की गूंज से गूंजता रहा। विद्यालय के प्राचार्य महोदय ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ह्वहर बच्चा अपने भीतर एक विशेष प्रतिभा लेकर आता है, आवश्यकता केवल उसे सही दिशा देने और मंच प्रदान करने की होती है।ह्व उन्होंने बच्चों को निरंतर अभ्यास करने, निडर होकर अपनी बात रखने और सीखने के प्रति उत्सुक रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।प्राचार्य महोदय ने शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह आयोजन न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी प्रतिभा को निखारने का एक उत्कृष्ट अवसर भी सिद्ध हुआ।अंग्रेजी राइम्स रेसिटेशन में कक्षा एक से अबीर मंडल, दृष्टि कुमारी, जाकिर अहमद, शिवांश शेख,अदिति कुमारी, देवांश शौर्य तथा दूसरी कक्षा से अयांश रंजन , रेयांश राज, लक्खा कला अद्विथा, भावेश रंजन, सिया रॉय,प्रियांशी साहू, अनिका अनूप कुमार अद्विका मोदी, वंश डकरवाल तथा पल्लवी कुमारी ने भाग लिया। हिंदी कविता वाचन में कक्षा 1 से आयशा सत्यपति,शिवांश सिंह,रूद्र कुमार,पूर्वी कुमारी, प्रिंस राज, भौमिक प्रसाद तथा भूमि श्री एवं कक्षा 2 से काव्या मित्रा, आरुष पटेल, तरलीन कौर ,सानवी कुमारी, मानवी पांडे ,ओम नारायण ,सानवी वर्मा, आस्था केसरी , सानवी पांडे ,मनीष विश्वकर्मा आयशा फिरदौस , अक्ष सुबल,अभिनंदन गुप्ता तथा पहल गौतम ने भाग लिया।कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान श्री परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सम्माननीय सदस्य–सरदार मनमोहन सिंह लांबा,सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरिंदर पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरेंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह जग्गी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में चार दिवसीय सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




**रामगढ़** ।बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में कर्मचारियों के लिए 04 मई 2026 से 07 मई 2026 तक चार दिवसीय सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करना था। यह प्रशिक्षण डॉ लेखराज, फेक्टरी मेडिकल ऑफिसर द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों एवं व्यावसायिक इकाइयों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को बेसिक सीपीआर तकनीकों, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रिया तथा जीवन रक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। साथ ही, उन्हें व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से वास्तविक परिस्थितियों में आवश्यक कौशल विकसित करने का अवसर भी मिला। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न चरणों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का अंतिम सत्र आज सेंट्रल ट्रेनिंग हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता और सीखने के प्रति उत्साह देखने को मिला ।कंपनी प्रबंधन ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को कर्मचारियों की सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा की कर्मचारियों के सुरक्षा और स्वास्थ्य के मद्देनजर विभिन्न विषयों पर निरंतर प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है साथ ही सीपीआर प्रशिक्षित कर्मचारी बाहर भी किसी जरुरतमन्द की सहायता कर उसकी जान बचा सकता है। प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## गोला प्रखंड के दौरे के क्रम में उपायुक्त ने किया प्लस टू उच्च विद्यालय डिमरा का औचक निरीक्षण



**साफ-सफाई में लापरवाही, गंदगी एवं पंजी संधारण में अनियमितता पर जताई कड़ी नाराजगी**

**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के दौरे के क्रम में उपायुक्त ऋतुराज ने प्लस टू उच्च विद्यालय डिमरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जिस पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई। जगह-जगह गंदगी देखी गई तथा विद्यालय के विभिन्न अभिलेखों एवं पंजीयों का संधारण अद्यतन नहीं पाया गया। इस पर उपायुक्त ने संबंधित प्रभारी को कड़ी फटकार लगाते हुए नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करने एवं सभी पंजीयों का अद्यतन संधारण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि विद्यालय में उपलब्ध लैब, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय एवं शौचालय फंक्शनल स्थिति में नहीं थे। जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हो रही थीं। इस पर उपायुक्त ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्रभारी से एक सप्ताह के अंदर स्पष्टिकरण समर्पित करने का निर्देश दिया तथा सभी व्यवस्थाओं को अविलंब दुरुस्त करने को कहा। उपायुक्त ने विशेष रूप से शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि विद्यालयों में केवल उपस्थिति ही नहीं, बल्कि प्रभावी शिक्षण सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु नियमित कक्षाओं का संचालन, शिक्षण सामग्री की उपलब्धता एवं शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ किया जाए।निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 8 तक के कई शिक्षक बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जिससे पठन-पाठन कार्य बाधित हो रहा था। इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित 9 शिक्षकों के वेतन निकासी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के रसोईघर की साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। मध्याह्न भोजन से संबंधित व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा स्वच्छता के मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश भी उपायुक्त द्वारा दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित प्रखंड एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने एवं सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।

## गोला मार्केटिंग परिसर के निर्माण को लेकर उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

**अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अभियंताओं को संयुक्त रूप से रोडमैप तैयार करने का निर्देश**



**रामगढ़।** उपायुक्त ऋतुराज ने गोला क्षेत्र में डीवीसी चौक के समीप प्रस्तावित मार्केटिंग परिसर के निर्माण को लेकर स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित भूमि, उपलब्ध संसाधनों एवं प्रस्तावित निर्माण कार्य की संभावनाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं एवं सुझावों को विस्तार से सुना। स्थानीय नागरिकों ने मार्केटिंग परिसर के निर्माण से क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने तथा रोजगार के अवसर सृजित होने की बात कही। उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराया जाएगा।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला अंचल अधिकारी एवं संबंधित अभियंताओं को संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्थल की तकनीकी एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं का आकलन कर शीघ्र ही एक समग्र रोडमैप तैयार किया जाए, ताकि निर्माण कार्य को बिना विलंब प्रारंभ किया जा सके।उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि प्रस्तावित मार्केटिंग परिसर का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं दीर्घकालिक दृष्टिकोण से किया जाए, जिससे स्थानीय व्यापारियों एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से प्रक्रियाओं को पूर्ण करने एवं कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# स्वास्थ्य विभाग की गहन समीक्षा बैठक, अपर मुख्य सचिव ने इलाज में कोताही पर सख्त कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को राज्य के सभी सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, अपर सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज, डीआईसी डॉ सिद्धार्थ सान्याल, संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला समेत कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे. बैठक की शुरूआत हाल के दिनों में विभिन्न जिलों में हुई घटनाओं की समीक्षा से हुई. सरायकेला में मां-बेटी की मौत के मामले में वहां की सिविल सर्जन से जानकारी ली गई. बताया गया कि मामले की जांच जारी है. वहीं, गोड्डा की घटना में संबंधित सिविल सर्जन ने बताया कि ममता वाहन चालक, मरीज को ले जाने वाले सहिया और अस्पताल संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और सहिया की गिरफ्तारी भी हो चुकी है. इस पर अपर मुख्य सचिव ने सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और दोषियों को किसी भी हालत में नहीं बचाने का निर्देश दिया. रांची में मरीज की मौत के मामले पर सिविल सर्जन ने बताया कि मरीज को बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी. मामले की जांच जारी है. अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों को ऐसे मामलों में त्वरित जांच और कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

बैठक में हजारीबाग में बिना सामान आपूर्ति किए भुगतान किए जाने का मामला भी उठा. संबंधित सिविल सर्जन ने बताया कि मामला पुराना है, लेकिन हालिया जांच में सामने आया है. इस पर अपर मुख्य सचिव ने संबंधित सप्लायर को ब्लैकलिस्ट करने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि राज्य में प्रोक्योरमेंट-2024 लागू हो चुका है, इसलिए सभी सिविल सर्जन पिछले दो वर्षों का ऑडिट कर कमियों को दूर करें. मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रखरखाव योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सिविल सर्जनों को सीएचसी और पीएचसी स्तर तक जाकर निरीक्षण करने और अस्पतालों की वास्तविक स्थिति की तस्वीरें अपलोड करने का निर्देश दिया. आईसीयू, सीसीयू, इमरजेंसी और बेड की स्थिति का भी आकलन करने को कहा गया. उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस वर्ष की राशि सभी जिलों को उपलब्ध करा दी गई है और कहीं से शिकायत नहीं आनी चाहिए. एनएचएम के तहत पारा मेडिकल स्टाफ और तकनीशियन की बहाली पर उन्होंने कहा कि जिला वार सूची भेज दी गई है और दो माह के भीतर सभी रिक्त पद भरने होंगे. डीआईसी को राज्य स्तर से जेएसएससी को रिक्विजिशन भेजने का निर्देश दिया गया.

देवघर और गुमला में वेतन भुगतान मामलों की भी समीक्षा की गई. देवघर में गलत भुगतान की जांच जारी रहने की जानकारी दी गई, जबकि गुमला की सिविल सर्जन ने बताया कि पीएचसी और सीएचसी के मर्ज होने के कारण पोर्टल पर तकनीकी त्रुटि से गलतफहमी उत्पन्न हुई. बैठक में बीड श्रेणी के डॉक्टरों की उपस्थिति को लेकर भी सख्ती दिखाई गई. अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जो डॉक्टर अपने निर्धारित स्थान पर कार्य नहीं कर रहे हैं, उनकी तत्काल रिपोर्ट भेजी जाए ताकि कार्रवाई की जा सके. उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी डॉक्टर का मनमाने तरीके से ट्रांसफर नहीं किया जाए. पलामू में एक प्रभारी के वेतन कटौती का मामला सामने आने पर उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित सिविल सर्जन पर भी कार्रवाई होगी.

# रांची में राज्यपाल से मिली झारखंड बधिर क्रिकेट टीम, नेपाल डीफ क्रिकेट टी-20 सीरीज जीतने पर गवर्नर ने दी बधाई

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को झारखंड बधिर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दीपक यादव के नेतृत्व में प्रतिभावान खिलाड़ियों के एक शिष्टमंडल ने लोक भवन मुलाकात की. इस दौरान खिलाड़ियों ने राज्यपाल को तृतीय टी20 नेपाल डीफ क्रिकेट टूर सीरीज ऑफ इंडिया 2026 में टीम के शानदार प्रदर्शन और विजेता बनने की उपलब्धि की जानकारी दी.

### टीम के हौसले की राज्यपाल ने सरहाना की

शिष्टमंडल ने राज्यपाल को बताया कि सीमित संसाधनों और विषम परिस्थितियों के बावजूद टीम के खिलाड़ियों ने लगातार मेहनत और संघर्ष के दम पर यह सफलता हासिल की है. खिलाड़ियों ने कहा कि आर्थिक और संसाधनों की कमी के बावजूद टीम ने कभी हौसला नहीं खोया और अपने प्रदर्शन से झारखंड के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन किया.

### विजेता टीम को राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, समर्पण और टीम भावना का प्रतीक भी है. खिलाड़ियों ने अपने संघर्ष, प्रतिभा और कड़ी मेहनत से यह साबित किया है कि चुनौतियां कभी भी सफलता के रास्ते में स्थाई बाधा नहीं बन सकती.

### राज्य के युवाओं में अपार प्रतिभाः राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा कि क्रिकेट, देश का सबसे लोकप्रिय खेल है और यह गर्व की बात है कि झारखंड के खिलाड़ी क्रिकेट सहित विभिन्न खेल विधाओं में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं में अपार प्रतिभा मौजूद है, जिसे सही मंच और प्रोत्साहन मिलने की जरूरत है.

# मांडर में स्वयं सहायता समूहों को मिली गेहूं प्रसंस्करण मशीन व मिनी राइस मिल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** मांडर प्रखंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने वेजफेड के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों एवं प्राथमिक सहकारी समितियों के बीच गेहूं प्रसंस्करण मशीन और मिनी राइस मिल का वितरण किया. कार्यक्रम में कुल 40 प्रसंस्करण इकाइयां सौंपी गई. इस दौरान प्राकृतिक आपदाओं एवं दुर्घटनाओं से प्रभावित 65 लाभुकों के बीच कुल 17 लाख 24 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक भी वितरित किए गए.मंत्री ने कहा कि यह पहल केवल मशीन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार का महत्वपूर्ण प्रयास है. उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से परिवार, समाज और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है.साथ ही किसानों और ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है. कई किसान समूह जलाशयों में केज के माध्यम से मत्स्य पालन कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं. इसके अलावा गाय, बकरी, मुर्गी और भेड़ पालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि किसानों की अतिरिक्त आय सुनिश्चित हो सके. मंत्री ने बताया कि कम पानी में होने वाली मड़ुवा (रागी) की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार प्रति एकड़ तीन हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दे रही है.उन्होंने लोगों से सरकार की योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने की अपील की. कार्यक्रम में कहा गया कि कृषि आधारित प्रसंस्करण इकाइयों को गांव स्तर तक पहुंचाने से स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय स्तर पर कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण की सुविधा मिलेगी. इससे उनकी आय बढ़ेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्यमिता को बल मिलेगा.मौके पर वेजफेड के एमडी अभिनव मिश्रा, अंचलाधिकारी चंचला कुमारी, डीपीएम अभिषेक चांद, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का समेत कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे.

# सदर अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** झारखंड के रांची के सदर अस्पताल में एक मरीज की मौत के बाद इलाज की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. बुढ़मू निवासी संतोष कुमार साहू की मौत को लेकर परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया. संतोष कुमार साहू को अचानक पेट में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद वह मंगलवार की रात करीब 11 बजे खुद गाड़ी चलाकर रांची के सदर अस्पताल पहुंचे. अस्पताल पहुंचने के बाद उन्हें बताया गया कि इमरजेंसी में बेड उपलब्ध नहीं है. चिकित्सा कर्मियों ने उनकी प्राथमिक जांच-पड़ताल करते हुए मरीज को पीलिया बताया, इसके बाद उन्हें पांचवां तल्ला पर वार्ड में एडमिट करने को भेज दिया गया. जब वह वहां गए तो वहां भी उन्हें बिस्तर उपलब्ध नहीं कराया गया. इसके बाद उनके परिजन बाहर के रेडियोलॉजी सेंटर ले जाकर उनका अल्ट्रासाउंड कराया. बुधवार सुबह के बाद उनकी तबियत ज्यादा बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उन्हें वापस दिन में एक बजे के करीब अस्पताल में दाखिल कराया.

### मौत के बाद परिजनों का हंगामा

अस्पताल के इमरजेंसी में लाने के बाद उनकी मौत हो गई. इसके बाद परिजन ने नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद मेडिकल स्टाफ से उपचार में लापरवाही बरतने की शिकायत करने लगे. अस्पताल में दो घंटे तक हंगामा चलता रहा. हंगामा की सूचना पाकर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ विमलेश कुमार सिंह अन्य पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा-बूझाकर शांत कराने की कोशिश की.

# झारखंड में बढ़ते हीटवेव खतरे पर मंथन, जलवायु संकट का असर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**रांची।** असर सोशल इम्पैक्ट एडवायजर्स और रांची प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रांची प्रेस क्लब में हीट वेव जागरूकता एवं प्रतिक्रिया विषय पर मीडिया कार्यशाला एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गर्मी, हीटवेव के प्रभाव, मीडिया की भूमिका और आम लोगों के सामने खड़ी चुनौतियों पर गंभीर चर्चा करना था. कार्यशाला में मौसम वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों, चिकित्सकों और वरिष्ठ पत्रकारों ने भाग लिया. कार्यक्रम की शुरूआत नसीरुद्दीन शाह द्वारा निर्मित और तेज सिसोदिया द्वारा निर्देशित लघु फिल्म इट्स ओनली 47 डिग्री के प्रदर्शन से हुई. फिल्म में हीटवेव की भयावह स्थिति को संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत किया गया. रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष शंभुनाथ चौधरी ने इस मौके पर कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. असर के क्लाइमेट एक्शन डायरेक्टर मुन्ना झा ने कहा कि मीडिया हीटवेव जैसे गंभीर संकट को आम जनता और नीति-निमार्ताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि हीटवेव के कारण वाष्पीकरण की प्रक्रिया तेज हुई है, जिससे तूफान और वज्रपात की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है. उन्होंने बताया कि झारखंड के लिए पिछला दशक सबसे अधिक गर्म रहा है और वर्ष 2026 में ह्युसुपर अल नीनोह्ल विकसित होने की आशंका है, जिसका असर मानसून और वैश्विक तापमान पर पड़ेगा. उन्होंने कहा कि जब मैदानी इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है, तो उसे हीटवेव माना जाता है और इसका सबसे ज्यादा असर गरीब एवं मेहनतकश वर्ग पर पड़ता है. रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नीतीश प्रियदर्शी ने कहा, धरती खुद को री-बैलेंस कर सकती है, लेकिन चुनौती इंसानों के अस्तित्व को बचाने की है. उन्होंने कहा कि रांची में तेजी से बढ़ते कंक्रीट निर्माण ने शहर को अर्बन हीट आइलैंड में बदल दिया है. उन्होंने प्राकृतिक जंगलों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि सदियों पुराने जंगलों की भरपाई संभव नहीं है. वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्रा ने कहा कि हिंदी मीडिया का कवरेज क्षेत्र व्यापक है, लेकिन ग्राउंड रिपोर्टिंग और स्थानीय जलवायु के अनुरूप नीति निर्माण को लेकर और गंभीर प्रयास की जरूरत है.

# सड़क विवाद में मारपीट व राइफल छीनने वाले 7 गिरफ्तार, सभी आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** रातू थाना क्षेत्र में सड़क पर गाड़ी पास और हाई बीम लाइट को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट और लाइसेंसी राइफल छीनने के मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. घटना 5 मई की रात मालमाडु गांव के पास तारूप जाने वाली सड़क पर हुई थी. बताया गया कि महिंद्रा वश में सवार सतीश कुमार और उनके सहयोगी की सामने से आ रहे पिकअप वैन सवार लोगों से साइड देने और लाइट डिम नहीं करने को लेकर कहासुनी हो गई. विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें वश सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों का इलाज मेडिका अस्पताल में चल रहा है. मारपीट के दौरान आरोपियों ने सतीश कुमार का लाइसेंसी 315 बोर राइफल छीन लिया और फरार हो गए. मामले में रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया. पुलिस ने मुरचू गांव समेत कई स्थानों पर छापेमारी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों में मुरचू गांव निवासी सतीश उरांव, सुखनाथ गोप, दासुवा उरांव, रंजीत गोप और सोमरा उरांव शामिल हैं. वहीं, होचर पतरा टोली निवासी विपिन उरांव और गुमला जिले के भरनों थाना क्षेत्र के खाखसी टोला निवासी बबलू अहीर को भी गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर छीना गया लाइसेंसी 315 बोर राइफल और घटना में प्रयुक्त पिकअप वैन JH01-EF-4034 बरामद कर लिया है.

# बगांल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का दीदार कर सकेंगे रांचीवासी ! 8 मई से बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में 08 मई से 10 मई तक बांग्ला सांस्कृतिक मेला-2026 का आयोजन बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से किया जाएगा. मेला से जुड़ी जानकारी साझा करने के लिए ट्रस्ट के संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन किया. इस दौरान उन्होंने बताया कि आगामी 8,9 और 10 मई को बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान (जेल पार्क, न्यूक्लियस मॉल के सामने) 2026 का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रवेश पूरी तरह निशुल्क होगा. उन्होंने बताया कि रवींद्रनाथ टैगोर की 165 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर इस मेला का आयोजन हो रहा है. वहीं, 9 मई को मेला के दौरान कई विशेष कार्यक्रम रवींद्रनाथ टैगोर को समर्पित होंगे. 8 मई को मेला का उद्घाटन बिरसा मुंडा स्मृति पार्क के ग्राउंड में सुबह 10 बजे ध्वजारोहन के साथ होगा. 11 बजे बांग्ला परंपरा के अनुसार शंख ध्वनि और उलू ध्वनि प्रतियोगिता का आयोजन होगा. इसके बाद शाम सात बजे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मंत्री योगेंद्र प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा. उद्घा टन के बाद कोलकाता की प्रसिद्ध कलाकार अंकिता बनर्जी, शोभन सुंदर बोस द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति दी जाएगी.

उन्होंने बताया कि 9 मई सुबह 10 बजे रबीद्रनाथ टैगोर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित किया जाएगा. फिर 11 बजे रवींद्रनाथ टैगोर की जीवनी पर साहित्य संवाद का आयोजन होगा. शाम 6 बजे झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो की गरिमामय उपस्थिति के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत होगी, जिसमें मंच के सदस्यों द्वारा सामूहिक बंगला गीत प्रस्तुत किया जाएगा. उसके बाद रांची की संस्था नृत्यशाला की ओर से नृत्य की प्रस्तुति होगी. इसके बाद कोलकाता के कलाकार निलंजना घोष दस्तीदार और दीप चटर्जी रंगारंग प्रस्तुति देंगे. सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि बांग्ला सांस्कृतिक मेले के अंतिम दिन 10 मई की सुबह 10 बजे ड्राइंग प्रतियोगिता और शाम में कोलकाता के कलाकारों द्वारा जुगलबंदी सैक्सोफोन, सितार की प्रस्तुति होगी. इसके साथ ही कोलकाता के ही कलाकारों की काया बैंड की प्रस्तुति होगी. बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि मेले के अंतिम दिन 10 मई को शाम 7 बजे राज्य के मुख्यमंत्री हेमत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने के आग्रह पर अपनी सहमति जताई है. सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि मेला परिसर में 50 स्टॉल बंगाली व्यजन के साथ बंगाली परिधान और ज्वैलरी के होंगे, जो अपने आप में आकर्षक होगा.

# तमाड़ के जेगो तालाब में गिरी कार,दो युवकों की मौत



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

तमाड़। थाना क्षेत्र के चालाडीह गांव के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शादी समारोह से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर जेगो तालाब में जा गिरी। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रामगढ़ निवासी कमल जीत (42) तथा रामगढ़ के बरलंगा गांव निवासी रिक्की गुप्ता (40) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को कार से बाहर निकालकर एंबुलेंस से तमाड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विवि का दर्जा तो मिल गया, पर डीएसपीएमयू में बुनियादी सुविधाएं नदारद

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची आज झारखंड के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में गिना जाता है. पहले यह संस्थान रांची कॉलेज के नाम से जाना जाता था, जिसकी स्थापना वर्ष 1926 में हुई थी. लंबे समय तक रांची विश्वविद्यालय के अधीन संचालित होने के बाद 11 अप्रैल 2017 को इसे स्वतंत्र राज्य विश्वविद्यालय का दर्जा मिला. तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू की स्वीकृति के बाद यह आधिकारिक रूप से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय बना.

### विश्वविद्यालय बनने का उद्देश्य पूरा नहीं

विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने के पीछे सरकार और शिक्षा विभाग का मुख्य उद्देश्य यह था कि झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, स्थानीय और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें. रांची कॉलेज के समय से ही यहां बड़ी संख्या में जनजातीय और ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थी पढ़ाई करते रहे हैं. ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि विश्वविद्यालय बनने के बाद यहां शिक्षा व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा.

### यूनिवर्सिटी में मूलभूत सुविधाएं नहीं

हालांकि, विश्वविद्यालय बनने के लगभग नौ वर्ष बाद भी छात्रों का आरोप है कि संस्थान की स्थिति में बहुत ज्यादा सुधार नहीं हुआ है. छात्रों का कहना है कि प्रशासनिक भवनों और कुछ कार्यालयों को जरूर आधुनिक रूप दिया गया है, लेकिन कैंपस की मूल समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं. विश्वविद्यालय परिसर में जगह-जगह गंदगी और कचरे का अंबार देखने को मिलता है. कई शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि वहां जाना मुश्किल हो गया है. छात्र-छात्राओं का कहना है कि पीने के स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है. गर्मी के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है.

### छात्राओं के लिए अलग से कॉमन रूम नहीं

वहीं छात्राओं के लिए अलग से बेहतर कॉमन रूम की व्यवस्था नहीं होने को लेकर भी नाराजगी है. छात्रों का आरोप है कि सुविधाओं में सुधार किए बिना लगातार फीस वृद्धि की जा रही है. हाल ही में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा फीस बढ़ोतरी के निर्णय के बाद छात्रों में आक्रोश बढ़ गया है. विभिन्न छात्र संगठनों ने इसको लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है. छात्रों का कहना है कि जब विश्वविद्यालय में मूलभूत सुविधाएं ही उपलब्ध नहीं हैं, तब फीस बढ़ाना छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है.

### फीस वृद्धि को लेकर छात्रों में नाराजगी

कई छात्रों का कहना है कि डीएसपीएमयू में बड़ी संख्या में गरीब और ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं. ऐसे में फीस वृद्धि का सीधा असर उनकी पढ़ाई पर पड़ेगा. छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से पहले सुविधाएं बहाल करने और उसके बाद ही किसी प्रकार की फीस बढ़ोतरी करने की मांग की है. मामले को लेकर जब कुलपति प्रोफेसर राजीव मनोहर से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने हाल ही में पदभार ग्रहण किया है. विश्वविद्यालय की समस्याओं को गंभीरता से देखा और समझा जा रहा है.

# नाई समाज को संगठित करने के लिए पंचायतों में बनेगी कमेटी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बुंडू।** नाई समाज विकास समिति के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रमाणिक के निदेर्शानुसार अनुमंडल एवं पंचपरगना कमेटी के नेतृत्व में राहे पुरानानगर दुर्गा मंदिर परिसर में स्वजातीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजकुमार प्रमाणिक ने की, जबकि संचालन केंद्रीय सदस्य ठाकुर जीतमोहन प्रमाणिक ने किया। बैठक में पंचायत स्तर पर कमेटी गठन करने तथा प्रत्येक पंचायत में न्यूनतम 11 सदस्यों की टीम बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर साप्ताहिक अथवा मासिक बैठक आयोजित करने और प्रत्येक स्वजातीय परिवार से कम-से-कम एक सदस्य की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक परिवार से प्रति माह सहयोग राशि जमा की जाएगी, जिससे समाज के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, रोजगार, रिश्तेदारी, जागरूकता एवं संगठनात्मक कार्यों में सहयोग मिल सके। समाज में फैल रही कुरीतियों को समाप्त करने, घरेलू विवादों का सामाजिक स्तर पर समाधान करने तथा दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा सप्ताह में एक बार ह्लसंपूर्ण नाई एक हैंह्व व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से वर्चुअल बैठक आयोजित करने तथा समाज की सकारात्मक गतिविधियों और संदेशों को सार्वजनिक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राहे प्रखंड अंतर्गत पुरानानगर, बड़टांड़ समेत विभिन्न गांवों के दिलीप प्रमाणिक, आदित्य प्रमाणिक, लोबिन हजाम, दीपू प्रमाणिक, गौरांग प्रमाणिक, ओम कुमार प्रमाणिक, अक्षय प्रमाणिक, गौतम प्रमाणिक, विकास प्रमाणिक, हरेकृष्ण प्रमाणिक, लखन हजाम, अनिल प्रमाणिक तथा कुश ठाकुर को सर्वसम्मति से पंचायत स्तरीय कोर कमेटी सदस्य चुना गया। मौके पर पंचपरगना कमेटी के अध्यक्ष गणेश प्रमाणिक, उपाध्यक्ष अजीत प्रमाणिक एवं कोषाध्यक्ष हिमांशु प्रमाणिक समेत कई समाजसेवी उपस्थित थे।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ झामुमो का विशाल धरना प्रदर्शन, केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रेलवे स्टेशन चौक पर झामुमो कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन, एलपीजी, पेट्रोल और डीजल के दाम घटाने की मांग**



**साहिबगंज।** जिले के रेलवे स्टेशन चौक पर गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से बढ़ती महंगाई के विरोध में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे और केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल एलपीजी गैस के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर सीधा असर पड़ रहा है। झामुमो पार्टी महंगाई के मुद्दे पर देश की गरीब जनता के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने केंद्र सरकार से एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल कम करने की मांग की। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो झामुमो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो खाली गैस सिलेंडर से सड़क और रेल मार्ग को पाट दिया जाएगा। मौके पर जिला सचिव सुरेश टुडू, केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा, संजीव सामु हेंब्रम, जिला युवा मोर्चा सचिव मो. मारुफ उर्फ गुड्डू, प्रो. नजरुल इस्लाम, नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान, केंद्रीय समिति सदस्य सुरेंद्र यादव, अमरनाथ यादव, अखलाकुर रहमान, नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, प्रो. मोजम्मिल हक सहित सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कमलैन बगीचा में बाउल गान की धूम, भोलटू महलदार एंड ग्रुप ने बांधा समां



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राजमहल/साहिबगंज।** प्रखंड के कमलैन बगीचा (कन्हैयास्थान) गांव में बुधवार की रात हरिनाम संकीर्तन समिति की ओर से भव्य बाउल गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के शिमला से पहुंचे भोलटू महलदार एंड ग्रुप ने अपनी शानदार प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। बाउल गान को देखने और सुनने के लिए आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक पहुंचे थे। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत और बाउल संगीत प्रस्तुत कर पूरी रात माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। कार्यक्रम के दौरान गीत-संगीत के साथ आलोचना एवं सवाल-जवाब का दौर भी चला, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया और रातभर कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में समिति के अध्यक्ष कालीचरण मंडल, सचिव राजनंदन मंडल, कोषाध्यक्ष राजेश मंडल, रामदास मंडल, बलराम मंडल, राजकिशोर मंडल, हरिपद प्रमाणिक, वासुदेव मंडल, धर्मेंद्र मंडल सहित सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## जनता ने ममता राज को नकारा, अब विकास के रास्ते पर चलेगा बंगाल: नमन कुमार भारतीय



**रांची:** भाजपा युवा नेता एवं समाजसेवी नमन कुमार भारतीय ने पश्चिम बंगाल की राजनीति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है और विकास, सुशासन तथा पारदर्शिता के पक्ष में अपना समर्थन दे रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चले कुशासन, भ्रष्टाचार और हिंसा की राजनीति से परेशान जनता ने अब विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी है।नमन कुमार भारतीय ने कहा कि यह जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और भाजपा की राष्ट्रहित वाली सोच पर जनता के भरोसे को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि जनता ने साफ संकेत दिया है कि अब राजनीति सिर्फ वादों से नहीं, बल्कि विकास और काम के आधार पर होगी।उन्होंने आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने से पश्चिम बंगाल में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्योग के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। केंद्र और राज्य सरकार के बेहतर समन्वय से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे तथा महिलाओं और किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। भाजपा युवा नेता एवं समाजसेवी भारतीय ने कहा कि बंगाल की जनता ने लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है और आने वाले समय में राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल शांति, सुरक्षा और विकास के नए युग में प्रवेश करेगा और साथ ही उन्होंने भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और जनता के विश्वास ने यह ऐतिहासिक माहौल तैयार किया है।

उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत कम मरीजों के लाभान्वित होने पर कहा, जिले में आयुष्मान योजना का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं

**पाकुड़ :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हिरणपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने दवा वितरण कक्ष, रजिस्ट्रेशन कक्ष, बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), माइनर ओटी, डॉक्टर कक्ष, प्रसव कक्ष, एक्स-रे कक्ष तथा जांच घर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में प्रतिदिन आनेवाले मरीजों की संख्या एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन लगभग 100 मरीज स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु पहुंचते हैं। उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत कम मरीजों के लाभान्वित होने पर कहा कि जिले में आयुष्मान योजना का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक मरीजों को लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत 2 जीएनएम एवं 16 एएनएम की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सभी स्वास्थ्यकर्मियों की दक्षता एवं कार्य क्षमता का परीक्षण कराने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने प्रसव सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से बगल स्थित भवन में मैटरनिटी यूनिट विकसित करने का निर्देश दिया। साथ ही सीएचसी के लिए नव निर्मित भवन का भी निरीक्षण किया एवं सभी विभागों को नए भवन में शीघ्र स्थानांतरित करने का निर्देश दिया, ताकि मरीजों को बेहतर एवं व्यवस्थित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, संबंधित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे

## राजमहल प्रखंड कार्यालय में जनगणना प्रशिक्षण शुरू, प्रगणकों और सुपरवाइजरों को दी गई विस्तृत जानकारी




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राजमहल/साहिबगंज।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को जनगणना प्रशिक्षण के बैच संख्या 6 एवं 7 के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम दिन आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शामिल सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना से संबंधित विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक राजीव कुमार शर्मा, निलेश तिवारी, राजू झा एवं संतोष कुमार महतो ने उपस्थित कर्मियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, सर्वेक्षण के तरीके तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। इस दौरान पीपीटी के माध्यम से जनगणना से जुड़े विषयों को विस्तारपूर्वक समझाया गया। मौके पर पंचायत राज पदाधिकारी सूर्यनारायण चौधरी, बीपीओ गगन बापू, प्रभारी सांख्यिकी पदाधिकारी मो. शम्स आजम, जनगणना सहायक निरंजन गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना कार्य को सफल एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया।

# जिले में चमकी कोटालपोखर की प्रतिभा, सोनी कुमारी ने विज्ञान संकाय में हासिल किया शानदार मुकाम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।








**बरहरवा/साहिबगंज।** जिले के कोटालपोखर क्षेत्र की छात्रा सोनी कुमारी ने इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में 9वां एवं विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। +2 हाई स्कूल कोटालपोखर की छात्रा सोनी ने 453 अंक हासिल कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। वहीं विद्यालय के छात्र आर्यन कुमार ने 449 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया, जबकि आनंद कुमार ने 419 अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिसर सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल देखा जा रहा है। सोनी कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता - पिता के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा सिक्योर फ्यूचर एकेडमी के संचालक प्रीतम कुमार शर्मा को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई, अनुशासित माहौल और शिक्षकों की प्रेरणा ने उन्हें सफलता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कोटालपोखर स्थित सिक्योर फ्यूचर एकेडमी पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता है। संस्थान से हर वर्ष कई छात्र - छात्राएँ बेहतर अंक हासिल कर विद्यालय और जिला स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।नियमित टेस्ट एवं अनुभवी शिक्षकों की देखरेख इस संस्थान की विशेषता मानी जाती है। विद्यालय परिवार एवं कोचिंग संस्थान के शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण के दौरान स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब मिले खराब, डीसी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र दुरुस्त कराने का दिया निर्देश



**पाकुड़ :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने गुरुवार को पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, हिरणपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रावास व्यवस्था एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने चल रहे हिंदी एवं भूगोल की कक्षाओं का अवलोकन किया तथा छात्राओं से पढ़ाई से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय में संचालित कक्षाओं के समय एवं विषयवार पढ़ाई की जानकारी लेते हुए विद्यालय प्रबंधन से टाइम टेबल के संबंध में पूछताछ की। टाइम टेबल प्रदर्शित नहीं पाए जाने पर उन्होंने सभी कक्षाओं के लिए व्यवस्थित टाइम टेबल तैयार कर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यालय में स्थापित स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब खराब पाए गए, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश दिया, ताकि छात्राओं को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।इस दौरान छात्राओं ने विद्यालय में शिक्षकों की कमी की समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए बेहतर शिक्षा एवं अनुशासन के लिए प्रेरित किया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण के प्रति जागरूक रहने की अपील की।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्रावास में उपलब्ध व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली तथा छात्राओं से भोजन, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में बातचीत की। उन्होंने छात्राओं से यह भी पूछा कि वे कौन-कौन से खेल खेलती हैं तथा खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही पीएम श्री योजना अंतर्गत प्राप्त राशि एवं उसके उपयोग की जानकारी ली।उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तर से एक टीम गठित की जा रही है, जो कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की उपलब्ध भूमि का चिन्हांकन करेगी। चिन्हित भूमि के आधार पर विद्यालय परिसर में प्लेग्राउंड, अतिरिक्त क्लासरूम एवं मल्टीपर्पस हॉल निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण के दौरान स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब मिले खराब, डीसी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र दुरुस्त कराने का दिया निहजारीबागः विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण एवं नशा के विरुद्ध अभियान को तेज करने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने पुलिस केंद्र से 92 मोटरसाइकिल दस्ते को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि मोटरसाइकिल दस्ता जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार गश्ती करेगा। विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले इलाके, बाजार, स्कूल-कॉलेज के आसपास, सुनसान रास्तों और नशा के अड्डों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। दस्ते को अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई, छिनतई, चोरी, अड्डेबाजी, मनचलों पर रोक लगाने तथा नशा के कारोबार पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने बताया कि इस पहल से पुलिस की विजिबिलिटी बढ़ेगी और आम लोगों में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा। मोटरसाइकिल दस्ते में प्रशिक्षित जवानों को शामिल किया गया है। सभी जवानों को वायरलेस सेट, आवश्यक उपकरण एवं सुरक्षा किट उपलब्ध कराए गए हैं।

# साहिबगंज में अवैध मिनी हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, बिहार एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में हथियार बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।






**साहिबगंज।** जिले के रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत केंदुआ आमगाछी गांव में पुलिस और बिहार एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में अवैध मिनी हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक दर्जन से अधिक आधे बने अवैध हथियार, तीन लेथ मशीन, लोहा पिघलाने की मशीन सहित भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, बिहार की राजधानी पटना में अवैध हथियार के साथ पकड़े गए एक युवक से पूछताछ के दौरान साहिबगंज कनेक्शन का खुलासा हुआ। युवक से मिले सुराग के आधार पर बिहार एसटीएफ ने साहिबगंज पुलिस के साथ संयुक्त टीम गठित कर रांगा थाना क्षेत्र के केंदुआ आमगाछी गांव में छापेमारी की। पुलिस जब बताए गए घर तक पहुंची तो मकान बंद मिला। इसके बाद टीम ने ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया। तलाशी के दौरान हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाली मशीनें और बड़ी संख्या में आधे तैयार हथियार बरामद किए गए। हालांकि छापेमारी के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। पुलिस के अनुसार, बरामद सामानों से स्पष्ट होता है कि यहां लंबे समय से अवैध हथियार बनाने का काम चल रहा था। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त घर में काफी दिनों से संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं। बताया जा रहा है कि यह मकान बिहार के एक व्यक्ति ह्वकीलह्व का है। मौके पर बरहरवा एसडीपीओ नितिन कुमार खंडेलवाल, बरहरवा इंस्पेक्टर संतोष कुमार राणा, रांगा थाना प्रभारी गौरव कुमार भगत, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह सहित बिहार एसटीएफ और पुलिस के कई अधिकारी मौजूद थे। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए झारखंड और बिहार में फैले अवैध हथियार नेटवर्क की जांच में जुट गई

## राधानगर पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी अभियान चलाकर दो वारंटी को गिरफ्तारकर भेजा जेल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**उधवा/साहिबगंज।** राधानगर थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर देर रात अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाकर दो वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार माननीय न्यायालय राजमहल से जारी जीआर संख्या 608/16 के वारंटी थाना क्षेत्र के बोतलू टोला फुदकीपुर निवासी सिदाम कर्मकार को गिरफ्तार किया गया। वहीं जीआर संख्या 266/23 के वारंटी महाजन टोला फुदकीपुर निवासी अरविंद मंडल को भी पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा। बताया गया कि दोनों वारंटियों के खिलाफ पूर्व से न्यायालय में मामले लंबित थे और गिरफ्तारी वारंट जारी था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया। राधानगर थाना पुलिस ने बताया कि की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर फरार वारंटियों एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## प्रखंड सभागार कक्ष में भारत की जनगणना को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड सभागार कक्ष एवं प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा में तृतीय फेज का प्रथम दिन गुरुवार को भारत की जनगणना को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। जानकारी के अनुसार बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रतिभागियों को हाउस लिस्टिंग सर्वे की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि इस बार जनगणना का पूरा कार्य एक विशेष मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। जिसके तहत प्रत्येक घर में जाकर आवश्यक जानकारी एकत्रित करनी होगी। प्रशिक्षकों ने तकनीकी रूप से जनगणना प्रक्रिया की बारीकी से सहज और व्यावहारिक ढंग से समझाया गया। मौके पर मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार साहा,राम बिहारी मंडल,मन्नू शेख,मो. हकीमुद्दीन शेख,शशिकांत,सुदिव्य मुखर्जी, प्रशिक्षु अब्दुल मन्नान,मोहन लाल साहा,सद्दाम हुसैन, ओमप्रकाश साहा,अमर स्वर्णकार, निरंजन मिश्रा, अब्दुल रज्जाक,जितेन मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

# बरसात से पहले वार्ड नंबर 07 में बड़े नाले की सफाई तेज, जलजमाव रोकने को युद्धस्तर पर अभियान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।






**साहिबगंज।** बरसात से पूर्व नगर परिषद के वार्ड नंबर 07 में बड़े नाले की सफाई अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। लंबे समय से नाला जाम रहने के कारण सड़क पर जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती रही है। इसी को देखते हुए सफाई कर्मियों, नगर परिषद कर्मियों, पदाधिकारियों एवं वार्ड पार्षद के सहयोग से व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। वार्ड पार्षद सुनीता सिन्हा ने बताया कि बरसात के दौरान लोगों को जलजमाव से राहत दिलाने के उद्देश्य से नालों की सफाई कराई जा रही है। साथ ही वार्ड के खराब पड़े बिजली पोल में लगी लाइटों की मरम्मत कर क्षेत्र में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने वार्ड के लोगों से अपील करते हुए कहा कि नाले में कचरा नहीं फेंकें, क्योंकि इससे जल निकासी बाधित होती है और बरसात में परेशानी बढ़ जाती है। वार्ड पार्षद सुनीता सिन्हा स्वयं वार्ड में घूम-घूमकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एनएच-80 पर गलत निर्माण के कारण पुराने नालों को नहीं जोड़ा गया, जिससे पानी का निकास बाधित हो रहा है। संवेदक द्वारा पूरे नाले को डस्टबिन की तरह छोड़ दिया गया है, जिसके कारण सड़क के दोनों ओर पानी जमा हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना समुचित जांच के ही संवेदक को भुगतान कर दिया गया होगा, जबकि नगर परिषद के सफाई कर्मियों को सफाई कार्य में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कई जगहों पर लोगों द्वारा नाले के ऊपर प्लेटफॉर्म बना दिए जाने से भी जल निकासी प्रभावित हो रही है। उन्होंने नगर परिषद से शहर भ्रमण कर तकनीकी स्तर पर समस्याओं का समाधान निकालने एवं नाला निर्माण की स्पष्ट एवं स्वच्छ व्यवस्था तय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सही योजना और व्यवस्था से ही शहर का समुचित विकास संभव है।वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद सुनीता सिन्हा के साथ पूर्व पार्षद जयप्रकाश सिन्हा भी मौजूद थे।

# उपायुक्त हेमंत सती ने की कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा, योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**

**तालाबों की सूची मत्स्य विभाग को देने, चेक डैम से टपक सिंचाई जोड़ने और युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देने पर जोर**



हजारीबागः उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में बुधवार, 07 मई 2026 को समाहरणालय सभागार में कृषि, भूमि संरक्षण, पशुपालन, गव्य, उद्यान एवं मत्स्य विभाग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

**कृषि विभागः बीज वितरण में तेजी लाने का निर्देश**

उपायुक्त ने बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत गेहूं एवं सरसों बीज वितरण की स्थिति की जानकारी ली। ब्लॉकचेन तकनीक से किसानों के पंजीकरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में बीज वितरण नहीं हुआ है, वहां एटीएम एवं बीटीएम को सक्रिय कर शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए।

बिरसा बीज विनिमय योजना 2025-26 के अंतर्गत सभी पंजीकृत पैक्स को क्रियाशील बनाए रखने एवं बीज वितरण करने को कहा। साथ ही मृदा जांच, सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण में तेजी लाने, डीएलसीसी बैठक आयोजित करने, एग्री क्लिनिक एवं कृषक पाठशाला के संचालन की भी समीक्षा की गई।

**भूमि संरक्षणः तालाबों की सूची मत्स्य विभाग को दें**

वर्ष 2025-26 में निर्मित तालाबों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने सभी तालाबों की सूची मत्स्य विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि लाभुक समितियों का गठन कर मछली स्पान वितरण कराया जा सके। सभी तालाबों के जीर्णोद्धार, जल निधि, पकोर्लेशन टैंक एवं डीप बोरिंग निर्माण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। चेक डैम निर्माण की तैयारी शीघ्र प्रारंभ करने को कहा।

**लघु सिंचाईः 13 चेक डैम से सिंचाई जोड़े**

2025-26 में निर्मित 13 चेक डैम का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए पीएम कुसुम योजना अथवा भूमि संरक्षण विभाग के माध्यम से पंपसेट उपलब्ध कराकर किसानों को सिंचाई से आच्छादित करने का निर्देश दिया, ताकि डैम के जल का उपयोग टपक सिंचाई प्रणाली के माध्यम से किया जा सके।

**पशुपालनः सभी योजनाओं में शत–प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें**

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत ब्रायलर कुक्कुट पालन, सूकर विकास, बैकयार्ड कुक्कुट पालन, बकरा विकास, बत्तख चूजा वितरण एवं जोड़ा बैल वितरण सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने को कहा। निर्देश दिया गया कि इस वित्तीय वर्ष में पीएमकेएसवाई एवं जलछाजन योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को कृषि, उद्यान एवं पशुपालन विभाग के समन्वय से शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाए।

**स्किल डेवलपमेंटः युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दें**

उपायुक्त ने आरसीटी, नियोजन एवं जेएसएलपीएस के माध्यम से युवाओं को प्लंबर, सोलर टेक्नीशियन, ड्राइविंग, इलेक्ट्रीशियन एवं कुक जैसे व्यवसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर जोर दिया, ताकि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुमार जयमंगल सिंह (अनूप ) को धनबाद लोकसभा प्रभारी बनाए जाने पर धनबाद के कांग्रेसियों पर हर्ष की लहर



**सिंदरी/ धनबाद** ।बेरमो विधायक एवं झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुमार जयमंगल सिंह (अनूप सिंह) को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा धनबाद लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कार्यकताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा जारी अधिसूचना में अनूप सिंह को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक अनुभव एवं जनसरोकारों से जुड़े कार्यों को देखते हुए पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है।कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने कहा कि अनूप सिंह के नेतृत्व में धनबाद लोकसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को आम जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया जाएगा।कार्यकताओं ने विश्वास जताया कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में उनकी सक्रिय भूमिका से कांग्रेस को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। नियुक्ति की घोषणा के बाद समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी जाहिर की।

## नवनियुक्त महिला पर्यवेक्षिकाओं को समर अभियान का दिया गया प्रशिक्षण



**पाकुड़ :** कुपोषण एवं एनीमिया उन्मूलन को लेकर जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्य करने का दिया गया निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पाकुड़ बसंती ग्लाडिस बाड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को नवनियुक्त महिला पर्यवेक्षिकाओं के लिए प्रशिक्षण सह मार्गदर्शन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवपदस्थापित महिला पर्यवेक्षिकाओं को विभागीय योजनाओं, दायित्वों एवं आगामी कार्यों से अवगत कराना था। बैठक में ह्यसमरह्ण अभियान पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए नवनियुक्त महिला पर्यवेक्षिकाओं को उनके कार्यों एवं दायित्वों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं एवं बच्चों तक पहुंचाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को अपने कार्यों के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार रहने का निर्देश देते हुए क्षेत्र में नियमित मॉनिटरिंग एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने को कहा।बैठक के अंत में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा विभागीय कार्यों से संबंधित डायरी का वितरण किया गया तथा सभी नवनियुक्त महिला पर्यवेक्षिकाओं को अपने- अपने आवंटित प्रखंडों में तत्काल योगदान देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई नियुक्तियों से जिले में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में और अधिक तेजी, पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता आएगी।

## इंटर टॉपर को सम्मानित किया गया



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बलियापुर /धनबाद।** बंदरचूआं गांव निवासी नवीन कुमार महतो के सुपुत्री और पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बलियापुर की 12वीं आर्ट्स की छात्रा शीतल महतो ने इस वर्ष आर्ट्स संकाय में प्रखंड टॉपर के साथ-साथ जिला में सेकंड टॉपर हुई। उन्होंने कुल प्राप्तांक में 448 यानी 89.60% प्राप्त किया है। गुरुवार को कुड़मी समाज के नेता स्वपन कुमार महतो, त्रिलोचन महतो, विश्वजीत महतो, शेखर महतो, सुबल महतो, उनके आवास जाकर उन्हें अंगवस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर पिताजी नवीन कुमार महतो सहित परिवार के सभी लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर उप प्रमुख प्रतिनिधि सह समाजसेवी स्वपन कुमार महतो ने कहा कि शीतल महतो ने समाज के साथ पूरे बलियापुर का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि शीतल महतो को हर संभव मदद किया जाएगा।

# उपायुक्त ने जनगणना 2027 को लेकर प्रगणकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में लिया भाग

**जनगणना को बताया देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय प्रक्रिया**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने गुरुवार को हिरणपुर प्रखंड सभागार में जनगणना-2027 के सफल संचालन को लेकर आयोजित प्रगणकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रगणकों से संवाद करते हुए जनगणना की प्रक्रिया, उसकी उपयोगिता एवं जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।उपायुक्त ने कहा कि भारत की जनगणना विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जो देश की विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के वितरण एवं नीतिगत निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन का आधार होते हैं, इसलिए इसकी शुद्धता एवं पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। प्रगणक विशेष मोबाइल एप के माध्यम से घर-घर जाकर आंकड़ों का संग्रहण करेंगे, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं प्रभावी बनेगी। उपायुक्त ने बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं भवन गणना तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 मई से 15 मई 2026 तक सेल्फ एन्यूमरेशन, 16 मई से 14 जून 2026 तक हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन तथा फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना प्रस्तावित है। उन्होंने सभी प्रगणकों को पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी का उपयोग क्षेत्रीय कार्यों में प्रभावी रूप से करें, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों एवं आमजनों से भी अपील करते हुए कहा कि जनगणना-2027 में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा निर्धारित अवधि के दौरान सेल्फ एन्यूमरेशन एवं हाउस लिस्टिंग प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करें।

## एनवाईएसइंटरनेशनल एकेडमी बसारिया पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, छात्रों ने स्वागत गीत से किया अभिनंदन

**बसारिया/हजारीबागः** NYS इंटरनेशनल एकेडमी, बसारिया में बुधवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं मुकुंद साव का आगमन हुआ। विद्यालय पहुंचने पर छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहीं विद्यालय के प्रबंधक व प्राचार्या ने पुष्पगुच्छ देकर उनका भव्य स्वागत किया।

**विद्यालय के लिए गौरव का दिन :** सांसद के आगमन को विद्यालय परिवार ने गौरव और हर्ष का विषय बताया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि उनके आगमन से सभी सम्मानित एवं प्रेरित महसूस कर रहे हैं।

**शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी** :माननीय सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि उन्होंने सदैव शिक्षा, युवा विकास एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पुस्तक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना है। शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार, नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या दीपशिखा मिश्रा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया और आगे भी उनका स्नेह एवं सहयोग बनाए रखने की अपेक्षा की। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार ठाकुर, अशोक गोस्वामी, हिरामन साहू, सुरेश शर्मा, प्राचार्या दीपशिखा मिश्रा, शिक्षकगण तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# धनबाद का जेपी अस्पताल कोल इंडिया से इम्पैनल, कोयला कर्मियों को मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**सिंदरी/धनबादः** कोयलांचल के हजारों वर्तमान और सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों के लिए चिकित्सा सुविधा को लेकर एक अच्छी खबर है। कोल इंडिया लिमिटेड ने धनबाद के बाईपास बलियापुर रोड पर स्थित जेपी अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर को अपने पैनल में शामिल कर लिया है। इस संबंध में कोल इंडिया मुख्यालय, कोलकाता ने आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।

**कैशलेस और पूर्ण क्रेडिट सुविधा का लाभ**




कोल इंडिया द्वारा जारी पत्र के अनुसार, यह सुविधा तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके तहत कोल इंडिया और उसकी सभी सहायक कंपनियों बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल, एनसीएल, एमसी एल, एसईसीएल, डब्लू सीएल, सीएमपीडीआईएल आदि के कार्यरत कर्मचारियों और उनके आश्रितों को इलाज की सुविधा मिलेगी। आपातकालीन स्थिति में कर्मचारी अपना पहचान पत्र दिखाकर ही शत-प्रतिशत कैशलेस इलाज करा सकेंगे।

सेवानिवृत्त कर्मियों (सीपीआरएमएस ई) को विशेष प्राथमिकता

रिटायर्ड अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी यह एक बड़ी सौगात है। सेवानिवृत्त कर्मी और उनकी पत्नियाँ, जो सीपीआरएमएस योजना के तहत पंजीकृत हैं, अपने 'फोटो मेडिकल कार्ड' के आधार पर अस्पताल में इनडोर और ओपीडी दोनों सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। डिस्चार्ज के समय मरीजों को सीजीएचएस नियमों के अनुसार दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। जेपी अस्पताल के चेयरमैन प्रदीप मंडल ने कहा कि जेपी अस्पताल आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम से लैस है। अब कोयला कर्मियों और विशेषकर बुजुर्ग पेंशनभोगियों को इलाज के लिए बड़े महानगरों की दौड़ नहीं लगानी होगी। हमारा मकसद केवल इलाज करना नहीं, बल्कि उन्हें घर जैसा माहौल और सम्मान देना है।

जेपी अस्पताल के एमडी नित्यानंद मंडल ने बताया कि कोल इंडिया के कर्मियों और उनके परिवारों को सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए एक डेडिकेटेड कॉर्पोरेट डेस्क शुरू किया गया है। यहाँ मरीजों को भर्ती करने से लेकर डिस्चार्ज तक की प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाएगी।

## छतरपुर में जल संकट से मिलेगी राहत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**नगर पंचायत ने 4 पानी टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**छतरपुरः** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते जल संकट को देखते हुए नगर पंचायत छतरपुर ने आम नागरिकों को राहत पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कार्यपालक पदाधिकारी, सिटी मैनेजर एवं वार्ड पार्षदों की मौजूदगी में 4 पानी टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये टैंकर नगर क्षेत्र के जल संकट प्रभावित वार्डों और मोहल्लों में नियमित पेयजल आपूर्ति करेंगे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी के मौसम में नागरिकों को पेयजल संकट से जूझना न पड़े, इसके लिए नगर पंचायत लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि टैंकरों के माध्यम से जरूरतमंद क्षेत्रों तक पानी पहुंचाने के साथ-साथ खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत एवं जलमीनारों को दुरुस्त करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।कार्यपालक पदाधिकारी ने जानकारी दी कि नगर पंचायत द्वारा पेयजल व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए चापाकलों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। आने वाले दिनों में नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के सभी वार्ड पार्षदगण, अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। नगर पंचायत ने नागरिकों से अपील की है कि जल संरक्षण को बढ़ावा दें तथा किसी भी जल संकट की स्थिति में नगर पंचायत हेल्प डेस्क से संपर्क करें।

## हिरणपुर प्रखंड में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के विपरीत, उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता



**पाकुड़ :** हिरणपुर प्रखंड मनरेगा अंतर्गत चल रही योजनाओं को लेकर अक्सर बदनाम रहा है, प्रखंड के कई पंचायत में योजनाओं में भारी अनियमितता एवं मानकों की अनदेखी की जाती है, प्रशासन को इस प्रखंड में संचालित सभी योजनाओं की निष्पक्षता के साथ जांच करनी चाहिए। गुरुवार को यह बात साबित भी हो गई कि मनरेगा अंतर्गत चल रही योजना मानकों के विपरीत है। दरअसल गुरुवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत बरमसिया पंचायत में मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया। यह योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में लाभुक बलीया राय की जमीन पर संचालित की जा रही है।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने योजना की प्रगति,पौधारोपण की स्थिति, रखरखाव एवं कार्य की गुणवत्ता की विस्तृत जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने ट्रेंच कटिंग एवं तालाब निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। कार्य की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को कार्य में तत्काल सुधार लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पौधों के संरक्षण, नियमित देखभाल, सिंचाई व्यवस्था एवं जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को गंभीरता से करने का निर्देश दिया, ताकि योजना का उद्देश्य सफल हो सके और लाभुकों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त हो।इसके अलावा उपायुक्त ने तेतुलिया डैम के समीप लाभुक लक्ष्मी देवी एवं मनोज यादव के बिरसा हरित ग्राम योजना का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पौधों की मोर्टालिटी अधिक पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। समीक्षा में यह बात सामने आई कि खराब गुणवत्ता वाले पौधों की उपलब्धता के कारण पौधों की क्षति हुई है। इसपर उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पौधों की मोर्टालिटी की भरपाई संबंधित आपूर्तिकर्ता से कराई जाए तथा संबंधित आपूर्तिकर्ता से कारण पृच्छा की जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा निम्न गुणवत्ता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना ग्रामीण क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने एवं किसानों की आय में वृद्धि करने की दिशा में सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए इसके क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, एई एवं जेई उपस्थित थे।

## छतरपुर में भारत जनगणना 2027 की शुरूआत, नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने किया स्व-गणना पंजीकरण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**नगर के कायार्पालक अधिकारी सह अभियान के नोडल ने लोगों को दिया प्रशिक्षण**




**छतरपुरः** भारत सरकार द्वारा आयोजित भारत जनगणना 2027 की शुरूआत नगर पंचायत छतरपुर में उत्साहपूर्वक की गई। नगर पंचायत छतरपुर के प्रथम नागरिक एवं नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेकर इसकी शुरूआत की। उन्होंने जनगणना पोर्टल पर पूछे गए सभी सवालों का उत्तर दर्ज कर नागरिकों को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि 1 मई से शुरू हुई स्व-गणना प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोग भाग लें और देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 16 मई से प्रगणक घर-घर जाकर नागरिकों से जानकारी एकत्र करेंगे तथा लगभग 34 प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे, जिनका सही एवं स्पष्ट उत्तर देना आवश्यक होगा। नगर अध्यक्ष ने कहा कि जनगणना देश की योजनाओं, संसाधनों और विकास कार्यों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी है।

मौके पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी और अभियान के नोडल अधिकारी फैजुर्र रहमान ने भी उपस्थित लोगों को जनगणना पारदर्शिता के साथ करने का आह्वान किया।

इस मौके पर नगर पंचायत के पार्षदगण, नगर प्रबंधक, 58 प्रगणक, 8 पर्यवेक्षक एवं नगर पंचायत के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# एनडीए क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनलः दोनों विधायकों ने बल्ले से शॉट लगाकर किया उद्घाटन, गाजे-बाजे के साथ हुआ भव्य स्वागत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**केरेडारी/हजारीबागः** एनडीए गठबंधन (बीजेपी+आजसू) क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का भव्य फाइनल मुकाबला गुरुवार को कृषि फार्म मैदान, केरेडारी में खेला गया। फाइनल मैच का उद्घाटन मांडू विधायक तिवारी महतो और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने बल्ले से शॉट लगाकर किया।

**राष्ट्रीय गान के साथ हुआ खेल प्रारंभ**

इससे पहले दोनों विधायकों का गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गान से हुई। मांडू विधायक तिवारी महतो भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनो विधायक, बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी स्वागतः भाजपा मंडल अध्यक्ष बालगोविंद सोनी ने किया।

**मांडू विधायक तिवारी महतो स्वागतः आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा मौके पर**

आजसू जिलाध्यक्ष परमेश्वर महतो,भाजपा जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह,प्रमुख सुनीता देवी,जिप सदस्य अनीता सिंह, आजसू जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो स्वागत आजसू युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष जागेशवर कुमार

**ये रहे मौजूद**

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, आजसू जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो, दक्षिणी जिला परिषद अनीता सिंह, प्रमुख सुनीता देवी, भाजपा केरेडारी मंडल अध्यक्ष बालगोविंद सोनी, बेलतु मंडल अध्यक्ष शेरु सिंह उर्फ सुनील राज सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव सह मंच संचालन , मंत्री चंद्रदेव साहू, आजसू प्रखंड उपाध्यक्ष विनोद सिंह, सलगा पंचायत अध्यक्ष रूपलाल महतो, केंद्रीय सदस्य लीलाधन साव, आजसू युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी जागेशवर कुमार, केरेडारी पूर्व मुखिया तपेश्वर साव, रवि जायसवाल, केंद्रीय सदस्य अनिल राम, उमेश कुमार दास , चोलेश्वर साहू, विश्वनाथ कुमार बादल,प्रदीप कुमार,सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**पुरस्कार वितरण**

फाइनल में फाइटर किंग इलेवन केरेडारी और टंडवा टाइगर्स के बीच मुकाबला हुआ। प्रथम पुरस्कार टंडवा टाइगर टीम 21,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार फाइटर 11 केरेडारी को 11,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार बेंगवरी 5,000 रुपये का चेक मांडू विधायक तिवारी महतो एवं बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी के हाथों विजेता टीमों को दिया गया। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए मांडू विधायक तिवारी महतो ने घोषणा की कि मैच में छक्का लगाने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को 1000 रुपये का नगद इनाम अलग से देने का ऐलान।

इस टूर्नामेंट के दर्शक गणों के द्वारा यह भी प्रस्ताव रखा गया कि इस कृषि मैदान में एक स्टेडियम बनवाया जाए इस बात का जवाब देते हुए मांडू विधायक तिवारी महतो ने आगे या कहा कि 15 सालों से राज करते आ रहे हैं विधायक यहां तक कि वह कृषि मंत्री योगेंद्र साहू रहे लेकिन अभी तक स्टेडियम नहीं हो पाया आप लोग जान ही गए खैर कोई बात नहीं हम दोनों विधायकों ने इसे मिलकर स्टेडियम बनवाने का विश्वास दिलाते हैं।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में झामुमो कार्यकताओं ने दिया एकदिवसीय धरना

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़**: जिले के गोकुलपुर स्थित पेट्रोल पम्प के समीप झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम जी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने केंद्र की ₹भाजपा सरकार₹ के गलत निर्णयों के कारण देश में बढ़ती महंगाई के विरोध में जिले के धनुसपूजा स्थित जिला झामुमो कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए गोकुलपुर स्थित पेट्रोल पम्प के समीप पहुँचकर एकदिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम ने किया। इस दौरान झामुमो कार्यकताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।वही धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन झामुमो जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने किया।इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार आज जिस मनमानी तरीके से एलपीजी गैस, डीजल व पेट्रोल की कीमत में वृद्धि करते जा रही है, उसका असर देश के गरीब जनता पर पड़ रहा है। देश के पूंजीपति लोग और अमीर बनते जा रहे है लेकिन गरीब के घर मे चुल्हा जलाना भी मुश्किल हो रहा है। हमारी झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी इस महंगाई के विरोध में देश की गरीब जनता के साथ खड़ी है। हमारे नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी पूर्व से ही गरीब-गुरबों के हक व अधिकारों की लड़ाई लड़ते आ रहे है। हमारी पार्टी आज केन्द्र की भाजपा सरकार से माँग करती है कि बढ़ाये गए एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल के दाम कम करें अन्यथा हमारा आंदोलन और उग्र होगा।वही झामुमो जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली व केंद्रीय समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के गलत नीतियों व निर्णयों के कारण आज देश का आम आदमी महंगाई की मार झेल रहा है। एलपीजी सिलिंडर के दामों में वृद्धि के कारण छोटे दुकानदार, होटल संचालक सहित आम आदमी का जीना दुभर हो गया है। हमारी पार्टी केंद्र की भाजपा से मूल्य वृद्धि को वापस लेने की मांग करती है।वही झामुमो जिला सचिव माइकिल मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र की भाजपा की सरकार को देश की आम जनता से कोई सरोकार नही है। आम आदमी के घर चुल्हा जलाना मुश्किल हो गया है। केन्द्र की भाजपा सरकार एलपीजी गैस की मूल्य वृद्धि को वापस लें।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी ने कहा कि ये जो महंगे दिन हमे देखना पड़ रहा है, आप यह भी नही कह सकते कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध के कारण एलपीजी गैस सिलिंडर, पेट्रोल व डीजल के दामों में वृद्धि हो रही है। चूँकि कई राज्यों में चुनाव हो रहे थे तब तक एलपीजी सिलिंडर, पेट्रोल व डीजल के दामों में कोई वृद्धि नही की जा रही है। इसे हमारी पार्टी कतई बरदाश्त नही करेगी।मौके पर जिला उपाध्यक्ष पीटर मरांडी, जिला संगठन सचिव अनारूद्दीन मियां, जिला संगठन सचिव मुसलोद्दीन अंसारी, जिला सह सचिव जहूर आलम, जिला सह सचिव लाल मोहम्मद अंसारी, जिला सह सचिव कुणाल अल्फ्रेड हेम्ब्रम, केंद्रीय सदस्य सह युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील टुडू, केंद्रीय सदस्य उमर फारूक, केंद्रीय सदस्य पिंकु शेख, केंद्रीय सदस्य मिथिलेश घोष, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष कदम रसूल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव दिलीप मरांडी, नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, नगर सचिव नूर आलम, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुसलोद्दीन शेख, सचिव राजेश सरकार, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष प्रसाद हाँसदा, सचिव जावेद आलम, अमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष श्यामलाल हाँसदा, सचिव जहीरुद्दीन मियां, महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल उदूद, पाकुड़िया प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा, सचिव मैनुद्दीन अंसारी, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपू मुर्मू, रेजाउल हक, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सुष्मिता मुर्मू, बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, पाकुड़ प्रखंड उपाध्यक्ष अजफारुल शेख, अमड़ापाड़ा प्रखंड के प्रखंड उपाध्यक्ष कालीदास मुर्मू, महेशपुर प्रखंड के प्रखंड उपाध्यक्ष एनामुल हक, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के प्रखंड उपाध्यक्ष रंजन साहा, जिला कार्यकारिणी सदस्य नारायण भगत, जिला कार्यकारिणी सदस्य अख्तर आलम, जिला मीडिया प्रभारी आफताब आलम, अमड़ापाड़ा प्रखंड के प्रखंड संगठन सचिव रंजीत पंडित, जब्बार अंसारी, रामसिंह टुडू, मोसरर्फ हुसैन, मोबारक हुसैन, हबीबुर्रहमान, अशोक भगत, सोनू आलम, मतीन अंसारी, राजेश यादव, एनामुल अंसारी, ईमरान आलम, सोनम हाँसदा, अंसुर अंसारी, फुरकान शेख, जाकिर हुसैन, सबूर अंसारी, तनवीर आलम, अब्दुल हलीम अंसारी, दयानंद भगत, मथियास टुडू, दिलीप रजवार, चारलेश मरांडी, ब्रेंथियूस, अन्ना हेम्ब्रम, सोनम हेम्ब्रम, विनीता मुर्मू, सुहागिनी मुर्मू, रिंकी मरांडी, एलिना सोरेन सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हजारीबाग में अड्डेबाजी व मनचलों पर पुलिस का शिकंजा, 51 लोगों को पीआर बॉन्ड पर दी हिदायत



**हजारीबागः** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के आदेशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अड्डेबाजी करने वालों एवं मनचलों के विरुद्ध बुधवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 51 व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ के बाद सभी को संबंधित थाना से पीआर बॉन्ड भरवाकर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया। ुलिस ने चेतावनी दी है कि भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर अड्डेबाजी करने या महिलाओं-लड़कियों से छेड़छाड़ करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और महिलाओं की सुरक्षा के लिए इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## संत जेवियर्स व डिनोबिली स्कूल के वाहनों पर किया 1.10 लाख का जुमार्ना




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**सिंदरी /धनबाद।**उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार तथा शुभम कुमार ने गुरुवार को धनबाद के संत जेवियर्स स्कूल तथा डिगवाडीह स्थित डिनोबिली स्कूल में स्कूली वाहनों की जांच की। जांच में संत जेवियर्स स्कूल के 3 वाहनों के कागजात सही नहीं पाए गए। उनपर मोटरवाहन अधिनियम के तहत 36450 रुपए का जुमार्ना किया गया। जबकि डिनोबिली स्कूल डिगवाडीह के 15 वाहनों पर 74650 रुपए का जुमार्ना किया गया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड सेफ़्टी इंजीनियर अमरेश कुमार, मुकुल कुमार तथा स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा होटल एवं किराना दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**स्वच्छता, फूड लाइसेंस एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन का दिया गया निर्देश**



**पाकुड़ :** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अनुपालन को लेकर गुरुवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ द्वारा जिले के विभिन्न होटल एवं किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में प्रतिष्ठानों के संचालकों को परिसर की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही बिना फूड लाइसेंस के खाद्य कारोबार नहीं करने तथा निर्धारित नियमों के अनुरूप लाइसेंस प्राप्त कर ही व्यवसाय संचालित करने को कहा गया।खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का प्रयोग नहीं करने का सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।निरीक्षण के दौरान एसएसबी ढाबा, गुरुकुल, वाणी आइसक्रीम, रामचंद्र, जमारूल शेख एवं शोहेल शेख को खाद्य सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजनों से भी स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री के उपयोग के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई।

## एसएचजी भवन निर्माण में भारी अनियमितता की आशंका, घटिया सामग्री इस्तेमाल होने की चर्चा



**हिरणपुर** : प्रखंड क्षेत्र के शहरपुर, मानसिंपुर, फतेहपुर, खजूरडांगा समेत विभिन्न पंचायतों में चल रहे रत्नक्ष(स्वयं सहायता समूह) भवन निर्माण कार्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य में व्यापक अनियमितता और भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है। चर्चा है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे भविष्य में भवनों की मजबूती और सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े हो सकते हैं।सूत्रों के अनुसार कई निर्माण स्थलों पर नई ईंटों के स्थान पर पुरानी एवं उखाड़ी गई ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कई जगहों पर ऐसी ईंटें लगाई जा रही हैं जो पहले किसी अन्य निर्माण में इस्तेमाल हो चुकी हैं। सूत्रों की माने तो यह भी चर्चा है कि यदि इसी प्रकार निर्माण कार्य जारी रहा तो भवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।विश्वसनीय सूत्रों का यह भी दावा है कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल किए जा रहे सरिया की गुणवत्ता भी संदिग्ध बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक कुछ स्थानों पर जंग लगे तथा पूर्व में उपयोग किए गए सरिया का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे भवन की मजबूती को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि सरकारी योजनाओं के तहत बनने वाले भवनों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।सूत्रों के हवाले से यह जानकारी भी सामने आई है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों के विपरीत बालू की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य से जुड़े जानकारों का मानना है कि यदि मानक सामग्री का उपयोग नहीं किया गया तो भवन की आयु कम हो सकती है और भविष्य में हादसे की आशंका भी बनी रह सकती है।निर्माण स्थलों पर सूचना पट नहीं लगाए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार अधिकांश जगहों पर योजना की लागत, संवेदक का नाम, कार्य अवधि और संबंधित विभाग की जानकारी देने वाला सूचना पट नहीं लगाया गया है। इससे आम लोगों को योजना से जुड़ी जानकारी नहीं मिल पा रही है और पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।यह भी चर्चा है कि निर्माण स्थलों पर तकनीकी निगरानी का अभाव दिखाई दे रहा है। सूत्रों का कहना है कि कई जगहों पर किसी कनीय अभियंता या संबंधित अधिकारी की नियमित उपस्थिति नहीं देखी गई। ऐसे में निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से यह आरोप भी सामने आया है कि कथित रूप से ठेकेदार, कनीय अभियंता और संबंधित सुपरवाइजर/इंजीनियर की मिलीभगत से यह कार्य किया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।सुत्रों कहना है कि यदि समय रहते मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो सरकारी धन का दुरुपयोग होने के साथ-साथ भविष्य में भवनों के क्षतिग्रस्त होने का खतरा भी बना रहेगा। आशंका जताई जा रही है कि घटिया निर्माण कार्य के कारण भविष्य में जनहानि जैसी गंभीर स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन को चाहिए कि सभी निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही दोषी पाए जाने वाले ठेकेदार, कनीय अभियंता एवं संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए,घटिया निर्माण कार्य को तत्काल रोकते हुए मानक के अनुरूप पुनर्निर्माण कराया जाए तथा सभी निर्माण स्थलों पर सूचना पट अनिवार्य रूप से लगाया जाए।स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर मामले पर शीघ्र संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करेगा ताकि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे और आम जनता का विश्वास प्रशासन पर कायम रह सके।

## महेशपुर के बदहाल सड़क ने लोगों का जीना किया मुश्किल, स्थानीय लोगों ने पक्की सड़क की रखी मांग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**महेशपुर :** प्रखंड मुख्यालय से महज लगभग 600 मीटर की दूरी पर स्थित मुस्लिम टोला की एक सड़क की बदहाल स्थिति ने विकास कार्यों की जमीनी हकीकत उजागर कर दी है। वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी इस सड़क और नाली की समस्या से स्थानीय ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि लोगों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जब सड़क पर जलजमाव और कीचड़ के कारण चलना तक मुश्किल हो जाता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई वर्षों से सड़क और नाली निर्माण का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन आज तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार चुनाव के समय जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को भुला दिया जाता है। लोगों का आरोप है कि मुख्यालय के इतने करीब होने के बावजूद सड़क और नाली जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव प्रशासनिक उदासीनता को दशार्ता है।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क जर्जर होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। कई जगहों पर सड़क टूटकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं नाली नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है, जिससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध का माहौल बना रहता है।स्थानीय लोगों में इस समस्या को लेकर काफी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब मुख्यालय के समीप स्थित इलाके की यह हालत है तो दूर-दराज गांवों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वर्षों से केवल आश्वासन ही मिल रहा है, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा।महेशपुर के ग्रामीणों ने क्षेत्र के विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी एवं सांसद विजय कुमार हांसदा से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क एवं नाली निर्माण की दिशा में पहल की जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जा सकता है।

स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता देते हुए जल्द कार्रवाई करेंगे ताकि वर्षों से बदहाल सड़क और नाली की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत मिल सके।

## पत्रकार एवं उसके भाई के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी का आरोप

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**सिंदरी/धनबाद।** धनबाद के मनोरम नगर में पत्रकार एवं युवक के साथ मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में धनबाद थाना में लिखित शिकायत देकर कॉलोनी निवासी कन्हैया सिंह के दो पुत्रों एवं उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के अनुसार, राष्ट्रीय न्यूज 24 की रिपोर्टर ऐश्वर्या उपाध्याय एवं उनके भाई वैभव उपाध्याय के साथ आरोपियों ने मारपीट की, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के दौरान गाली-गलौज एवं जान से मारने जैसी धमकियाँ भी दी गईं। घटना के बाद परिवार भयभीत एवं तनाव में है। पीड़ित परिवार ने मामले में मेडिकल रिपोर्ट भी पुलिस को सौंप दी है तथा उचित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इधर, ऑल इंडिया स्मॉल एंड मिडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रमंडल प्रभारी राजेश कुमार सिंह एवं जिला अध्यक्ष राहुल कुमार ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की है।

## बलियापुर अंचल में भू मापक (अमीन )प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू,11 मई 2026 से नामांकन

**सिंदरी/ धनबाद।** बलियापुर अंचल क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से अंचल स्तर पर भू मापक (अमीन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अपर समाहर्ता धनबाद के दिनांक 29 दिसंबर 2025 के आलोक में यह कार्यक्रम संचालित होगा। नामांकन की तिथि 11 मई 2026 से 22 मई 2026 तक निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अंचल कार्यालय परिसर ,बलियापुर में जाकर अपना नामांकन करवा सकते हैं। योग्यताः न्यूनतम मैट्रिक दसवीं उत्तीर्ण एवं उच्च योग्यता वाले अभ्यर्थी इस प्रशिक्षण के लिए पात्र होंगे। प्रशिक्षण की अवधि :कुल तीन माह का प्रशिक्षण होगा ,जिसमें प्रत्येक रविवार को 3 घंटे की कक्षा आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण शुल्कःसामान्य एवं ओबीसी वर्ग के लिए 4 50, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ,महिला एवं विकलांग अभ्यर्थियों के लिए 400।आवेदन के लिए आवश्यक प्रमाण पत्रः पासपोर्ट साइज फोटो -2, योग्यता प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भूमि मापन ,सर्वेक्षण तथा संबंधित तकनीकी ज्ञान प्रदान करेगा, जिससे स्थानीय युवाओं को अमीन ,लैंड सर्वेयर एवं अन्य संबंधित क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए बलियापुर अंचल कार्यालय को संपर्क करें। वार्ड 55 के पार्षद साहेब राम हेंब्रम को इस आलोक में पांच पुरुष और तीन महिलाओं को प्रशिक्षण के लिए अनुशंसा द्वारा भेजने के लिए कहा गया है।

# चुनाव खत्म होते ही केंद्र सरकार ने जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया : उपासना मरांडी

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** देशभर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। बढ़ती महंगाई के विरोध में मंगलवार को पाकुड़ के गोकुलपुर में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यकताओं द्वारा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। धरना प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और बढ़ती महंगाई को लेकर आम जनता की परेशानियों को उठाया गया।धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो की केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी मौजूद रहीं। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता से ह्लअच्छे दिनह्व लाने का वादा किया गया था। हर साल करोड़ों युवाओं को रोजगार देने, लोगों की आय बढ़ाने और काला धन वापस लाने जैसे बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन आज तक एक भी वादा पूरी तरह जमीन पर नहीं उतर पाया।उन्होंने कहा कि आज देश की स्थिति यह है कि आम आदमी महंगाई की मार से परेशान है। पेट्रोल, डीजल, खाद्य सामग्री से लेकर गैस सिलेंडर तक की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। खासकर कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपये तक की बढ़ोतरी ने होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों, छोटे दुकानदारों और उद्योगों की कमर तोड़ दी है। इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है क्योंकि बाहर खाने-पीने की चीजें भी लगातार महंगी होती जा रही हैं।उपासना मरांडी ने आरोप लगाया कि हाल ही में देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्र सरकार ने जनता को लुभाने के लिए बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन जैसे ही चुनाव समाप्त हुआ, तुरंत कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी इजाफा कर दिया गया। उन्होंने इसे जनता के साथ धोखा बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार केवल चुनावी राजनीति कर रही है जबकि जनता महंगाई से त्रस्त है।उन्होंने झारखंड सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार लगातार जनता से किए गए वादों को पूरा करने का काम कर रही है। राज्य सरकार गरीब, मजदूर, किसान, छात्र और महिलाओं के हित में कई योजनाएं चला रही है, जबकि केंद्र सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।धरना प्रदर्शन के दौरान झामुमो नेताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लिया जाए और पुराने दर पर ही गैस उपलब्ध कराई जाए। नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार जल्द फैसला नहीं लेती है तो आने वाले दिनों में झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरे राज्य में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं ने कहा कि झामुमो हमेशा जनता के अधिकार और हित की लड़ाई लड़ती रही है तथा आगे भी महंगाई, बेरोजगारी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करती रहेगी। धरना स्थल पर कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए और आम जनता से भी इस आंदोलन में साथ आने की अपील की।

# इंडी में बिखराव का खतरा: विपक्ष के लिए आत्ममंथन का समय



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष स्वयं को पुनर्गठित करे, अपनी वैचारिक स्पष्टता स्थापित करे और जनता के सामने एक सकारात्मक एवं ठोस विकल्प प्रस्तुत करे। केवल विरोध की राजनीति अब पर्याप्त नहीं है, बल्कि जनहित के मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण और व्यवहारिक समाधान भी आवश्यक हैं। भारतीय लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की अपनी-अपनी अनिवार्य भूमिकाएं हैं। जहां सत्ता नीतियों का निर्माण और क्रियान्वयन करती है, वहीं विपक्ष उन नीतियों की समीक्षा, संतुलन और वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करता है। लेकिन जब विपक्ष स्वयं ही असंगठित, दिशाहीन और अंतर्विरोधों से ग्रस्त हो जाए, तब लोकतांत्रिक संतुलन भी प्रभावित होता है। हाल के पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि विपक्षी एकता का दावा करने वाला गठबंधन अपने भीतर ही गंभीर संकट से गुजर रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की पराजय और तमिलनाडु में द्रमुक की स्थिति ने विपक्षी खेमे को झकझोरने का काम किया है। यह केवल चुनावी हार नहीं है, बल्कि रणनीतिक विफलता का भी संकेत है और यह प्रश्न भी खड़ा करता है कि क्या विपक्ष केवल भाजपा-विरोध के आधार पर टिक सकता है या उसे एक ठोस वैचारिक और नीतिगत आधार की भी आवश्यकता है। भारतीय लोकतंत्र की सुदृढ़ता केवल सत्तापक्ष की नीतियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि एक सजग, विवेकशील और रचनात्मक विपक्ष पर भी उतनी ही आधारित होती है। विपक्ष का मूल दायित्व केवल आलोचना करना नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करना, नीतियों की खामियों को तथ्यों के आधार पर उजागर करना और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से संसद एवं समाज के समक्ष रखना है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में विपक्ष सरकार का विरोधी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संतुलन का संरक्षक होता है। उसे विकास कार्यों में सहयोग करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बना रहे। दुर्भाग्यवश, पिछले दो दशकों में विपक्ष का एक बड़ा वर्ग इस रचनात्मक भूमिका से भटकता दिखाई दिया है, जहां नीतिगत बहसों की जगह व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक शोर-शराबा अधिक प्रमुख हो गया है।



इंडिया गठबंधन का गठन एक बड़े राजनीतिक उद्देश्य के साथ हुआ था-भाजपा के वर्चस्व को चुनौती देना। प्रारंभिक स्तर पर यह प्रयास कुछ हद तक सफल भी दिखाई दिया, जब इस गठबंधन ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में भूमिका निभाई, लेकिन समय के साथ यह स्पष्ट होता गया कि यह गठबंधन वैचारिक एकता से अधिक राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। गठबंधन की सबसे बड़ी कमजोरी उसका आंतरिक समन्वय है, जहां विभिन्न दलों के अपने-अपने क्षेत्रीय हित, नेतृत्व की महत्वाकांक्षाएं और अलग-अलग राजनीतिक एजेंडे अक्सर एक-दूसरे से टकराते हैं। सीट बंटवारे से लेकर नेतृत्व के प्रश्न तक, हर स्तर पर मतभेद सामने आते रहे हैं, जिससे यह स्थिति बनती है कि केवल एक साझा विरोध के आधार पर गठबंधन को स्थायी नहीं बनाया जा सकता। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी जैसे प्रमुख चेहरों के बीच जिस तरह की बयानबाजी सामने आई है, वह गठबंधन की आंतरिक स्थिति को और अधिक उजागर करती है। सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे की आलोचना करना न केवल राजनीतिक परिपक्वता की कमी को दर्शाता है, बल्कि कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बीच भी भ्रम की स्थिति पैदा करता है। राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन उन्हें व्यक्त करने का तरीका और मंच भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि जब गठबंधन के नेता ही एक-दूसरे के खिलाफ बयान देने लगें, तो यह संदेश जाता है कि गठबंधन केवल नाम का है और वास्तविकता में वह बिखराव की ओर बढ़ रहा है।

महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष का रुख भी उसकी रणनीतिक कमजोरी को उजागर करता है। यह विधेयक भारतीय समाज की आधी आबादी से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय था, लेकिन इसका विरोध जिस रूप में सामने आया, उसने विपक्ष की स्थिति को कमजोर किया। विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका स्वरूप रचनात्मक होना चाहिए था। यदि विपक्ष इस विधेयक में सुधार के सुझाव देता, उसके क्रियान्वयन की समय-सीमा और प्रक्रिया पर सवाल उठाता, तो वह अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बन सकता था, लेकिन सीधे विरोध में खड़ा होना, वह भी बिना स्पष्ट जनसंदेश के यह दर्शाता है कि विपक्ष मुद्दों को समझने और उन्हें सही तरीके से प्रस्तुत करने में चूक कर रहा है। इसका प्रभाव विशेष रूप से महिला मतदाताओं पर पड़ा, जिन्होंने इसे अपने अधिकारों के विस्तार के रूप में देखा और इसी का राजनीतिक लाभ भाजपा ने अपनी रणनीति के माध्यम से उठाया। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसकी आत्मसमीक्षा और सुधार की क्षमता रही है। हार के बाद भी वह अपने संगठन, नेतृत्व और रणनीति में बदलाव करती है, जिससे वह और अधिक मजबूत होकर सामने आती है। इसके विपरीत, विपक्ष अक्सर अपनी हार के कारणों को बाहरी परिस्थितियों में खोजता है, जिससे वह अपनी कमजोरियों को पहचानने और उन्हें दूर करने में असफल रहता है। राजनीति में परिपक्वता का अर्थ है हार को स्वीकार करना, उससे सीखना और भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनाना, लेकिन इस दिशा में विपक्ष को अभी लंबा रास्ता तय करना है।

विपक्षी गठबंधन के भीतर सबसे बड़ा संकट हितों का टकराव है, जहां हर दल अपने क्षेत्रीय आधार को मजबूत करने की कोशिश करता है और इसी प्रक्रिया में वह अपने सहयोगी दलों से भी प्रतिस्पर्धा करने लगता है। पश्चिम बंगाल, दिल्ली, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में यह द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां सहयोग और प्रतिस्पर्धा एक साथ चलते हैं और अंततः यही स्थिति बिखराव को जन्म देती है। जब तक गठबंधन के भीतर स्पष्ट भूमिका निर्धारण, न्यूनतम साझा कार्यक्रम और नेतृत्व की स्वीकृति नहीं होगी, तब तक यह टकराव समाप्त नहीं होगा। विपक्षी दलों की यह नाकामी केवल रणनीतिक कमजोरी नहीं, बल्कि उनके नेतृत्व की मंशा और प्राथमिकताओं पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। जब विपक्ष जनहित के मुद्दों को छोड़कर सत्ता प्राप्ति के लिए अवसरवादी गठजोड़, भ्रामक प्रचार और व्यक्तिगत हमलों का सहारा लेता है, तब वह अपनी नैतिक विश्वसनीयता खो देता है। लोकतंत्र में विपक्ष का दायित्व जनभावनाओं का सच्चा प्रतिनिधित्व करना और सरकार को सही दिशा में प्रेरित करना है, न कि केवल विरोध के लिए विरोध करना। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपने आचरण और दृष्टिकोण में सुधार लाए, सिद्धांतों और मूल्यों पर आधारित राजनीति को पुनर्जीवित करे तथा जनता के विश्वास को पुनः अर्जित करे।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बना सकते हैं। आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। रुके हुए काम गति पकड़ेंगे। मन में उत्साह तथा विचारों की स्थिरता के कारण सभी कार्य अच्छी तरह से कर सकेंगे। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें और सेहत का ध्यान रखें। लम्बी यात्रा पर जाने से बचें।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग हैं। काम में मन लगेगा और मेहनत के अनुसार परिणाम मिलेंगे। रुके हुए कार्य शुरू होंगे, जिससे मन में उत्साह रहेगा। दांपत्य जीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। मनोरंजन, सौंदर्य-प्रसाधन, आभूषण आदि के पीछे खर्च हो सकता है। सेहत भी अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यस्थल पर कुछ चीजें परेशान कर सकती हैं, लेकिन अपने परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। कार्यभार की अधिकता से शारीरिक तथा मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। माता-पिता और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं, लेकिन जलाशय, जमीन-जायदाद के दस्तावेज आदि से दूर रहें। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। कार्यभार की अधिकता से मानसिक अस्वस्थता हो सकती है। संतानों की चिंता रहेगी। सरकारी काम आसानी से निपटेंगे।

**कन्या राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग हैं। नौकरी खोजने के प्रयास सफल रहेंगे। परिश्रम की अधिकता रहेगी, लेकिन कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। कई लोग आपसे प्रेरणा ले सकते हैं। मकान-भूमि संबंधी कार्यों में सावधानी बरतें। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ता है। धन का खर्च अधिक हो जाने से मन व्यग्र रहेगा। आर्थिक मामलों में संभलकर चलें। परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। नौकरी पेशा वालों के लिए समय अच्छा रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें। परिवार में खुशहाली रहेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन कारोबारियों के लिए अच्छा रहेगा। आर्थिक लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे, जिससे समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र से संबंधित यात्रा पर जा सकते हैं, जो सफल रहेगी। खान-पान का ध्यान रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजनाएं बनाएंगे और नए सौदों को अंतिम रूप दे सकते हैं। पुराने मित्रों से मुकालात होगी, जो लाभप्रद रहेगी। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च हो सकता है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। परिजनों के साथ घूमने-फिरने जा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का भरपूर रहेगा और सभी कार्य सफल होंगे। व्यापार में नए सौदे होने की संभावना बनेगी। कार्य से संबंधित यात्रा सफल होगी। नए मित्र बन सकते हैं, जो लाभदायक सिद्ध होंगे। आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। धन के लेन-देन से बचें। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी अड़चनें आ सकती हैं। कार्यभार की अधिकता रहेगी, जिससे शारीरिक तथा मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। परिवार का वातावरण आनंदमय रहेगा। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा बहस हो सकती है। जीवनसाथी की समझने का प्रयास करें। खाने-पीने का ध्यान रखें।

**मीन राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यों में सफलता मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा, लेकिन काम की अधिकता रहेगी, जिससे शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव करेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है, जो लाभदायक रहेगी। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं, जिससे समाज में सम्मान बढ़ेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। परिवार में नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# पुराने दोस्त द्रमुक का हाथ दिया झटक, सत्ता के लिए पाला बदलने में कांग्रेस को कभी नहीं होती हिचक

कांग्रेस के इस फैसले ने द्रमुक को गहरा राजनीतिक झटका दिया है। द्रमुक नेताओं ने इसे पीठ में छूरा घोंपना बताया है। यह नाराजगी इसलिए भी अधिक है क्योंकि द्रमुक और कांग्रेस का रिश्ता केवल चुनावी समझौता नहीं बल्कि लंबे समय की राजनीतिक साझेदारी माना जाता रहा है। तमिलनाडु की राजनीति में आज एक बड़ा और चौंकाने वाला मोड़ देखने को मिला, जब कांग्रेस ने विजय की तमिलगा वेत्री कड़गम यानि टीवीके को सरकार गठन के लिए समर्थन देने की घोषणा कर दी। इस फैसले के साथ ही द्रविड़ मुनेत्र कषगम यानि द्रमुक और कांग्रेस के बीच दो दशक से अधिक पुराने राजनीतिक रिश्ते पर लगभग विराम लग गया है। कांग्रेस ने साफ किया है कि उसका यह गठबंधन केवल सरकार गठन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि स्थानीय निकाय, लोकसभा और राज्यसभा चुनावों तक जारी रहेगा।

हम आपको बता दें कि तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में विजय की पार्टी टीवीके 234 सदस्यीय सदन में 108 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बहुमत के लिए 118 सीटों की जरूरत है। कांग्रेस के पांच विधायकों के समर्थन के बाद यह संख्या 113 तक पहुंच गई है और अब सरकार गठन के लिए केवल पांच और विधायकों की आवश्यकता रह गई है। विजय ने राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया है। कांग्रेस ने अपने समर्थन के साथ एक महत्वपूर्ण शर्त भी रखी है। पार्टी ने कहा है कि टीवीके किसी भी परिस्थिति में भाजपा या उसके सहयोगी दलों को सरकार या गठबंधन का हिस्सा नहीं बनाएगी। तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडानकर ने कहा कि कांग्रेस धर्मनिरपेक्ष, प्रगतिशील और संवैधानिक मूल्यों वाली राजनीति के साथ खड़ी है और जनता के जनादेश का सम्मान करना उसका कर्तव्य है।

उधर, कांग्रेस के इस फैसले ने द्रमुक को गहरा राजनीतिक झटका दिया है। द्रमुक नेताओं ने इसे पीठ में छूरा घोंपना बताया है। यह नाराजगी इसलिए भी अधिक है क्योंकि द्रमुक और कांग्रेस का रिश्ता केवल चुनावी समझौता नहीं बल्कि लंबे समय की राजनीतिक साझेदारी माना जाता रहा है। दोनों दल पहली बार 1971 में साथ आए थे और बाद में 2004 से 2013 तक द्रमुक केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार का अहम हिस्सा रही थी। 2016 के बाद दोनों ने फिर मिलकर चुनाव लड़े और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी राजनीति की मजबूत धुरी बने।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस का यह कदम केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका असर राष्ट्रीय राजनीति और विपक्षी गठबंधन इंडिया पर भी पड़ेगा। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कांग्रेस और द्रमुक तमिलनाडु में आमने सामने होंगे, तब क्या वह राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच पर बने रह पाएंगे। कांग्रेस यह तर्क दे रही है कि वाम दलों और तृणमूल कांग्रेस की तरह अलग अलग राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद इंडिया गठबंधन जारी





रह सकता है। लेकिन द्रमुक की नाराजगी और कांग्रेस के नए रुख ने विपक्षी एकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस घटनाक्रम का सबसे बड़ा राजनीतिक लाभ विजय और उनकी पार्टी टीवीके को मिलता दिखाई दे रहा है। पहली बार चुनाव लड़कर सबसे बड़ी पार्टी बनना और उसके तुरंत बाद कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल का समर्थन हासिल करना विजय को राज्य की राजनीति में एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित करता है। यही कारण है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेन्नई स्थित सत्यमूर्ति भवन में जश्न मनाया और इसे नई राजनीतिक शुरूआत बताया।

विजय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से बात कर उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित भी किया है। इससे यह संकेत मिलता है कि दोनों दल भविष्य में स्थायी राजनीतिक साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। कांग्रेस नेता प्रवीण चक्रवर्ती ने बताया कि विजय ने राहुल गांधी और खरगे को फोन कर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। हालांकि सरकार गठन का रास्ता अभी पूरी तरह साफ नहीं है। कांग्रेस के समर्थन के बाद भी टीवीके बहुमत से पांच सीट दूर है। ऐसे में नजर अब अन्नाद्रमुक पर टिकी है, जिसके पास 47 विधायक हैं। यदि अन्नाद्रमुक किसी रूप में समर्थन देती है, तो विजय आसानी से बहुमत हासिल कर सकते हैं। लेकिन यही वह स्थिति है जिसने कांग्रेस को असहज कर रखा है, क्योंकि उसने स्पष्ट कहा है कि भाजपा या उसके सहयोगियों की भागीदारी स्वीकार नहीं होगी। ऐसे में देखना होगा कि क्या अन्नाद्रमुक में विभाजन होता है या फिर अन्नाद्रमुक भाजपा का साथ छोड़कर विजय के साथ आ जाती है।

देखा जाये तो तमिलनाडु की राजनीति का इतिहास भी बताता है कि यहां गठबंधन स्थायी नहीं रहे हैं। कभी कांग्रेस और द्रमुक साथ रहे, फिर कांग्रेस अन्नाद्रमुक के साथ चली गई। 1999 में द्रमुक ने भाजपा के साथ हाथ मिलाया, जबकि 2004 में वह फिर कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन में लौट आई। इस बार भी सत्ता समीकरण ने पुराने रिश्तों को बदल दिया है। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो कांग्रेस का यह फैसला व्यावहारिक राजनीति का उदाहरण माना जा रहा है। पार्टी को यह एहसास हो गया था कि द्रमुक के साथ रहते हुए उसकी भूमिका सीमित होती जा रही थी। वहीं टीवीके के साथ आने से उसे भविष्य में अधिक सीटें और सत्ता में भागीदारी मिलने की संभावना दिखाई दे रही है।

# सावधानी का समय

भारत में जैसे ही कोरोना जांच में वृद्धि हुई है, संक्रमण के मामले भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे नजर आए हैं। पांच दिनों में संक्रमण के मामलों में कमी देखी जा रही थी, लेकिन अब संक्रमण तीन लाख के आंकड़े को पार कर गया है। आठ महीने बाद ऐसी स्थिति बनी है, ऐसे में भी महाराष्ट्र में सोमवार से स्कूल खोलने का फैसला निंदनीय है। जब वर्क फ्रॉम होम की पैरोकारी हो रही है, तब स्कूल खोलने का फैसला कितना सही है? पिछले दिनों शादी-विवाह के मौसम और बाजारों, धर्मस्थलों में बढ़ी आवाजाही का नतीजा हम भुगत रहे हैं। बड़े पैमाने पर कोरोना संक्रमण का विस्फोट हुआ है। मौतों की संख्या भी बढ़ी है, तब स्कूल खोलने का फैसला त्रासद है। क्या महाराष्ट्र में कोरोना मामले काबू में आ गए हैं? नहीं, सच्चाई यह है कि महाराष्ट्र कोरोना महामारी के मामले में नेतृत्व कर रहा है। भारत के चिकित्सा प्रभारियों को महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले पर आपत्ति करनी चाहिए। होता यह है कि एक सरकार जब कोई फैसला लेती है, तब दूसरी सरकारों पर ऐसे ही फैसले के लिए दबाव बढ़ता है। अतः यह जरूरी है कि हर सरकार समझदारी के साथ कदम बढ़ाए। ध्यान रहे कि यह लहर बच्चों को भी समान रूप से पीड़ित कर रही है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दुनिया इस समय कोरोना की चौथी लहर से गुजर रही है। दुनिया में पिछले एक सप्ताह में प्रतिदिन 29 लाख मामले दर्ज किए जा रहे हैं। जब अफ्रीका और यूरोप में कोविड मामले घट रहे हैं, तब एशिया में बढ़त दिख रही है। भारत में अभी लगभग 19 लाख सक्रिय मामले दर्ज हैं। विशेषज्ञ जानते हैं कि पीड़ितों की वास्तविक संख्या इससे ज्यादा हो सकती है। संक्रमण के मामले अगर ऐसे ही बढ़ते रहे, तो जनजीवन स्वतः बाधित हो जाएगा। खैर, आधिकारिक रूप से सरकार ने मान लिया है कि देश में महामारी की तीसरी लहर चल रही है। ऐसे में, सरकार को अपनी बचाव संबंधी नीतियों को और चाक-चौबंद कर लेना चाहिए। पॉजिटिविटी दर 16 प्रतिशत के आसपास होना बहुत चिंताजनक है। स्कूल खोलने के लिए लालायित महाराष्ट्र की ही अगर बात करें, तो वहां साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट दो फीसदी से बढ़कर 22 प्रतिशत हो गई है। केरल में पॉजिटिविटी रेट 32 प्रतिशत व दिल्ली में 30 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में पॉजिटिविटी दर महज छह प्रतिशत दर्ज की जा रही है, लेकिन पूरी सावधानी बरतना समय की मांग है। बेशक, हम अभी बेहतर स्थिति में हैं। दूसरी लहर के चरम दौर में केवल दो प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हुआ था, जबकि अब लगभग 72 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हो चुका है। शायद यही कारण है कि इस बार मौतें कम हो रही हैं। दूसरी लहर 30 अप्रैल 2021 को चरम पर थी, उस दिन 3,86,452 नए मामले आए थे, 3,059 लोगों की जान गई थी और कुल सक्रिय मामले 31,70,228 थे। वहीं 20 जनवरी 2022 को 3,17,532 नए मामले, 380 मौतें और 19,24,051 सक्रिय मामले हैं। मामले यहां से और ऊपर न जाएं, इसके लिए हमें मिलकर बचाव, जांच, इलाज के पूरे इंतजाम से रहना होगा। देश जान-माल का और नुकसान झेलने की स्थिति में नहीं है। ध्यान रहे, गुरुवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आने वाले 25 साल कड़ी मेहनत, त्याग व तपस्या की पराकाष्ठा होंगे। देशवासियों को यह साबित करने में मनोयोग से जुट जाना चाहिए।

# मतदाता की बेरुखी लोकतंत्र के लिए नहीं हैं अच्छे संकेत

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। 18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिषत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिषत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिषत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिषत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है।

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों



# जदयू विधायक पप्पू पांडेय के भाई के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार, 16 एकड़ जमीन का मामले

एजेंसी



**गोपालगंज:** बिहार के गोपालगंज जिले में हथुआ प्रखंड के नया गांव तुलसिया में जदयू विधायक अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू पांडेय के भाई सतीश पांडेय के पैतृक आवास पर पुलिस ने कुर्की-जब्ती से पहले का इश्तहार चिपका दिया है. पुलिस टीम ने डुगडुगी बजाकर यह कार्रवाई की. यह कदम कुचायकोट के बेलवा इलाके में करीब 16 एकड़ कीमती जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में उठाया गया है.

**जदयू विधायक समेत तीन नामजद आरोपी:** इस गंभीर भूमाफिया मामले में जदयू विधायक पप्पू पांडेय, उनके भाई सतीश पांडेय और चार्टर्ड अकाउंटेंट राहुल तिवारी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है. आरोप है कि इन लोगों ने भूमाफियाओं को संरक्षण देते हुए अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा किया. पुलिस की कार्रवाई से इलाके में सनसनी फैल गई है.

**आज कोर्ट में अग्रिम जमानत पर सुनवाई:** इसी मामले में आज न्यायालय में महत्वपूर्ण सुनवाई होनी है. पप्पू पांडेय और सतीश पांडेय की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर कोर्ट अपना फैसला सुना सकता है. स्थानीय प्रशासन और लोगों की नजरें पूरी तरह अदालत की कार्यवाही पर टिकी हुई हैं.

**समर्पण न करने पर होगी कुर्की-जब्ती:** थानाध्यक्ष दर्पण सुमन ने बताया कि कार्रवाई पूरी तरह कानून के अनुसार की जा रही है. यदि आरोपी निर्धारित समय सीमा के अंदर पुलिस या अदालत के सामने आत्मसमर्पण नहीं करते, तो कोर्ट से आदेश लेकर संपत्ति कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. यह कार्रवाई कानून के मुताबिक की जा रही है. अगर आरोपी समय सीमा के भीतर न्यायालय या पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो पुलिस कोर्ट से आदेश लेकर कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू करेगी.

**राजनीतिक गलियारों में हलचल:** जिले के राजनीतिक गलियारों में इस खबर ने खासी हलचल मचा दी है. पप्पू पांडेय सत्ताधारी जदयू के विधायक हैं और उनका परिवार गोपालगंज जिले की राजनीति में लंबे समय से मजबूत रसूख रखता है. ऐसे में इस मामले ने सियासी चचाओं को नई दिशा दे दी है.

**इलाके में भारी गहमागहमी:** तुलसिया गांव में पुलिस की कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में भारी गहमागहमी का माहौल बन गया है. स्थानीय लोगों में उत्सुकता और चर्चा का सिलसिला जारी है. पुलिस की मौजूदगी से सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है. गोपालगंज जिले में लंबे समय से चले आ रहे ऐसे विवादों पर अब नकेल कसने की कोशिश की जा रही है, जिसको लेकर सबकी नजरें अब अदालत के फैसले पर टिकी है.

# ऑटो से 44.10 लीटर शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी



**बिहार:**बलिया बेलौन थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक ऑटो से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है. इस मामले में पुलिस ने कोढ़ा निवासी दो तस्कर भाइयों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. जिले की बलिया बेलौन थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऑटो से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है. इस मामले में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर ऑटो को जब्त कर लिया है.

**गुप्त सूचना पर पुलिस ने बिछाया जाल**

जानकारी के अनुसार, बलिया बेलौन थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ऑटो में सवार दो युवक विदेशी शराब लेकर फुटानी चौक मीनापुर की ओर जा रहे हैं. इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फुटानी चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया.

**पुलिस को देख भागने की कोशिश, 44 लीटर से अधिक शराब जब्त**

चेकिंग के दौरान जब एक संदिग्ध ऑटो वहां पहुंचा, तो उसमें सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे. हालांकि, मुस्तैद पुलिस बल ने घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा. जब ऑटो की तलाशी ली गई, तो उसमें से कुल 44.10 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई.

**गिरफ्तार तस्करों की पहचान**

पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुंदरम कुमार मालाकार (19 वर्ष) और शिवम कुमार मालाकार (20 वर्ष) के रूप में हुई है. दोनों सगे भाई हैं और उनके पिता का नाम करमचंद्र मालाकार है. आरोपी कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं.

**पुलिस की आगे की कार्रवाई**

बलिया बेलौन थाना पुलिस ने इस मामले में मद्य निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर लिया है. पुलिस ने बताया कि शराब और ऑटो को जब्त कर लिया गया है तथा गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है.

# पटना में कहां-कहां नो एंट्री सम्राट कैबिनेट विस्तार और पीएम मोदी के दौरे के चलते ट्रैफिक रूट बदला

एजेंसी



**पटना:** बिहार कैबिनेट का विस्तार गुरुवार को पटना के गांधी मैदान में होने जा रहा है. इसमें शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पटना आ रहे हैं. ऐसे में कार्यक्रम को देखते हुए पटना में ट्रैफिक व्यवस्था में बड़े बदलाव किए गए हैं और कई प्रमुख मार्गों पर सख्त पाबंदियां लगाई गई हैं. पटना जिला प्रशासन के अनुसार, सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रतिबंध रहेगा.

**एयरपोर्ट जाने के लिए कौन सा रास्ता ?:** शपथ ग्रहण समारोह दोपहर 12:10 बजे आयोजित होगा, जिसमें राज्यपाल नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी के अनुसार, शेखपुरा मोड़ से एयरपोर्ट तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी. एयरपोर्ट गोलंबर से पूर्वी पटेल गोलंबर तक और राजेंद्र चौक से पटेल गोलंबर तक के रास्तों को भी सील किया जाएगा.

**पटेल गोलंबर से इनकम टैक्स गोलंबर, 'नो-एंट्री जोन':** इसके अलावा, पटेल गोलंबर से इनकम टैक्स गोलंबर तक का पूरा इलाका, जिसमें हार्डिंग रोड, सिंचाई भवन और आर-ब्लॉक शामिल हैं, को पूरी तरह नो-एंट्री जोन घोषित किया गया है. चितकोहरा गोलंबर से उत्तर दिशा की ओर जाने वाले रास्ते पर भी रोक रहेगी.

**डाकबंगला रोड से एसपी वर्मा रोड में प्रवेश बंद:** इनकम टैक्स गोलंबर, डाकबंगला, जेपी गोलंबर, रामगुलाम चौक, बाकरगंज और कारगिल चौक समेत कई प्रमुख चौराहों पर सख्त ट्रैफिक नियंत्रण लागू रहेगा. न्यू डाकबंगला रोड से एसपी वर्मा रोड में प्रवेश बंद रहेगा. एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को जगदेव पथ और राजा बाजार होकर वैकल्पिक मार्ग इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है.

**पटना जंक्शन जाने वाले वालों के लिए निदेर्श:** वहीं, पटना जंक्शन जाने वाले लोगों को करबिगहिया की ओर से आने की सलाह दी गई है, ताकि शहर के मुख्य हिस्सों में जाम से बचा जा सके. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य वीवीआईपी मेहमानों के संभावित दौरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था भी काफी कड़ी कर दी गई है.

**कैबिनेट में शामिल होंगे निशांत ?:** बिहार की राजनीति में यह कैबिनेट विस्तार काफी अहम माना जा रहा है. इस बीच, अटकलें लगाई जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को भी कैबिनेट में जगह मिल सकती है.

**पटना पहुंचे अमित शाह और नितिन नबीन:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पहले ही पटना पहुंच चुके हैं. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले हैं.

**मंत्रियों की लिस्ट तैयार:** कैबिनेट विस्तार से पहले राज्य नेतृत्व और केंद्र के एनडीए नेतृत्व के बीच कई दौर की बैठकें हुईं. इसमें बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा भी शामिल रही. गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई अहम बैठक को मंत्रियों की अंतिम सूची तय करने में निर्णायक माना जा रहा है.

**एनडीए में एकजुटता के संकेत:** इसके अलावा एनडीए सहयोगियों जैसे राजीव रंजन सिंह, जीतन राम मांझी और चिराग पासवान के साथ भी बातचीत की गई, ताकि गठबंधन में संतुलन और तालमेल बना रहे. एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम में सम्राट चौधरी ने जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मुलाकात की. इस मुलाकात को कैबिनेट विस्तार से पहले एनडीए में एकजुटता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है.

## संक्षिप्त खबर

### एच सी की टिप्पणी, सिर्फ सबूत के अभाव में हथियार लाइसेंस आवेदन खारिज नहीं कर सकते

**बिहार:** सिर्फ जान पर खतरे का प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं होने के आधार पर आवेदन खारिज नहीं किया जा सकता. यह टिप्पणी पटना हाईकोर्ट ने एक ईंट-भट्ठा कारोबारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान की है. साथ ही अदालत ने मामले में जिला शस्त्र अधिकारी को लाइसेंस आवेदन पर दोबारा विचार करने का निर्देश दिया है. हाईकोर्ट ने कहा है कि कुछ व्यवसाय ऐसे होते हैं, जहां सुरक्षा के लिहाज से हथियार की जरूरत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. जस्टिस अजित कुमार की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई के बाद उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पटना प्रमंडलीय आयुक्त ने सत्येंद्र प्रसाद के हथियार लाइसेंस आवेदन को खारिज कर दिया था. सत्येंद्र प्रसाद की ओर से अधिवक्ता दीपक कुमार सिन्हा ने कोर्ट में दलील दी कि उनके मुवक्किल धनरूआ इलाके में ईंट भट्ठा चलाते हैं और उनकी जान को खतरा है, इसलिए उन्हें आत्मरक्षा के लिए हथियार लाइसेंस दिया जाना चाहिए.वकील ने अदालत को बताया कि कुछ असामाजिक लोगों ने जबरन उनके ईंट-भट्ठे, जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर, मिट्टी मिक्सिंग मशीन और ऑफिस पर कब्जा कर लिया है. इस संबंध में थाने में शिकायत करने की कोशिश भी की गई, लेकिन शुरूआत में एफआईआर दर्ज नहीं हुई. कोर्ट को बताया गया कि 2020 की घटना में हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद 2023 में प्राथमिकी दर्ज की गई. दबंगों के डर से सत्येंद्र प्रसाद अपना गांव छोड़कर परिवार के साथ पटना में रहने को मजबूर हैं. इसके बावजूद जिला शस्त्र अधिकारी ने यह कहते हुए आवेदन खारिज कर दिया कि जान को खतरा साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं दिए गए हैं. बाद में प्रमंडलीय आयुक्त ने भी उसी फैसले को बरकरार रखा. याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आर्म्स एक्ट के तहत कुछ व्यवसाय ऐसे माने जाते हैं, जहां सुरक्षा के लिहाज से हथियार की जरूरत पड़ सकती है. इनमें ईंट-भट्ठा, पेट्रोल पंप, सोना-चांदी की दुकान और गैस एजेंसी जैसे कारोबार शामिल हैं.ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि हथियार लाइसेंस देने के लिए हर बार जान पर हमले का सीधा सबूत जरूरी नहीं होता. अगर किसी व्यक्ति के पेशे या परिस्थिति को देखते हुए सुरक्षा का खतरा हो, तब भी लाइसेंस दिया जा सकता है. सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने जिला शस्त्र अधिकारी को आवेदन पर नए सिरे से विचार कर जल्द निर्णय लेने का आदेश दिया.

### निशांत कुमार बनेंगे मंत्री, शपथ से पहले पिता नीतीश कुमार का लिया आशीर्वाद



**पटना:** जेडीयू नेता निशांत कुमार भी सम्राट कैबिनेट में मंत्री बनेंगे. मंत्री पद की शपथ लेने से पहले उन्होंने पिता नीतीश कुमार का आशीर्वाद लिया है. मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने के बाद नीतीश 7 सर्कुलर रोड बंगले में रह रहे हैं और निशांत भी इसी बंगले में रहते हैं. मंत्री पद शपथ लेने से पहले निशांत ने अपने पिता नीतीश कुमार के साथ-साथ जेडीयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा का भी निशांत ने आशीर्वाद लिया है.निशांत कुमार अभी किसी सदन के सदस्य नहीं हैं. सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल में दूसरे मंत्री होंगे, जो किसी सदन के सदस्य नहीं होंगे. उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश भी किसी सदन के सदस्य नहीं हैं. दीपक को नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में भी मंत्री बनाया गया था, अब सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल में भी मंत्री बनने जा रहे हैं. निशांत बिहार में सद्भाव यात्रा निकाल रहे हैं और इसी यात्रा के बीच उन्हें मंत्री पद की जिम्मेदारी लेने के लिए मना लिया गया है. जब सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे थे, उस समय भी चर्चा थी कि निशांत उपमुख्यमंत्री बन सकते हैं लेकिन उन्होंने मंत्री पद की शपथ लेने से मना कर दिया था. हालांकि अब पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें मना लिया.जनता दल यूनाइटेड से कुल 12 मंत्री आज शपथ लेंगे. इनमें निशांत कुमार के अलावे श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, रत्नेश सदा, मदन सहनी, लेसी सिंह, बुलो मंडल, दामोदर रावत, भगवान सिंह कुशवाहा, सुनील कुमार, शीला मंडल और जमा खान का नाम शामिल है. वहीं, विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव पहले से मंत्री (डिप्टी सीएम) हैं.जानकारी के मुताबिक सम्राट सरकार में आज 30 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी. बीजेपी कोटे से 14, जेडीयू कोटे से 12, एलजेपीआर से 2 के अलावे हम और आरएलएम से एक-एक मंत्री बनेंगे.

### बिहार में संभल कर, 24 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट.. पूर्णिया में बिजली गिरने से 2 की मौत

**पटना:** बिहार के कई जिलों में आज भी झमाझम बारिश का दौर जारी रहेगा. पटना मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को दक्षिण-पूर्व और उत्तरी इलाकों में मौसम बिगड़ेगा और तेज आंधी के साथ बारिश होगी. इससे जानमाल और खेती-किसानी को नुकसान हो सकता है. आईएमडी ने कई जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है. साथ ही लोगों के जरूरत पड़ने पर ही घरों से निकलने की सलाह दी गई है. पटना मौसम विभाग के मुताबित, गुरुवार यानी 7 मई को बिहार के 24 जिलों में मौसम करवट लेगा. मौसम विभाग ने प्रदेश के 24 जिलों में आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. साथ ही ओलावृष्टि की चेतावनी भी जारी की है. विभाग के अनुसार, 50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और बिजली गिरने की भी आशंका है. पटना मौसम विभाग ने बिहार के जिन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है, उनमें सिवान, वैशाली, सारण, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, खगड़िया, कटिहार, मुंगेर, भागलपुर, जमुई, गोपालगंज, बांका, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण शामिल है. मौसम विभाग के अनुसार, आज भी कई जिलों में झमाझम बारिश का दौर देखने को मिलेगा. आंधी बारिश के साथ ओलावृष्टि होगी. आईएमडी की माने तो शुक्रवार के बाद मौसम बदलेगा और अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है. बुधवार को गयाजी में सबसे कम 20 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया, जबकि सबसे अधिकतम तापमान कैमूर जिले में 33.7 डिग्री रहा. इस बीच, गुरुवार को पूर्णिया जिले में ठनका गिरने से दो लोगों की मौत हो गई. पहली घटना जिले के इंदिरा नगर डहरिया टोला की है, जहां वज्रपात की चपेट में आने से सिमरन कुमार (16 वर्ष) की मौत हो गई. जबकि दूसरी घटना सरवैली गांव में ठनका गिरने से मोहम्मद एकराम (50 वर्ष) की जान चली गई. घटना के दोनों मृतकों के परिवार को जिला प्रशासन की तरफ से 4-4 लाख अनुग्रह राशि प्रदान की गई. मौसम विभाग ने आम लोगों को सलाह दी है कि वे अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें. खेतों में काम करने वाले किसानों को भी सतर्क रहने और मौसम बदलने पर सुरक्षित स्थान पर जाने की हिदायत दी गई है.

# सीवान लूटकांड पर तेजस्वी का हमला, कहा-सीएम पहले जाति देखेंगे, फिर कार्रवाई की नौटंकी करेंगे

एजेंसी



**सीवान :** सीवान में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में हुई बड़ी लूट की घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार और नए सीएम सम्राट चौधरी को को निशाने पर लिया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपराधियों का वीडियो शेयर कर लिखा है कि भगवा गमछे वाले 5 अपराधी, कई राउंड फायरिंग और ज्वेलरी शॉप से लाखों की लूट. राजद नेता ने आगे कहा कि ध्वस्त विधि व्यवस्था में मनोनीत मुख्यमंत्री पहले अपराधियों की जाति देखेंगे, फिर कार्रवाई की नौटंकी करेंगे.अपने पोस्ट में यह भी दावा किया कि वैश्य समाज के एक नेता ने उनसे कहा कि जितना अधिक स्वर्ण व्यवसायियों को अपराधी लूटते हैं, उनकी हत्या करते हैं और फिरौती मांगते हैं, उतना अधिक ही बीजेपी को समर्थन मिलता है.उन्होंने बिहार में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि पिछले दो-तीन दिनों के भीतर लूट की कई बड़ी वारदातें सामने आई हैं. इससे आम लोगों और व्यवसायियों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है. दरअसल, सीवान जिले के जीरादेई थाना क्षेत्र के जामापुर बाजार स्थित ओम साई बर्तन भंडार में बुधवार को पांच नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर करीब 20 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी और नकदी की लूट को अंजाम दिया.घटना के दौरान अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए करीब 10 राउंड फायरिंग भी की. बताया जा रहा है कि दो अपाचे बाइक पर सवार होकर पहुंचे अपराधियों ने दुकान में घुसते ही लूटपाट शुरू कर दी और करीब 300 ग्राम सोना, 9 किलो चांदी तथा नकदी लेकर फरार हो गए. हालांकि भागने के दौरान ग्रामीणों और दुकानदारों ने साहस दिखाते हुए एक अपराधी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया. जबकि अन्य चार अपराधी फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गएय

सीवान की इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में भारी आक्रोश है. व्यवसायियों का कहना है कि लगातार हो रही लूट, हत्या और रंगदारी की घटनाओं से कारोबारी वर्ग असुरक्षित महसूस कर रहा है.वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

# सांप काटने के बाद मृत सांप को लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन, डॉक्टर ने बचाई युवती की जान

एजेंसी



**पटना:** सांप काटने के बाद मृत सांप को लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन, डॉक्टर ने बचाई युवती की जान

**युवती का इलाज करते डॉक्टर**

मनसाही के इमली टोला में सांप काटने की शिकार हुई युवती को परिजन मृत सांप के साथ लेकर सदर अस्पताल पहुंचे. समय पर डॉक्टरी इलाज मिलने से युवती की जान बच गई है और उसे देखने के लिए अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी.कटिहार जिले के मनसाही थाना क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहाँ इमली टोला गांव में सांप काटने की शिकार हुई एक युवती को उसके परिजन मृत सांप के साथ लेकर सदर अस्पताल पहुंचे. समय पर इलाज मिलने की वजह से युवती की जान बच गई है और वह अब खतरे से बाहर है.

**मकई की सफाई के दौरान हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार, इमली टोला निवासी 19 वर्षीय जीना खातून गुरुवार सुबह अपने घर में मकई की थ्रेसिंग (सफाई) करवा रही थी. इसी दौरान मकई के ढेर में छिपे एक जहरीले सांप ने उसके हाथ में काट लिया. सांप के काटते ही घर में चीख-पुकार मच गई. परिजनों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए न सिर्फ सांप को ढूंढकर मार डाला, बल्कि उसे एक थैले में रखकर युवती के साथ सीधे सदर अस्पताल ले आए.

**डॉक्टर को दिखाया मृत सांप**

सदर अस्पताल पहुंचने पर परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. ए.के. देव को मृत सांप दिखाया, ताकि सांप की पहचान कर सही एंटीडॉट दिया जा सके. डॉक्टर ने बिना समय गंवाए तत्काल युवती का इलाज शुरू किया. डॉ. ए.के. देव ने बताया कि समय पर अस्पताल आने और एंटी स्नेक वेनम मिलने के कारण युवती की हालत अब स्थिर है. उन्होंने सलाह दी कि सांप काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ने के बजाय तुरंत अस्पताल पहुंचना ही समझदारी है.

**अस्पताल में उमड़ी भीड़**

युवती के चाचा मो. मकसूद आलम ने बताया कि डॉक्टर को सांप की प्रजाति के बारे में सटीक जानकारी देने के उद्देश्य से वे लोग सांप को साथ लाए थे. इधर, अस्पताल परिसर में मृत सांप को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. समय पर लिए गए इस फैसले और डॉक्टरों की तत्परता की इलाके में काफी चर्चा हो रही है.

# .सम्राट कैबिनेट के 6 मंत्रियों का प्रोफाइल, अशोक चौधरी, दिलीप जायसवाल सहित इनको मिली दोबारा जगह

एजेंसी



**पटना:** पटना के गांधी मैदान में सम्राट कैबिनेट के 32 मंत्रियों ने शपथ ली. गांधी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और जदयू अध्यक्ष पूर्व सीएम नीतीश कुमार की मौजूदगी में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जेनरल रिटायर्ड सैयद अता हसनैन ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. आइए सम्राट कैबिनेट के 6 मंत्रियों का प्रोफाइल देखते हैं.

**श्रवण कुमार का प्रोफाइल**

श्रवण कुमार करीब 67 वर्ष की उम्र के हैं. वे 1994 में समता पार्टी के गठन से ही नीतीश कुमार के साथ रहे. वे पहली बार 1995 में समता पार्टी के टिकट पर नालंदा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े और जीते. इसके बाद से अब तक लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं. वे इससे पहले भी कई मंत्री पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं.

**अशोक चौधरी का प्रोफाइल**

अशोक चौधरी की उम्र करीब 57 साल है. वे साल 2000 में पहली बार कांग्रेस की टिकट पर बरबीघा से चुनाव जीते और तत्कालीन राबड़ी मंत्रिमंडल में कारा राज्य मंत्री बनाये गये. उनको 2013 में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष बनाया गया. उन्होंने 2018 में कांग्रेस छोड़ दिया और जदयू के साथ हो गये. फिलहाल वे विधान परिषद सदस्य हैं.

**सुनील कुमार का प्रोफाइल**

सुनील कुमार करीब 64 साल की उम्र के हैं. वे आइपीएस अधिकारी रहे हैं. 2020 में सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने चुनाव लड़ा, जीतकर विधायक और नीतीश सरकार में मंत्री बने. उन्होंने दूसरी बार लगातार अपनी जीत दर्ज की और एक बार फिर से मंत्री पद की जिम्मेदारी मिली है.

**मो जमा खान का प्रोफाइल**

मो जमा खान करीब 52 साल के हैं. वे जदयू से इकलौते मुस्लिम विधायक हैं. वे पहली बार 2020 में बसपा की टिकट पर चैनपुर से चुनाव जीतकर विधायक बने. बाद में वे जदयू में शामिल हो गये. उन्हें मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गयी थी, इस बार भी वे चैनपुर से जदयू की टिकट पर चुनाव जीते और अब मंत्री बने हैं.

**रमा निषाद ने वार्ड पार्षद से मंत्री तक का सफर किया**

औराई से जीतकर पहली पहली बार विधायक बनी रमा निषाद सबसे अधिक मतों से चुनाव जीतने वाले तीन विधायकों में से एक है. वह 57 हजार से अधिक मतों से जीती थीं. भाजपा ने उनको पूर्व मंत्री रामसूरत राय की जगह न केवल टिकट दिया बल्कि मंत्रिमंडल में भी शामिल कर बड़ा संदेश दिया है. था. करीब तीन दशक पहले वार्ड पार्षद से राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाली 58 साल की रमा निषाद इंटर तक पढ़ी हैं.

## .मुंगेर में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने स्कूल वैन में मारी टक्कर, बच्चे सुरक्षित

**मुंगेर** : बिहार के मुंगेर जिले के बरियारपुर में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. गुरुवार की सुबह बच्चों को स्कूल ले जा रही वैन की फॉर्च्यूनर से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए. लेकिन गनीमत रही कि वैन में बैठे सभी बच्चे सुरक्षित है. किसी को कोई चोटे नहीं आई. जानकारी के अनुसार बंगाली टोला में स्कूल वैन बच्चों को लेकर जा रही थी तभी विपरित दिशा से आ रही तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर अचानक अनियंत्रित हो गई और वैन से जा टकराई. हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई. टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े और गाड़ियों में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया. हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला. जानकारी के अनुसार हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं. जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया. प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे की वजह मानी जा रही है. सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है. पुलिस ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## राज्यपाल सैयद अता हसनैन का दानापुर रेजिमेंट सेंटर दौरा, वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी



**बिहार:** बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने दानापुर में बिहार रेजिमेंट सेंटर का औपचारिक एवं गरिमामय दौरा किया. आगमन पर जनरल ऑफिसर कमांडिंग 111 एरिया और स्टेशन कमांडर ने सैन्य परंपराओं के अनुरूप उनका स्वागत किया.

**वीर स्मृति स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि**

राज्यपाल ने वीर स्मृति स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर बिहारी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी. उन्होंने कहा कि शहीद सैनिकों का साहस, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान देश के लिए प्रेरणा है तथा राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा.

**सैनिकों और एनसीसी कैडेट्स से किया संवाद**

दौरे के दौरान राज्यपाल ने विजिटर बुक में अपने विचार भी दर्ज किए। इसके बाद उन्होंने एनसीसी कैडेट्स और दानापुर स्टेशन के सैनिकों से आत्मीय संवाद किया. उन्होंने सैनिकों के अनुभव सुने और उनके उच्च मनोबल, समर्पण तथा राष्ट्र सेवा के प्रति निष्ठा की सराहना की.

**कई वरिष्ठ सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद**

इस अवसर पर 111 एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग पवन चड्ढा, बिहार के डीजीपी विनय कुमार, स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर अमित बेदी, बिहार रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा समेत सेना, सीआरपीएफ, एसएसबी, एयरफोर्स और एनसीसी के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

**सैनिकों के लिए प्रेरणादायी रहा दौरा**

राज्यपाल का यह दौरा सैनिकों के लिए प्रेरणादायी रहा। इस अवसर ने सैन्य परंपराओं, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का संदेश दिया.

## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद संयंत्र में पूरा हुआ यूएसएफडीए का निरीक्षण



**नई दिल्ली।** अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जायडस बायोलॉजिक्स के अहमदाबाद स्थित इंजेक्टेबल संयंत्र में निरीक्षण पूरा कर सात टिप्पणियां जारी की है। बुधवार को शेयर यूएसएफडीए ने अहमदाबाद के चांगोदर स्थित जायडस बायोटेक पार्क में इकाई-9 सुविधा केंद्र में जीएमपी निगरानी निरीक्षण किया।

### रुपया 61 पैसे चढ़कर 94.57 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 61 पैसे चढ़कर 94.57 प्रति डॉलर पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ संभावित समझौते के संकेत देने के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से रुपया मजबूत हुआ है। रुपये पर पड़ रहे भारी दबाव को देखते हुए आरबीआई मुद्रा को समर्थन देने के लिए सक्रिय रूप से एक 'अप्रत्यक्ष' रणनीति भी अपना रहा है।

### ट्राइमैक्स को भारत में मिले पांडा की फ्रेंचाइजी

**नई दिल्ली।** रेस्तरां संचालक ट्राइमैक्स फूड्स को पांडा रेस्टोरेंट ग्रुप की एक अनुषंगी कंपनी से रेस्तरां ब्रांड 'पांडा एक्सप्रेस' के भारत में 'फ्रेंचाइजी' के अधिकार मिल गए हैं। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत ट्राइमैक्स फूड्स 400 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पांडा एक्सप्रेस के संचालन को 100 स्टोर तक विस्तारित करेगा।

### रेडिको खेतान का मुनाफा दोगुना होकर 179 करोड़

**नई दिल्ली।** भारत में बनी विदेशी शराब की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक रेडिको खेतान लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष मार्च में समाप्त तिमाही के दौरान एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना होकर 179.46 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह जानकारी दी है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 93.07 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### अरविंद फैशंस ने 66 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया



**नई दिल्ली।** कपड़े बनाने वाली कंपनी अरविंद फैशंस लिमिटेड का गत वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 66.34 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (मार्च) तिमाही में 72.49 कंपनी की परिचालन आय सालाना आधार पर 1,189.06 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,364.79 करोड़ रुपये रही।

### केपीआई ग्रीन एनर्जी का लाभ बढ़कर 155 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** केपीआई ग्रीन एनर्जी का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 49 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 155.48 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष इसी अवधि में उसका शुद्ध लाभ 104.18 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व सालाना आधार पर 577.80 करोड़ रुपये से बढ़कर 810.20 करोड़ रुपये हो गया।

# किरण मजूमदार-शॉ ने भतीजी क्लेयर को उत्तराधिकारी चुना

नई दिल्ली

बायोकॉन की संस्थापक एवं कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने अपनी भतीजी क्लेयर मजूमदार को उत्तराधिकारी के रूप में चुना और भारत की प्रमुख जैव प्रौद्योगिकी कंपनी के लिए उत्तराधिकार योजना तय की है। मजूमदार-शॉ (73) की कोई संतान नहीं है। शॉ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बायोकॉन में उत्तराधिकार योजना से जुड़ी खबरों की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी भतीजी क्लेयर को उत्तराधिकारी चुना है। स्पष्ट किया कि यह बदलाव जल्द नहीं होने जा रहा है।

- क्लेयर मजूमदार किरण के भाई रवि मजूमदार की बेटी है

## बायोकॉन संस्थापक की अभी पद छोड़ने की योजना नहीं

*क्लेयर ने बोस्टन में बिकारा थेरेप्यूटिक्स की स्थापना की थी :* क्लेयर मजूमदार ने 2018 में बोस्टन स्थित बिकारा थेरेप्यूटिक्स की स्थापना की थी जो कैंसर के उपचार पर काम करने वाली एक 'क्लीनिकल-स्टेज' कंपनी है। शॉ इसे 2024 में नैस्डैक में सूचीबद्ध कराया। रवि मजूमदार बायोकॉन में गैर-कार्यकारी निदेशक हैं। क्लेयर रिलाय थेरेप्यूटिक्स और नूरा हेल्थ के बोर्ड में भी शामिल हैं।



*क्लेयर धीरे-धीरे मेरी भूमिका संभालेंगी:* शॉ ने लिखा, " अभी कुछ समय तक पद छोड़ने की योजना नहीं है। क्लेयर समय के साथ धीरे-धीरे मेरी भूमिका संभालेंगी। क्लेयर मजूमदार (37) बायोकॉन की संस्थापक किरण के भाई रवि मजूमदार की बेटी हैं।

### पति का 2022 में कैंसर से हुआ था निधन

जॉन शॉ का 2022 में कैंसर के कारण निधन हो गया। जॉन बायोकॉन के उपाध्यक्ष एवं गैर-कार्यकारी निदेशक होने के साथ ही कंपनी के विदेशी प्रवर्तक भी थे। क्लेयर को उत्तराधिकारी नामित करते हुए मजूमदार-शॉ ने कहा कि बायोकॉन की एकमात्र प्रवर्तक होने के नाते उन्हें यह सुनिश्चित करना था कि कंपनी सही हाथों में जाए।

*चार दशकों बाद बागडोर दूसरी महिला को :* शॉ ने कहा कि क्लेयर ने यह साबित किया है कि वह एक कंपनी चला सकती हैं इसलिए उन्हें उत्तराधिकारी के रूप में चुना गया है। चार दशकों में एक महिला द्वारा खड़ी की गई बायोकॉन की बागडोर अब एक महिला से दूसरी महिला को सौंपे जाने की तैयारी है।

### क्लेयर जीवविज्ञान में पीएचडी है

एमआईटी से जैविक इंजीनियरिंग में स्नातक क्लेयर के पास स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से एमबीए और कैंसर जीवविज्ञान में पीएचडी की डिग्री भी है। उनके माता-पिता अमेरिका में कंप्यूटर विज्ञान के प्रोफेसर भी हैं। उनके भाई एरिक कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रोफेसर एवं कृत्रिम मेधा (एआई) विशेषज्ञ हैं।

### एक गैरेज में बायोकॉन की स्थापना की थी

भारतीय जैव-प्रौद्योगिकी उद्योग का चेहरा मानी जाने वाली मजूमदार-शॉ ने 1978 में बेंगलुरु में एक गैरेज से 10,000 रुपये में बायोकॉन की स्थापना की थी और चार दशकों में इसे भारत की सबसे बड़ी जैव-प्रौद्योगिकी कंपनी बना दिया। उन्होंने 1998 में स्कॉटलैंड के जॉन शॉ से विवाह किया था।

## अमेरिकी फिच समूह की कंपनी बीएमआई ने जारी की रिपोर्ट

# रुपया 2026 के अंत तक करीब 95 प्रति डॉलर के आसपास रहेगा : बीएमआई

नई दिल्ली

भारतीय रुपया ईरान संघर्ष के दबाव के बीच 2026 के अंत तक करीब 95 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर के आसपास सीमित दायरे में बना रह सकता है। वर्तमान में रुपया करीब 95.20 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी फिच समूह की कंपनी बीएमआई ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि मुनाफे की धीमी वापसी (रिपैट्रिएशन) और केंद्रीय बैंक का मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप रुपये में गिरावट की गति को सीमित करेगा।

अमेरिका-ईरान संघर्ष ने उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव डाला है। खासकर भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देशों पर। मार्च-अप्रैल 2026 के दौरान रुपया चार प्रतिशत कमजोर हुआ और फिलहाल 95.20 प्रति डॉलर के स्तर पर है। बीएमआई के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत और महंगाई दर 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

**अमेरिकी-ईरान संघर्ष ने उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव डाला**

**भारत जैसे सबसे बड़े ऊर्जा आयातक देश पर इसका ज्याद असर**

**मार्च-अप्रैल 2026 के दौरान रुपया चार प्रतिशत कमजोर हुआ**



### रुपया सीमित दायरे में कारोबार करेगा

रुपये की कमजोरी से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप कर इसे स्थिर रखने की कोशिश की। बीएमआई ने कहा, " आगे चलकर हमारा अनुमान है कि रुपया सीमित दायरे में रहेगा और वर्ष के अंत तक करीब 95 रुपये प्रति डॉलर पर रहेगा। यह अनुमान नकारात्मक और सकारात्मक कारकों के संतुलन को दर्शाता है।"

### भारत का चालू खाता घाटा 0.4 प्रतिशत बढ़ा

बीएमआई का मानना है कि युद्ध के कारण भारत का चालू खाता घाटा 0.4 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के 1.3 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। यह मुख्य रूप से ऊर्जा आयात पर भारत की निर्भरता को दर्शाता है, जो 2025-26 में कुल आयात का 22 प्रतिशत था। 2026-27 में इसके और बढ़ने के आसार हैं।

### निवेश प्रवाह कमजोर रहेगा

बीएमआई ने कहा, " ईरान युद्ध और शुल्क के कारण बढ़ी नीतिगत अनिश्चितता को देखते हुए हमारा मानना है कि शुद्ध खंड निवेश प्रवाह कमजोर रहेंगे। मार्च में देश से 13.4 अरब डॉलर की पूंजी निकासी हुई जो वैश्विक महामारी के बाद सबसे अधिक मासिक बहिर्वाह है। रुपया पिछले 12 महीने में करीब 10 प्रतिशत कमजोर हुआ है।

**जोखिम से बचने की प्रवृति बढ़ रही** : इसमें कहा गया कि 2026-27 में वित्तीय खंड निवेश का बाहर जाना (आउटफ्लो) जारी रह सकता है, जिससे रुपये पर दबाव बना रहेगा क्योंकि उभरते बाजारों के प्रति जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

### वर्ष 2022 में भी रुपए में गिरावट देखी गई थी

इससे पहले जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 के दौरान भी ऐसी गिरावट देखी गई थी, जब ब्याज दरों के अंतर अमेरिकी डॉलर के पक्ष में बढ़ गए थे। उस समय आरबीआई ने आक्रामक हस्तक्षेप किया था जिससे विदेशी मुद्रा भंडार में 13 प्रतिशत की कमी आई थी।

### आरबीआई रुपए को स्थिर रखने की कोशिश करेगा

बीएमआई ने कहा, " हमारा मानना है कि आने वाली तिमाहियों में आरबीआई आयात के सात महीनों के बराबर अपने भंडार का उपयोग कर बाजार की भावनाओं से प्रेरित पूंजी बहिर्वाह को संतुलित करेगा और रुपये को स्थिर रखने की कोशिश करेगा।"

# गेहूं, चावल गोदामों में बफर मानकों से तीन गुना अधिक

।नई दिल्ली



- एफसीआई गोदामों में अप्रैल में बढ़कर 604.02 लाख टन पहुंचा
- बफर मानक 210.40 लाख टन का लगभग तीन गुना है

सरकार के गेहूं एवं चावल का भंडार भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों में एक अप्रैल को बढ़कर 604.02 लाख टन पर पहुंच गया, जो निर्धारित बफर मानक 210.40 लाख टन का लगभग तीन गुना है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, चावल का भंडार 386.10 लाख टन रहा, जो 135.80 लाख टन के बफर मानक से काफी अधिक है। वहीं, गेहूं का भंडार 217.92 लाख टन दर्ज किया गया, जबकि इसका बफर मानक 74.60 लाख टन है। अनाज भंडारण के बफर मानक तिमाही आधार पर संशोधित किए जाते हैं। मौजूदा मानक एक अप्रैल से लागू हैं और अगला संशोधन एक जुलाई को होगा। सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जरूरतमंदों को अनाजों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ये भंडार बनाए रखती है।

इस बीच, 2026 की रबी फसलों की खरीद प्रक्रिया जारी है। देश में 334.17 लाख हेक्टेयर में बोए गए गेहूं में से लगभग 97 प्रतिशत की कटाई हो चुकी है, जबकि दलहनों की कटाई पूरी हो गई है।


### गेहूं का भाव 2530 रुपए प्रति क्विंटल रहा

एक अधिकारी ने कहा कि एक मई को समाप्त हुए सप्ताह में लगभग सभी प्रमुख फसलें एमएसपी से नीचे कारोबार कर रही थीं। गेहूं का भाव 2,530 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जो 2,585 रुपये के एमएसपी से 2.13 प्रतिशत कम है। धान का दाम सालाना आधार पर 3.17 प्रतिशत गिरकर 2,294 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया।

### अरहर, मूंग, बाजरा एमएसपी से नीचे बने हुए

मक्का का भाव 23.71 प्रतिशत गिरकर 1,831 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि इसका एमएसपी 2,400 रुपये है। इसके अलावा अरहर, मूंग, बाजरा और सूरजमुखी जैसी फसलों के थोक दाम भी एमएसपी से नीचे बने हुए हैं।

# देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर पांच महीने के उच्च स्तर पर



- अप्रैल में बढ़कर 58.8 पर पहुंच गई
- नए ऑर्डर और उत्पादन में तेज वृद्धि मुख्य वजह

नई दिल्ली

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर पांच महीने के उच्च स्तर 58.8 पर पहुंच गई। नए ऑर्डर और उत्पादन में तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च के 57.5 से बढ़कर अप्रैल में 58.8 हो गया जो पिछले नवंबर के बाद विस्तार की सबसे मजबूत दर को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। यह सूचकांक एक प्रश्न पर आधारित होता है, जिसमें पूछा जाता है कि व्यापारिक गतिविधि का स्तर पिछले महीने की तुलना में कैसा है। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों के अनुसार, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण, ई-कॉमर्स और विशेष रूप से स्थानांतरण (रिलोकेशन) तथा लॉजिस्टिक्स सेवाओं की मजबूत मांग ने बिक्री वृद्धि को बढ़ावा दिया। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' अप्रैल में भारत का सेवा पीएमआई पांच माह के उच्च स्तर 58.8 पर पहुंच गया।

### कनिष्ठ व प्रशिक्षुओं की भर्ती बढ़ी

नए कारोबार की बढ़ती मात्रा के कारण अल्पकालिक कर्मचारियों और कनिष्ठ स्तर के प्रशिक्षुओं की भर्ती बढ़ी। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया समग्र पीएमआई उत्पादन सूचकांक 57.0 से बढ़कर 58.2 हो गया जो ऐतिहासिक रूप से मजबूत विस्तार दर का संकेत देता है। हालांकि यह वृद्धि लगभग ढाई वर्ष में सबसे धीमी में से एक रही। समग्र पीएमआई सूचकांक, तुलनीय विनिर्माण एवं सेवा पीएमआई सूचकांकों का भारित औसत है।

## एलएंडटी को जेएसडब्ल्यू से 15,000 करोड़ का ठेका मिला




**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का जेएसडब्ल्यू स्टील से 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये के बीच का ''बड़ा'' ठेका मिला है। अपनी रणनीतिक वृद्धि योजना के तहत जेएसडब्ल्यू स्टील 2031 तक अपनी कच्चे इस्पात प्रसंस्करण क्षमता को 3.5 करोड़ टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से बढ़ाकर पांच करोड़ टन प्रति वर्ष से अधिक करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके अनुरूप, एलएंडटी को कर्नाटक के बल्लारी और ओडिशा के पारादीप स्थित जेएसडब्ल्यू के संयंत्रों में मुख्य रूप से ब्लास्ट फर्नेस तथा स्टील मेल्ट शॉप सहित महत्वपूर्ण प्रक्रिया सुविधाओं की इंजीनियरिंग, खरीद एवं स्थापना का काम सौंपा गया है।

## अनिवासी भारतीय निवेश के लिए खाड़ी से भेज रहे पैसा

**मुंबई।** पश्चिम एशिया संकट के बावजूद खाड़ी देशों से भेजे जाने वाले धन में बढ़ोतरी के बीच प्रवासी भारतीय अब केवल पारिवारिक जरूरतों के लिए ही नहीं, बल्कि निवेश के इरादे से भी पैसे भेज रहे हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इक्विरस वेल्थ की यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि विदेशी धनप्रेषण का स्वरूप अब 'जरूरत आधारित' की जगह 'रणनीति आधारित' होता जा रहा है, जिससे खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले भारतीयों के लिए भारत प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। खाड़ी क्षेत्र के 8,300 से अधिक उत्तरदाताओं पर आधारित इस सर्वेक्षण में पाया गया कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) द्वारा भेजी जाने वाली कुल रकम में करीब आधा हिस्सा निवेश और सेवानिवृत्ति योजना से जुड़ा है। इसमें निवेश का हिस्सा 27 प्रतिशत, सेवानिवृत्ति योजना का 22 प्रतिशत और पारिवारिक सहायता का 26 प्रतिशत रहा।

# इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री अप्रैल में 75% से अधिक बढ़ी

- पीवी की बिक्री अप्रैल में 23,506 इकाई हो गई : फाडा

नई दिल्ली



देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री अप्रैल में 75.14 प्रतिशत बढ़कर 23,506 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 13,421 इकाई थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने बुधवार को यह जानकारी दी। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड अप्रैल में 8,543 इकाइयों के साथ शीर्ष पर रही जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड 5,413 इकाइयों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसके बाद 5,006 इकाई के साथ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया का स्थान रहा। फाडा ने कहा कि इलेक्ट्रिक दोपहिया खंड में पिछले महीने कुल बिक्री 60.73 प्रतिशत बढ़कर 1,48,740 इकाई रही जबकि पिछले वर्ष अप्रैल में यह 92,538 इकाई थी। टीवीएस मोटर कंपनी इस खंड में 37,683 इकाइयों की बिक्री के साथ शीर्ष पर रही।

# सेबी ने 'महत्वपूर्ण सूचकांक' के निर्धारण के लिए पेश की रूपरेखा

- महत्वपूर्ण सूचकांक वह होगा जिसका छह महीने का एयूएम 20,000 करोड़ से अधिक रही हो

नई दिल्ली



बाजार नियामक सेबी ने महत्वपूर्ण सूचकांक के निर्धारण के मामले में मंगलवार को एक नई रूपरेखा पेश की। इसके तहत किसी भी सूचकांक को उस समय 'महत्वपूर्ण सूचकांक' माना जाएगा, जब उसे ट्रैक करने वाली म्यूचुअल फंड योजनाओं का दैनिक औसत संयुक्त प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) पिछले छह महीनों में लगातार 20,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा हो। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि इस कदम का उद्देश्य सूचकांक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करना है। परिपत्र के मुताबिक, सूचकांक वर्गीकरण की यह सीमा प्रत्येक वर्ष 30 जून और 31 दिसंबर को समाप्त होने वाली छमाही आधार पर आंकी जाएगी। नियामक ने स्पष्ट किया कि एक बार किसी सूचकांक को 'महत्वपूर्ण' श्रेणी में शामिल कर दिया गया तो वह इसमें बना रहेगा, जब तक कि उसका एयूएम लगातार तीन वर्षों तक निर्धारित सीमा से नीचे नहीं चला जाता। सेबी ने कहा कि सूचीबद्ध प्रतिभूतियों पर आधारित सूचकांक को तब 'महत्वपूर्ण सूचकांक' माना जाएगा जब वह म्यूचुअल फंड योजनाओं में छह महीने की अवधि के दौरान तय एयूएम मानदंड को पूरा करता है। यह कदम सेबी (सूचकांक प्रदाता) विनियम, 2024 के लागू होने के बाद आया है।

## कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों की भारत में सबसे ज्यादा नौकरी जाने का डर

# कॉग्निजेंट दुनियाभर में 15,000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही

नई दिल्ली

आईटी कंपनी कॉग्निजेंट कर्मचारियों की संख्या में बड़ी कमी करने के बारे में सोच रही है। इससे दुनियाभर में कंपनी के 12,000-15,000 कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है। इसका सबसे ज्यादा असर भारत में भी कंपनी के कर्मचारियों पर पड़ेगा। कॉग्निजेंट भारत में कर्मचारियों की संख्या में बड़ी कमी कर सकती है।

कॉग्निजेंट ने 29 अप्रैल को कहा था उसे प्रोजेक्ट लीप के तहत कर्मचारियों की छंटनी पर 23 से 32 करोड़ डॉलर खर्च होने की उम्मीद है। रुपए में यह अमाउंट 2000 से 3000 करोड़ रुपए के बीच होगा। भारत में कंपनी के कर्मचारियों के लिए यह चिंता की बात है। इसकी वजह यह है कि कंपनी के सबसे ज्यादा कर्मचारी भारत में हैं।

## कॉग्निजेंट प्रोजेक्ट लीप के तहत कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही

### भारत में 12000-13000 कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है

इंडिया में कॉग्निजेंट के करीब 12,000-13,000 कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है। अमेरिका में कंपनी के कर्मचारियों की औसत सैलरी करीब 1,00,000 डॉलर सालाना है। यह इंडिया में कर्मचारियों की सैलरी का कई गुना है। अगर कंपनी छंटनी पर कर्मचारियों को 4-6 महीनों की सैलरी देती है तो इसका मतलब है कि प्रति एंप्लॉयीज खर्च करीब 50,000 डॉलर आएगा।




*भारत में कॉग्निजेंट के ढाई लाख से ज्यादा कर्मचारी :* दुनियाभर में कॉग्निजेंट के 3,57,000 कर्मचारी हैं। इनमें से 2,50,000 से ज्यादा कर्मचारी भारत में हैं। इंडस्ट्री के अधिकारी ने बताया कि क्लाइंट्स तेजी से ट्रेडिशनल पिरामिड-हेवी स्टाफिंग मॉडल से दूरी बना रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया, 'अब कस्टमर्स फुल पिरामिड्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहते।' उन्होंने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि आईटी सर्विसेज की डिलीवरी के तरीके में बड़ा बदलाव आ रहा है।

### एक कर्मचारी पर कंपनी को 7.5 लाख रुपए खर्च करने होंगे

कॉग्निजेंट की छंटनी पर आने वाले खर्च का अनुमान अलग-अलग देशों में कर्मचारियों की सैलरी और कंपनसेशन पर आधारित है। इंडिया में कंपनी के कर्मचारियों की एवरेज सैलरी करीब 15 लाख है। आम तौर पर नौकरी जाने पर कर्मचारी को कंपनी करीब 6 महीने की सैलरी देती है। इसका मतलब है कि प्रति कर्मचारी कंपनी को करीब 7.5 लाख रुपए खर्च करने होंगे।

### कंपनी वर्कफोर्स डिजाइन में भी बदलाव की तैयारी में

कंपनी के सीईओ रवि कुमार एस ने पिछले हफ्ते तिमाही नतीजों के ऐलान के बाद मीडिया को बताया था, 'यह एक ग्लोबल प्रोग्राम है...ऑर्गेनाइजेशन के कई हिस्सों को इस प्रक्रिया से गुजरना होगा।' कंपनी के मैनेजमेंट ने वर्कफोर्स डिजाइन में भी बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। कुमार ने कहा था कि कंपनी ऐसे वर्क मॉडल का इस्तेमाल करना चाहती है, जिसमें डिजिटल लेबर और ह्यूमन लेबर शामिल होंगे।

### श्री सीमेंट के शुद्ध लाभ में 4.3 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** श्री सीमेंट लिमिटेड का एकीकृत मुनाफा वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में 4.31 प्रतिशत घटकर 531.99 करोड़ रुपये रहा। बांगुर परिवार प्रवर्तित श्री सीमेंट ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में उसे 555.98 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी का परिचालन राजस्व आलोच्य तिमाही में 7.68 प्रतिशत बढ़कर 5,642.95 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 5,240.15 करोड़ रुपये था। मार्च तिमाही में श्री सीमेंट का कुल खर्च 9.41 प्रतिशत बढ़कर 5,085.08 करोड़ रुपये रहा।

## खबर संक्षेप

### क्वीन सिरिकिट कप में हिस्सा लेंगे 3 भारतीय खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** युवा गोल्फर गुंतास कौर संधू की अगुवाई में भारत की तीन सदस्यीय टीम क्वीन सिरिकिट कप के लिए 12 से 15 मई तक इंडोनेशिया में होने वाली प्रतिष्ठित एशिया-प्रशांत एमेच्योर टीम चैंपियनशिप में भाग लेगी। इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने इस टूर्नामेंट के लिए तीन सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता में मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया सहित कुल 15 देश भाग लेंगे। अन्य देशों में ऑस्ट्रेलिया, चीन, चीनी ताइपे, हांगकांग, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, म्यांमा, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। संधू भारतीय टीम की अगुवाई करेगी। टीम की अन्य दो सदस्य हरियाणा की सीरत कांग और दिल्ली की कीया बड़ुगु हैं। संधू 2025 की लेडीज ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन हैं।

### अब हर मुकाबला नॉक आउट जैसा : बदानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच हेमांग बदानी ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच में मिली 8 विकेट की करारी शिकस्त के बाद कहा कि टीम को मौजूदा स्थिति से उबरने के लिए सामूहिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अब हर मुकाबला लगभग नॉकआउट जैसा हो गया है। बदानी ने कहा, 'अब मामला नॉकआउट जैसा है, चार (मैचों) में चार जीतना होगा। ड्रेसिंग रूम में सभी खिलाड़ी स्थिति से वाकिफ हैं और अब प्रदर्शन कर लक्ष्य हासिल करना ही एकमात्र विकल्प है। सामूहिक तौर बेहतर प्रदर्शन करना होगा।' उन्होंने कहा, 'हम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कभी गेंदबाजी अच्छी होती है, बल्लेबाजी नहीं, कभी इसका उल्टा। इस स्तर पर 60-70 प्रतिशत खिलाड़ियों का योगदान जरूरी है, जो अभी नहीं हो पा रहा।



### पावर प्ले में मजबूत मानसिकता और अनुशासन जरूरी: हुसैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेन्नई सुपरकिंग्स की आठ विकेट की जीत में अहम योगदान निभाने वाले खब्बू स्पिनर अकील हुसैन ने कहा कि टी20 प्रारुप में पावर प्ले में सफलता के लिए सिर्फ कौशल ही नहीं, बल्कि मजबूत मानसिकता और अनुशासन भी बेहद जरूरी हैं। अकील ने चेन्नई सुपरकिंग्स के इस अहम मुकाबले में 4 ओवर में सिर्फ 19 रन देकर 1 विकेट लिया। उन्होंने चार में से तीन ओवर पावर प्ले में डाले। इस दौरान 11 डॉट गेंदें डालते हुए 15 रन देकर लोकेश राहुल का अहम विकेट भी चटकाया।अकील ने कहा, पावर प्ले में गेंदबाजी के लिए आपको मानसिक रूप से मजबूत भी होना पड़ता है। इसके लिए कौशल की जरूरत होती है, खासकर उन पिचों पर जहां स्पिन को मदद नहीं मिलती। इस दौरान सिर्फ दो क्षेत्ररक्षक (30 गज के दायरे से) बाहर होते हैं, ऐसे में आप ज्यादा लालच नहीं कर सकते या हर गेंद पर विकेट ढूंढने नहीं जा सकते। विकेट के पीछे भागने से ज्यादा जरूरी है योजना पर टिके रहना।



#### नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में 31 मई को खिताबी मुकाबला

# आईपीएल फाइनल बेंगलुरु से अहमदाबाद शिफ्ट, धर्मशाला और चंडीगढ़ में प्लेऑफ मैच

नई दिल्ली

बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद लगातार दूसरे सत्र में 31 मई को इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि क्वालीफायर 1 धर्मशाला और दो अन्य प्लेऑफ मैच न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह घोषणा की।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल बेंगलुरु में खेला जाना था। पिछले साल के अलावा अहमदाबाद ने इससे पहले 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल की मेजबानी की थी।



### कर्नाटक क्रिकेट संघ की मांग प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर

बीसीसीआई ने कहा, 'आईपीएल फाइनल की मेजबानी के लिए मूल रूप से बेंगलुरु को चुना गया था। लेकिन स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी मांगों के कारण, जो बीसीसीआई के स्थापित दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं, आयोजन स्थल को स्थानांतरित कर दिया गया है।' बोर्ड ने हालांकि कर्नाटक की राजधानी में फाइनल आयोजित करने के लिए की जा रही मांगों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। बोर्ड ने यह भी कहा कि 'संचालन और लॉजिस्टिकल से जुड़े मसलों के कारण इस वर्ष प्लेऑफ चरण के मैच तीन स्थानों पर खेले जाएंगे।'

### धर्मशाला में पहली बार प्लेऑफ का मैच



बीसीसीआई ने कहा, 'क्वालीफायर-1 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें भाग लेंगी। इस मैच के विजेता को फाइनल में सीधा प्रवेश मिलेगा।।' इसमें कहा गया है, 'इसके बाद मुकाबले न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे, जहां तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच 27 मई को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। इसी स्टेडियम में 29 मई को क्वालीफायर 2 भी खेला जाएगा।' धर्मशाला में पहली बार आईपीएल प्लेऑफ का कोई मैच खेला जाएगा। एलिमिनेटर में जीत दर्ज करने वाली टीम क्वालीफायर दो में क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम का सामना करेगी। इस मैच की विजेता टीम फाइनल में पहुंचेगी।

### अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण अहमदाबाद को प्राथमिकता

बीसीसीआई ने कहा, 'आईपीएल के मौजूदा सत्र का समापन 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रैंड फाइनल के साथ होगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है।' बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद स्टेडियम को उसकी अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई क्योंकि फाइनल के लिए अधिक संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है। वहीं चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। पिछले साल आरसीबी के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ में यहां 11 लोगों की जान चली गई थी।

### फ्री टिकट पर सहमत नहीं बीसीसीआई

यह भी पता चला है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की अपेक्षाकृत कम क्षमता को देखते हुए बोर्ड कर्नाटक सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं है, जिसमें राज्य के विधायकों, एमएलसी और सांसदों के लिए इस सत्र में आईपीएल के तीन-तीन मुफ्त टिकटों का कोटा निर्धारित किया गया है।

### प्लेऑफ शेड्यूल

**क्वालीफायर 1** : 26 मई
एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला
**एलिमिनेटर**: 27 मई
न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़
**क्वालीफायर 2**: 29 मई
न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़

**फाइनल**
31 मई – नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद।

#### आईसीसी टी20 रैंकिंग

## अभिषेक और ईशान का दबदबा बरकरार



दुबई

आईसीसी ने टी20 की ताजा रैंकिंग जारी की है। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय टीम के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शीर्ष पर बने हुए हैं। बांग्लादेश के खिलाड़ियों को ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 9 मार्च के बाद से कोई इंटरनेशनल टी20 नहीं खेलने के बावजूद पहले स्थान पर बने हुए हैं। ईशान किशन दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट चौथे, श्रीलंका के पाथुम निसांका पांचवें, भारत के तिलक वर्मा छठे, भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें, इंग्लैंड के जोस बटलर आठवें, दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नौवें और जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट दसवें स्थान पर हैं।

#### चैंपियंस लीग फुटबाल

## आर्सेनल का 20 साल का सूखा खत्म पहुंचा चैंपियंस लीग के फाइनल में



लंदन

*बुकायो साका के पहले हाफ के आखिर में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर 20 साल में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खेल के 45वें मिनट में लिएंड्रो ट्रोसार्ड के शॉट को जान ओब्लाक ने बचा लिया, जिसके बाद साका ने रिबाउंड पर गोल दागकर आर्सेनल को सेमीफाइनल में कुल मिलाकर 2-1 की बढ़त दिला दी। सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबर रहा था। बढ़त हासिल करने के बाद आर्सेनल की रक्षापंक्ति ने उसे बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई।*

### 2006 में फाइनल में पहुंचा था आर्सेनल

यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता में आर्सेनल का यह केवल दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2006 में फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब बार्सिलोना से हार गया था। इस बार फाइनल में उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) या बायर्न म्यूनिख से होगा। पीएसजी ने सेमीफाइनल के पहले चरण में 5-4 से जीत हासिल की थी। आर्सेनल के लिए यह सत्र विशेष हो सकता है क्योंकि वह चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने की बेहद करीब है। इसके अलावा वह प्रीमियर लीग में खिताब जीतने की दौड़ में सबसे आगे है।

## तुमकुरु ओपन : वैदेही और जील जीतीं, आकांक्षा बाहर

एजेंसी ▶▶ तुमकुरु

भारत की महिला एकल खिलाड़ियों के लिए बुधवार को आईटीएफ डब्ल्यू15 तुमकुरु ओपन में दूसरा दिन अच्छा रहा लेकिन आठवीं वरीय आकांक्षा दिलीप निटुरे को निराशानजक हार का सामना करना पड़ा। आकांक्षा को राउंड ऑफ 32 के एकतरफा मैच में एरिना आरिफुलिना ने 6-1, 6-1 से हरा दिया। तीसरी वरीय वैदेही चौधरी ने सोहा सादिक को 6-3, 6-4 से हराया जबकि चौथी वरीय जील देसाई ने दिन का सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए जीतेश कुमारी के खिलाफ 6-0, 6-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। लिथुआनिया की शीर्ष वरीय जस्टिना मिकुलस्काइट और पोलैंड की दूसरी वरीय जुजाना पावलिकोवस्का ने अपने-अपने भारतीय प्रतिद्वंद्वियों को सीधे सेट में हरा दिया। छठी वरीय एकातेरिना याशिना भी आसानी से अगले दौर में पहुंच गईं। उन्होंने बेला तम्हणकर को 6-2, 6-2 से हराया। लक्ष्मीसिरी दंडू ने जबरदस्त वापसी करते हुए हमवतन भारतीय प्रत्युषा रचपुडी को 1-6, 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। काशिश भाटिया ने वाइल्ड कार्ड धारक अमोदिनी नाइक को 6-1, 6-1 से आसानी से हरा दिया। मिश्रित युगल प्री क्वार्टर फाइनल में सोहा सादिक और मधुरिमा सावंत की जोड़ी ने पूजा इंगले और प्रत्युषा रचपुडी के खिलाफ 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की।

## शंघाई विश्व कप : पोडियम पर जगह बनाने में असफल भारतीय कंपाउंड टीम

शंघाई

पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम ने बुधवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाने के कारण पोडियम पर जगह बनाने में असफल रहीं।

सबसे बड़ा झटका महिला टीम को लगा, जिसने पिछले महीने मैक्सिको में सत्र के पहले विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रगति और अदिति स्वामी की तिकड़ी क्वार्टर फाइनल में तुर्की से 227-233 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय टीम हजल बुरुन, डेफने चकमाक और एमिने राबिया ओगुज्ञ की निरंतरता का मुकाबला करने में विफल रही। ओजस देवताले, साहिल जाधव और कुशल दलाल की पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर उम्मीदें जगाईं, लेकिन अंतिम चार में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके बाद कांस्य पदक के मैच में भारत को चीन से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा।



व्यक्तिगत स्पर्धा में अगले दौर में बनाई जगह

### व्यक्तिगत वर्ग में राहत

भारत को हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में कुछ राहत मिली क्योंकि सभी भारतीय कंपाउंड तीरंदाज अगले दौर में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव, कुशल दलाल और ओजस देवताले ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बनाई। वर्मा का अगला मुकाबला जाधव से होगा।


#### लापरवाही बरतने पर कार्लटन क्लब पर 75 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का अर्थदंड

## मैदान में हॉलैंड्स की मानसिक स्थिति अस्थिर, क्लब पर जुर्माना

मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियाई रूल्स फुटबॉल क्लब कार्लटन पर एक खिलाड़ी के मैदान पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से निपटने में लापरवाही बरतने के लिए 75 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (54,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया है।

एलिजा हॉलैंड्स 16 अप्रैल को कार्लटन और कोलिंगवुड के बीच ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग (एएफएल) के मैच में खेले थे जबकि वह मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थे। मैच के फुटेज से भी यह स्पष्ट हो गया था, जिस कारण प्रशंसकों और अन्य लोगों ने उनकी स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की थी। फुटेज में हॉलैंड्स भ्रमित



और अनियमित रूप से चलते हुए दिखाई दिए। यही नहीं वह वार्म-अप के दौरान भी असामान्य हरकतें कर रहे थे। वह गेंद पर सही तरह से किक भी नहीं मार पा रहे थे। उनका एक शॉट केवल कुछ मीटर तक ही गया। इस मैच के 5 दिन बाद 24 वर्षीय हॉलैंड्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### हॉलैंड्स के पिता ने किया मदद करने का आग्रह

एलिजा हॉलैंड्स के पिता और पूर्व एएफएल खिलाड़ी बेन हॉलैंड्स ने सोशल मीडिया पर अपने बेटे की मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि अगर उनके दोस्त मुश्किल में हैं तो उनका हालचाल पूछें।

### हॉलैंड्स खेलने की स्थिति में नहीं हैं: डिलन

ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग के प्रमुख एंड्रयू डिलन ने कहा, 'हॉलैंड्स के चिकित्सा रिकॉर्ड के अलावा खेल के दौरान यह स्पष्ट रूप से पता चल रहा था कि वह खेलने की स्थिति में नहीं हैं और इसलिए उन्हें मैच से हटा दिया जाना चाहिए था।' डिलन ने कहा कि हॉलैंड्स को पहले ही मैच से बाहर नहीं रखने से खेल की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोप किसी व्यक्ति विशेष के नहीं बल्कि क्लब के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, ' इस घटना ने हमारे खेल के लिए एक महत्वपूर्ण बात को उजागर किया है। हमारे शारीरिक चोट संबंधी नियम कड़े और अच्छी तरह से समझे जाते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भिन्न और जटिल हो सकती हैं।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 9 | 6 | 2 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 4 | 6 | 8 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| लखनऊ | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



लोकेश राहुल
445 रन
दिल्ली

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

# एलएसजी के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी आरसीबी

लखनऊ

पिछले मैच में बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग की तालिका में शीर्ष पर जगह मनाने का मौका गंवाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुरुवार को सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बल्लेबाजी में अपनी लय फिर से हासिल करके प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने की कोशिश करेगी।

आरसीबी फिलहाल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, लेकिन उसके चार अन्य टीमों के समान 12 अंक हैं। उसकी टीम को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स से चार विकेट से मिली हार को भूलकर जल्द से जल्द वापसी करनी होगी।

### आरसीबी के बल्लेबाज दमदार वापसी करने में सक्षम

आरसीबी के बल्लेबाज दमदार वापसी करने में सक्षम हैं। उसके बल्लेबाजों ने अब तक आक्रामक खेल दिखाया है और लखनऊ के खिलाफ भी वह इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शानदार फॉर्म दिखाते हुए 379 रन बनाए हैं, वहीं देवदत्त पड्डिकल और कप्तान रजत पाटीदार ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नियमित सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के उंगली में चोट के कारण बाहर होने से कोहली के साथ विस्फोटक शुरुआत देने की जिम्मेदारी जैकब बेथेल पर होगी। आरसीबी की टीम को एक सप्ताह के विश्राम का मौका मिला है और उसकी टीम इस मैच में अपने प्रतिद्वंद्वी की तुलना में अधिक तरोताजा होकर उतरेगी।



### एलएसजी का प्रदर्शन निराशाजनक

जहां तक एलएसजी का सवाल है तो उसका प्रदर्शन अभी तक निराशाजनक रहा है। वह पिछले छह मैचों में हार झेलने के कारण अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। इस बीच उसे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टाई रहे मैच में सुपर ओवर में भी हार का सामना करना पड़ा था। उसे पिछले मैच में मुंबई इंडियंस ने 6 विकेट से करारी शिकस्त दी थी।

### एलएसजी का अभियान बिखरा

एलएसजी का अभियान लगातार खराब प्रदर्शन, रणनीतिक अस्थिरता और मैचों का सकारात्मक अंत नहीं कर पाने के कारण कारण बिखर गया है। मिचेल मार्श, कप्तान ऋषभ पंत, एडन मार्क्रम और निकोलस पूरन जैसे प्रमुख बल्लेबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी क्रम में बार-बार फेरबदल ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पंत के सीमित ओवरों की क्रिकेट में प्रदर्शन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में एलएसजी के बल्लेबाजों के लिए अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की अगुवाई वाले आरसीबी के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना आसान नहीं होगा।

### भुवनेश्वर और हेजलवुड की जोड़ी प्रभावी

भुवनेश्वर और हेजलवुड की जोड़ी बेहद प्रभावी साबित हुई है। उनके शानदार प्रदर्शन से आरसीबी ने 27 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स को मात्र 75 रन पर ढेर कर दिया था। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर विकेट लेने में किसी तरह की कोताही नहीं बरत रहे हैं जबकि हेजलवुड ने लगातार प्रभावशाली गेंदबाजी की है। क्रुणाल पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट लिए हैं। पिछले मैच में सुयश शर्मा और रोमारियो शेफर्ड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। एलएसजी के लिए प्रिंस यादव और मोहसिन खान ने क्रमशः 13 और 10 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया है।

# भारत को घेरने के लिए बांग्लादेश ने मिलाया चीन से हाथ

एजेंसी



**ढाका।** भारत और बांग्लादेश के संबंधों में इस समय नई जटिलताएं उभरती दिखाई दे रही हैं। एक ओर अवैध घुसपैठ और सीमा से लोगों को वापस भेजने का मुद्दा दोनों देशों के बीच तनाव का कारण बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर तीस्ता नदी परियोजना को लेकर बांग्लादेश का चीन की ओर बढ़ता झुकाव दक्षिण एशिया की सामरिक राजनीति में नए संकेत दे रहा है। हाल के घटनाक्रम यह स्पष्ट करते हैं कि ढाका, बीजिंग और नई दिल्ली के बीच कूटनीतिक संतुलन तेजी से बदल रहा है। हम आपको बता दें कि बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने भारत में असम और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलता के बाद इस आशंका पर चिंता जताई कि कहीं सीमा पर संदिग्ध अवैध प्रवासियों को जबरन वापस भेजने की घटनाएं न बढ़ जाएं। हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं होगा। इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने भी संकेत दिया था कि यदि ऐसी घटनाएं बढती हैं तो ढाका प्रतिक्रिया देगा। देखा जाये तो अवैध प्रवासन और सीमा से लोगों को वापस भेजने का प्रश्न लंबे समय से भारत-बांग्लादेश संबंधों में संवेदनशील विषय रहा है।

इसी बीच, सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और पुनरुद्धार परियोजना को लेकर सामने आया है। तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने औपचारिक रूप से इस परियोजना के लिए चीन का सहयोग मांगा है। बीजिंग में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई वार्ता में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा। चीन ने न केवल परियोजना में सहयोग की इच्छा जताई, बल्कि बेल्ट एंड रोड पहल के अंतर्गत बांग्लादेश के साथ आर्थिक, आधारभूत ढांचा, जल प्रबंधन और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का भी भरोसा दिया।

हम आपको बता दें कि तीस्ता नदी का सामरिक महत्व अत्यंत संवेदनशील है। यह नदी सिक्किम और पश्चिम बंगाल से होकर बांग्लादेश में प्रवेश करती है और लाखों लोगों की सिंचाई तथा आजीविका का आधार है। यह क्षेत्र भारत के अत्यंत महत्वपूर्ण सिलीगुडी गलियारे के निकट स्थित है, जो पूर्वोत्तर भारत को देश के शेष भाग से जोड़ने वाली जीवनरेखा माना जाता है। ऐसे में चीन की संभावित भागीदारी भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा सकती है। यदि चीन को तीस्ता क्षेत्र में आधारभूत ढांचा या जल प्रबंधन परियोजनाओं के माध्यम से दीर्घकालिक उपस्थिति मिलती है, तो यह भारत की सामरिक निगरानी और पूर्वोत्तर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है। हम आपको याद दिला दें कि भारत ने भी वर्ष 2024 में तीस्ता बेसिन के संरक्षण और तकनीकी सहयोग का प्रस्ताव देकर बांग्लादेश के साथ जल प्रबंधन सहयोग मजबूत करने की कोशिश की थी। हालांकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरोध के कारण वर्ष 2011 का तीस्ता जल बंटवारा समझौता अब तक लागू नहीं हो पाया है।

# होर्मुज जलडमरुमध्य पर ट्रंप का ईरान को अल्टीमेटम, कहा- शर्तें नहीं मानीं तो होगी बमबारी

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरुमध्य नहीं खोलने की स्थिति में ईरान पर और ज्यादा बमबारी करने की बुधवार को चेतावनी दी। इस बीच, युद्ध खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के समझौते के करीब पहुंचने की खबर भी सामने आई है। अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियस की खबर में अमेरिकी अधिकारियों और दो अन्य सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म करने को लेकर एक पृष्ठ के सहमति पत्र को मंजूरी देने और विस्तृत परमाणु वाताओं के लिए एक रूपरेखा तय करने के करीब पहुंच गए हैं। खबर के अनुसार अमेरिका को उम्मीद है कि ईरान अगले 48 घंटे के अंदर विभिन्न प्रमुख बिंदुओं पर अपनी प्रतिक्रिया देगा। हालांकि खबर में यह भी कहा गया है कि अभी कुछ तय नहीं है। खबर में कहा गया है कि युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार दोनों पक्ष किसी समझौते के इतनी ज्यादा करीब पहुंचे हैं। ट्रंप ने टुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, अगर ईरान पहले से तय शर्तों को मान ले तो इस समय जारी बड़ा सैन्य अभियान एपिक फ्यूरी खत्म हो जाएगा। समुद्री नाकाबंदी हट जाएगी और होर्मुज जलडमरुमध्य ईरान समेत सभी के लिए खुल जाएगा। ट्रंप ने कहा, अगर ईरान ने सहमति नहीं जताई, तो बमबारी शुरू होगी। यह बमबारी दुर्भाग्य से पहले की तुलना में बहुत बड़े स्तर पर और बहुत तेज होगी। एक्सियस की खबर के अनुसार, इस समझौते में ईरान परमाणु संवर्धन को अस्थायी रूप से रोकने पर सहमत होगा, जबकि अमेरिका उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधहटा देगा, साथ ही ईरान के अरबों डॉलर के फ्रीज किए गए धन के इस्तेमाल की अनुमति देगा। खबर के अनुसार दोनों देश होर्मुज जलडमरुमध्य से गुजरने वाले जहाजों और व्यापार पर लगी पाबंदियों को भी कम या खत्म करने पर सहमत हो सकते हैं।

# पश्चिम बंगाल : शुभेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की मध्यमग्राम में गोली मारकर हत्या, तीन हिस्ट्री शीटर हिरासत में

एजेंसी



**कोलकाता।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए और पूर्व एयरफोर्स के अधिकारी चंद्रनाथ रथ की कल रात हुई हत्या के बाद पश्चिम बंगाल का राजनीतिक तापमान चरम पर है. इस मामले में बंगाल पुलिस तीन लोकल हिस्ट्री शीटर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. हत्याकांड का मुख्य हमलावर फरार बताया जाता हैं. पुलिस को चंद्रनाथ हत्याकांड में सुपारी किलर्स के शामिल होने का शक है. चंद्रनाथ हत्याकांड के बांग्लादेश से तार जोड़े जा रहे हैं. क्योंकि हत्याकांड के समय वहां मौजूद एक चश्मदीद ने कहा है कि हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद बांग्लादेश बॉर्डर की तरफ निकल भागे थे. चंद्रनाथ रथ की हत्या के बाद पूरे बंगाल में खलबली मची हुई है. भाजपा नेता इस घटना को पूर्व नियोजित राजनीतिक हत्या बता रहे हैं, राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाये जा रहे हैं.

भाजपा नेतृत्व ने अपने कार्यकताओं से अपील की है कि वे हर हाल में शांति बनाये रखें और किसी भी कीमत पर कानून अपने हाथ में न लें. सुवेंदु अधिकारी के अनुसार यह ठंडे दिमाग से की गयी सुनियोजित हत्या है. श्री अधिकारी ने दावा किया कि हत्या की घटना से पहले दो-तीन दिनों तक रेकी की गयी है. उन्होंने कहा कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है घटना के कुछ अहम सुराग पुलिस को मिले हैं. सुवेंदु अधिकारी ने कहा, वे इस घटना से बेहद दुखी हैं. इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता. अधिकारी ने पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति को 15 साल के महा-जंगलराज का परिणाम करार दिया है. कहा कि हमारी सरकार आते ही गुंडों की सफाई का काम शुरू किया जायेगा. उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से संयम बरतने की अपील की. कहा कि सभी को न्याय मिलेगा. खबर है कि केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने मृतक के परिवार और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर बात की है. सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ को कल रात मध्यमग्राम के पास गोली मारी गयी थी. उन्हें आनन फानन में अस्पताल में ले जाया गया. लेकिन वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. बंगाल पुलिस ने जांच के सिलसिले में एक वाहन को जब्त किया है.

### पश्चिम बंगाल: शुभेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट की मध्यमग्राम में गोली मारकर हत्या

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के 48 घंटे के अंदर चुनाव के बाद हुई हिंसा में बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट, चंद्रनाथ रथ को बुधवार रात कोलकाता के उत्तरी इलाके में अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी. इससे इलाके में तीखी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं हुई और तनाव बढ़ गया. यह घटना उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम के दोलतला इलाके के दोहरिया में हुई. चंद्रनाथ रथ शुभेंदु अधिकारी के करीबी थे. चंद्रनाथ कार से जा रहे थे तभी रास्ते में अचानक एक कार उनकी कार के आगे आई और उन्हें गाड़ी रोकने पर मजबूर किया. गाड़ी उनका ड्राइवर चला रहा था. जैसे ही उनकी कार रूकी बाइक सवार हमलावरों ने नजदीक से उनपर ताबड़तोड़ गोली चला दी. जानकारी के मुताबिक हमलावरों ने चंद्रनाथ रथ की कार का पीछा किया, उसे रोका, दूसरी तरफ से खिड़की से उन्हें गोली मारी और हमला करने के तुरंत बाद मौके से भाग गए. वह ड्राइवर के बगल वाली अगली सीट पर बैठे थे. रथ के ड्राइवर को भी गोली लगी और उसे कोलकाता के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई. लोकल न्यूज चैनलों ने बताया कि फायरिंग में रथ को गंभीर चोटें आईं और उन्हें पास के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. बीजेपी के ऑफिशियल मीडिया चैनल ने कहा. हॉस्पिटल के एक डॉक्टर ने कहा, 'पीड़ित को मृत अवस्था में लाया गया, उसके सीने में कई गोलियां लगी थी जो उसके दिल में घुस गई थी और एक और गोली उसके पेट के हिस्से में लगी थी. उसे होश में लाने का कोई मौका नहीं मिला.' पार्टी सूत्रों के मुताबिक, रथ ने भवानीपुर चुनाव क्षेत्र में अधिकारी के कैंपेन में अहम भूमिका निभाई थी।

# अनूठी किस्म का कमल, गौतम बुद्ध की प्रतिमा और रेशमी वस्त्र भेंट किए गए वियतनाम के राष्ट्रपति को

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत ने वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम को राष्ट्रीय फूल कमल की एक अनूठी किस्म नमो 108, ध्यान मुद्रा में बैठे बुद्ध की पीतल की मूर्ति और वाराणसी से आए विशेष रेशमी वस्त्र भेंट किए. वियतनाम के राष्ट्रपति 5 मई से भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं. ह्यनमो 108ह्ल उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) द्वारा विकसित कमल की एक अनूठी किस्म है. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, नमो 108 का गहरा सांस्कृतिक महत्व है क्योंकि यह प्राचीन भारतीय विरासत और आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों के बीच एक जीवंत सेतु का काम करता है. एनबीआरआई ने इस कमल की किस्म को विशेष रूप से 108 पंखुड़ियों वाला बनाकर, हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म में पवित्र और गणितीय रूप से परिपूर्ण मानी जाने वाली संख्या को साकार रूप दिया है. उन्होंने बताया कि यह संख्या ध्यान माला के मनकों, उपमहाद्वीप में पवित्र पीठों (स्थलों) और वैदिक परंपरा में विभिन्न ब्रह्मांडीय गणनाओं से मेल खाती है, जिससे यह फूल आध्यात्मिक पूर्णता का प्रतीक बन जाता है. इसका नाम, नमो संस्कृत शब्द अभिवादन या प्रणाम से लिया गया है. वियतनाम के राष्ट्रपति को पीतल की बुद्ध प्रतिमा भी भेंट की गई, जिसमें बुद्ध ध्यान मुद्रा में बैठे हैं और उनके चारों ओर एक गोलाकार आभामंडल है जो बोधि वृक्ष के फैले हुए पत्तों जैसा दिखता है. इस प्रतिमा में बुद्ध अभय मुद्रा में हैं, उनका दाहिना हाथ निर्भयता और रक्षा के भाव में ऊपर उठा हुआ है, जबकि उनका बायां हाथ उनकी गोद में एक छोटा कटोरा पकड़े हुए है, जो पोषण और करुणा का प्रतीक है. सूत्रों ने कहा कि इस प्रतिमा में धातु का महीन काम है.उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित यह प्रतिमा पीढ़ियों से चले आ रहे पारंपरिक शिल्प कौशल को दशार्ती है. वियतनाम के राष्ट्रपति को उपहार में दिया गया रेशमी कपड़ा उत्तर प्रदेश के वाराणसी से आया है, जो सदियों से अपनी उत्कृष्ट वस्त्र कला के लिए प्रसिद्ध है.

# तमिलनाडु : सरकार बनाने का न्योता न मिलने पर विजय फिर पहुंचे राजभवन, राज्यपाल नहीं हुए सहमत

एजेंसी



**चेन्नई।** तमिलगा वेत्री कझगम के प्रेसिडेंट विजय जो बुधवार को गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश कर रहे थे, राजभवन से न्योता न मिलने पर आज फिर उनसे मिले. हालांकि, रिपोर्ट बताती है कि गवर्नर बहुमत के समर्थन के बारे में विजय की सफाई से अभी भी सहमत नहीं हैं.हाल ही में हुए 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में टीवीके को 34.92 फीसदी वोट शेयर मिला और पार्टी ने 108 सीटें जीती और यह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी. हालांकि, 234 सदस्यों वाली असेंबली में बहुमत वाली सरकार बनाने के लिए 118 सीटों की जरूरत होती है. क्योंकि विजय ने पेरंबूर और त्रिची ईस्ट दोनों सीटों से चुनाव लड़ा और जीता, इसलिए उन्हें आखिरकार एक सीट से इस्तीफा देना होगा, जिससे टीवीके की असरदार संख्या घटकर 107 विधायक रह जाएगी. पार्टी के पास अभी भी 11 सीटें कम हैं, कांग्रेस, जिसके पास पांच सीटें हैं पहले ही डीएमके गठबंधन से अलग हो चुकी है और टीवीके को सपोर्ट दे चुकी है. बाकी संख्या हासिल करने के लिए टीवीके ने कथित तौर पर दो कम्युनिस्ट पार्टियों और विदुथलाई चिरुथैगल काची से सपोर्ट मांगने के लिए लेटर भेजे हैं. उन पार्टियों के नेताओं ने कहा है कि वे आखिरी फैसला लेने से पहले इस मामले पर अंदर ही अंदर चर्चा करेंगे. इस राजनीतिक अनिश्चितता के बीच विजय कल राजभवन गए और खुद गवर्नर आर्लेकर को सरकार बनाने का न्योता देने के लिए एक लेटर सौंपा. हालांकि, कोई फॉर्मल न्योता जारी नहीं किया गया. गवर्नर के इस रुख की वीसीके, कांग्रेस, सीपीआई और मक्कल निधि मैयम जैसी पार्टियों ने आलोचना की है. इन सभी ने सबसे बड़ी पार्टी को सरकार बनाने के लिए न्योता देने में देरी पर सवाल उठाए हैं. इसी सिलसिले में विजय ने आज चेन्नई के गुइंडी में राजभवन में गवर्नर आर्लेकर से एक बार फिर मुलाकात की. कहा जाता है कि मीटिंग के दौरान, विजय ने कहा कि टीवीके जो सबसे बड़ी पार्टी है, उसे सरकार बनाने का मौका दिया जाना चाहिए और गवर्नर को भरोसा दिलाया कि वह असेंबली में अपनी मेजोरिटी साबित करेंगे.

# ऑपरेशन सिंदूर को दुनिया ने माना 'गोल्ड स्टैंडर्ड', तीनों सेनाओं ने स्वदेशी हथियारों से पाक को किया पस्त

एजेंसी



**जयपुरः** राजस्थान की राजधानी जयपुर में ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑपरेशन को भारत की नई सैन्य रणनीति और संयुक्त युद्ध क्षमता का प्रतीक बताया. लेफ्टिनेंट जनरल डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रैटेजी) राजीव घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड माना गया. उन्होंने बताया कि बीएसएफ समेत तीनों सेनाओं ने मिलकर यह अभियान चलाया, जिसमें थल, वायु और समुद्री ताकत का संयुक्त इस्तेमाल किया गया. उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर कुल नौ सटीक स्ट्राइक कीं, जिनमें सात हमले सेना और दो एयरफोर्स ने किए. रियल टाइम इंटेलिजेंस, साझा ऑपरेशन सिस्टम और मल्टी एजेंसी तालमेल की बदौलत आतंक ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया. सेना के मुताबिक भारत ने तय लक्ष्य हासिल कर युद्ध को लंबा नहीं खींचा और दुश्मन के कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम को प्रभावी रूप से ध्वस्त किया.

### पाक को पहुंचाया भारी नुकसान

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने 13 पाकिस्तानी एयरक्राफ्ट और 11 बेस किए तबाह किए. उन्होने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य आत्मनिर्भरता को दुनिया के सामने साबित किया. स्वदेशी ब्रह्मोस, आकाश और अन्य मिसाइल सिस्टम ने अभियान में बड़ी भूमिका निभाई. उन्होंने कहा कि अब देश के 65 प्रतिशत रक्षा उपकरण भारत में ही तैयार हो रहे हैं.

### पाकिस्तान के पास सबूत नहीं

राजीव घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने कई आतंकी लॉन्च पैड तबाह किए, जिसके बाद अब आतंकी कैम्प काफी अंदर शिफ्ट हो गए हैं, जिस तरह का डैमेज हमने पाकिस्तान को किया उसका सबूत और वीडियो के साथ हम सामने लेकर आए, लेकिन पाकिस्तान के पास इस तरह के कोई सबूत नहीं है, पाकिस्तान सिर्फ नरेटिव सेट करने में लगा हुआ था. डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर को 22 अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले का निर्णायक जवाब बताया. उन्होंने कहा कि शांति को कमजोरी समझने वालों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि भारत अब हर आतंकी हरकत का सटीक और कठोर जवाब देगा.

### सीबीआई ने मकान खरीद घोटाले में सीएचडी डेवलपर के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने मकान खरीद घोटाले में सीएचडी डेवलपर के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया. इससे पहले सीबीआई चार बिल्डरों के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर चुकी है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में सीबीआई दिल्ली ने बिल्डरों द्वारा मकान खरीदने वालों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में 50 मामले दर्ज कर जांच कर रही है. सीबीआई ने 7 अप्रैल को मेसर्स सीएचडी डेवलपर्स और उसके निदेशकों के खिलाफ दायर आरोप पत्र में हरियाणा के गुरुग्राम स्थित हाउसिंह प्रोजेक्ट में धोखाधड़ी का आरोप लगाया है. इसमें कहा गया है कि कंपनी ने अपने इस प्रोजेक्ट में मकान खरीदने वालों के साथ धोखाधड़ी की. साथ ही उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाया. इससे पहले सीबीआई द्वारा मकान खरीद घोटाले मे मेसर्स रुद्रा बिल्डवेल कंस्ट्रक्शन, मेसर्स ड्रीम प्रोकॉन, मेसर्स जेपी इंफ्राटेक और मेसर्स एवीजे डेवलपर्स के निदेशकों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है जा चुका है. सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में बिल्डरों द्वारा देश के विन्न हिस्सों में मकान खरीदने के दौरान की गई ठगी के 50 मामले दर्ज किया है.

# ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरे होने पर कांग्रेस ने फिर से सरकार पर साधा निशाना, बोली- पाकिस्तान को लगातार मिल रही 'प्रशंसा'

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत द्वारा व्यापक राजनयिक प्रयासों के बावजूद, पाकिस्तान 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद की तरह अलग-थलग नहीं पड़ा, बल्कि उसे अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठान से प्रशंसा मिली है. ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर विपक्षी दल ने याद दिलाया कि ऑपरेशन को अप्रत्याशित रूप से रोकने वाले युद्धविराम की पहली घोषणा 10 मई, 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी. संचार प्रभारी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के शुभारंभ की पहली वर्षगांठ मनाते हुए और हमारी सशस्त्र सेनाओं की उपलब्धियों को सलाम करते हुए, यह याद रखना उपयोगी होगाः ऑपरेशन सिंदूर को अप्रत्याशित रूप से रोकने वाले युद्धविराम की पहली घोषणा 10 मई, 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी, जिन्होंने दावा किया था कि यह राष्ट्रपति ट्रंप के हस्तक्षेप के कारण संभव हुआ था. रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने विभिन्न देशों में सौ से अधिक बार इस दावे को दोहराया है, लेकिन उनके अच्छे मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी भी इसका खंडन नहीं किया है.

रमेश ने याद दिलाते हुए बताया कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 30 मई, 2025 को सिंगापुर में एक बयान दिया था. इसमें उन्होंने कहा था कि सामरिक त्रुटियों के कारण भारत को शुरूआती नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन समीक्षा और सुधार के बाद, भारत सामरिक गलतियों को समझने और पाकिस्तान के भीतर सटीक हमले करने में सक्षम रहा.

## संक्षिप्त खबर

### पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर कहा, प्रत्येक भारतीय को सशस्त्र बलों पर गर्व है

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि यह आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है. श्री मोदी ने आज 7 मई, गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट तक कहा कि पूरा देश हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है. पीएम मोदी ने लिखा कि आज से एक वर्ष पूर्व हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था. सेना ने उन लोगों को करारा जवाब दिया, जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था. पीएम ने कहा. ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता, तैयारी और समन्वित शक्ति को प्रदर्शित किया. पीएम नेकहा कि आज एक वर्ष बाद भी भारत आतंकवाद को पराजित करने और उसके समर्थक तंत्र को नष्ट करने के अपने संकल्प पर पहले की तरह अडिग हैं. पीएम ने सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी सफलता को दशार्ते हुए, गरिकों से आग्रह किया कि वे फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी डिस्प्ले पिक्चर उनके द्वारा साझा की गयी तस्वीर से बदल दें.

### गर्मियों की छुट्टियों में रेल यात्रियों की बढ़ी शामत : अप्रैल से जून तक 350 से ज्यादा ट्रेनें रद्द और डायवर्ट



**नयी दिल्ली।** प्रयागराज के पास चुरू-सादुलपुर रेलवे सेक्शन पर चल रहे ट्रैफिक ब्लॉक की वजह से अप्रैल से जून तक कई एक्सप्रेस और पैसेंजर समेत 350 से ज्यादा ट्रेन ट्रिप पर असर पड़ सकता है. इसके चलते गर्मियों की छुट्टियों के पीक सीजन में यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. ट्रेनों के रद्द होने, रूट बदलने और समय में बदलाव ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं. अचानक हुए इस घटनाक्रम ने यात्रियों के बीच भ्रम और अनिश्चितता की स्थिति पैदा कर दी है, जिनमें से कई लोग अब वैकल्पिक रास्तों या कन्फर्म टिकट पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. यात्री विशेष रूप से इस बात को लेकर चिंतित हैं कि ये बाधाएं अप्रैल से जून तक लंबे समय के लिए जारी रह सकती हैं, जिससे पहले से तय यात्राओं, पारिवारिक मुलाकातों और जरूरी कामकाज पर असर पड़ेगा. यात्रियों ने रेलवे से मांग की है कि उन्हें बेहतर अपडेट दिए जाएं, छुट्टियों के पीक सीजन में ट्रेनों का रद्द होना कम किया जाए और यात्रियों का बोझ कम करने के लिए अतिरिक्त सेवाओं या वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाए. दिल्ली के एक यात्री ऋषि कुमार ने रेलवे के आधुनिकीकरण के प्रयासों के महत्व को तो स्वीकार किया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि इन बदलावों की वजह से यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है. उन्होंने ईटीवी भारत को बताया कि श्यह अच्छी बात है कि यात्रियों के लिए आधुनिक विकास कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन साथ ही, मैं इस बात से काफी नाराज हूं कि रेलवे एक प्रमुख डिवीजन से इतनी सारी ट्रेनों को रद्द या डायवर्ट कर रहा है. दिल्ली की एक अन्य यात्री और नियमित रूप से सफर करने वाली परवीन शर्मा ने यात्रियों का बोझ कम करने के लिए अधिकारियों द्वारा बेहतर योजना बनाने की जरूरत पर जोर दिया.

### विदेश मंत्रालय ने कहा, अवैध बांग्लादेशियों को वापस जाना होगा, नरमी नहीं बरती जायेगी

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अवैध बांग्लादेशियों की स्वदेश वापसी को लेकर कदम उठाये जा रहे हैं. अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के साथ कानून के अनुसार बर्ताव किया जायेगा. इस मामले में कोई नरमी नहीं बरती जायेगी. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मामले में बांग्लादेश से सहयोग की आवश्यकता है. जानकारी दी कि बांग्लादेश में राष्ट्रीयता सत्यापन के 2,860 से अधिक मामले लंबित हैं. उनमें से कुछ तो पांच साल से अधिक समय से लंबित हैं. रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारी नीति यह है कि देश में अवैध रूप से रहने वाले किसी भी विदेशी नागरिक की देश के कानून के अनुसार स्वदेश वापसी. उन्होंने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश राष्ट्रीयता सत्यापन में तेजी लायेगा ताकि अवैध अप्रवासियों की स्वदेश वापसी सुचारू तरीके से हो सके. बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक नयी व्यापक डिपोर्टेशन नीति बनाई है. इसके तहत सभी राज्यों को अवैध प्रवासियों (विशेषकर बांग्लादेश और म्यांमार से) के बारे में जानकारी हासिल करने, उन्हें चिन्हित कर वापस भेजने के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित करने को कहा गया है. जानकारी के अनुसार अवैध घुसपैठ रोकने के लिए इरऋसीमा पर कड़े कदम उठा रही है. जो लोग पकड़े जा रहे हैं, उन्हें वापस भेजा जा रहा है. अहम बात यह है कि पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद अवैध घुसपैठियों की पहचान और वापसी को लेकर बॉर्डर स्टेट्स में हलचल तेज है.

### कोलकाता पहुंचे अखिलेश यादव, ममता बनर्जी से मिले, कहा, आप हारी नहीं, हराई गयी हैं, भाजपा ने पूरा चुनाव लूट लिया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी की करारी हार के बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव आज गुरुवार को कोलकाता पहुंचे. यहां वे ममता बनर्जी और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी से मिले. सूत्रों के अनुसार मुलाकात के क्रम में अखिलेश यादव ने टीएमसी की तारीफ करते हुए ममता से कहा, आप हारी नहीं, हराई गयी हैं. अखिलेश यादव के साथ मुलाकात के दौरान अभिषेक बनर्जी उनसे गले लगे. अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी के प्रति सम्मान दशार्या. सूत्रों केअनुसार अखिलेश यादव ने अभिषेक बनर्जी से कहा, आपने जबरदस्त लड़ाई लड़ी है, जो काबिल ए तारीफ है, इस क्रम में ममता बनर्जी से कहा, दीदी आप चुनाव हारी नहीं हैं, आप हराई गयी हैं. मुलाकात के बाद सपा अध्यक्ष ने कहा, दीदी से मिलकर के आ रहा हूं. अभिषेक जी मेरे साथ हैं. अखिलेश यादव ने कहा, जब निष्पक्ष चुनाव हुआ, दीदी यहां की मुख्यमंत्री बनी.ईमानदारी से जब भी चुनाव हुए, वो जीतीं. लेकिन इस बार इलेक्शन में मल्टी लेयर की माफियागिरी हुई है. अखिलेश यादव ने कहा कि क्या कोई कभी सोच सकता था कि इस तरह की बेईमानी भाजपा, इलेक्शन कमीशन करेगा? कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में बेईमानी की, वो एक ट्रॉयल था. उससे सीख कर बंगाल में पूरा का पूरा चुनाव लूट लिया गया. अखिलेश यादव ने चुनाव के समय इलेक्शन कमीशन द्वारा की जानेवाली ट्रांसफर पोस्टिंग, सेंट्रल फोर्स की तैनाती के संदर्भ में कहा, यूपी चुनाव के समय न जाने कितने अधिकारियों की हम शिकायत करते रहे.





# तय समय पर रिलीज होगी प्रभास की फिल्म स्पिरिट

**मुंबई।** प्रभास और तृप्ति डिमरी की अदाकारी से सजी फिल्म 'स्पिरिट' के मेकर्स ने साफ किया है कि यह फिल्म तय वक्त पर 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में खबरें आईं कि सलमान खान अपनी अगली फिल्म साउथ के मेकर्स के साथ बना रहे हैं। इसके निर्देशक दिल राजू होंगे। खबरें यह भी थीं कि सलमान खान अपने ट्रेंड को जारी रखते हुए इस फिल्म को अगले साल ईद के मौके पर रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर क्लैश से बचने के लिए 'स्पिरिट' के मेकर्स ने इसकी रिलीज 1 दिसंबर 2027 कर दी। हालांकि, अब मेकर्स ने साफ किया है कि 'स्पिरिट' 5 मार्च को ही रिलीज होगी।

लाइफ Style

# रिद्धिमा

## सबसे बड़ा चैलेंज था कुछ नया शुरू करना



45 साल की रिद्धिमा कपूर साहनी, जो ऋषि कपूर और नीतू कपूर की बेटी हैं, अब अपनी पहली फिल्म 'दादी की शादी'से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। खास बात यह है कि कपूर फैमिली में इतनी उम्र में डेब्यू करने वाली वह सबसे बड़ी सदस्य बन गई हैं।

यह डेब्यू उनके लिए काफी इमोशनल है, क्योंकि इस फिल्म में वह पहली बार अपनी बेटी समारा के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं। एक इंटरव्यू में रिद्धिमा ने बताया कि 45 साल की उम्र में पहली बार फिल्म के सेट पर कैमरे के सामने आना उनके लिए नया अनुभव था। उन्होंने अपनी बेटी समारा के छोटे से रोल के बारे में भी बात की। रिद्धिमा की शादी बिजनेसमैन भरत साहनी से हुई है और उनकी एक बेटी है। रिद्धिमा ने कहा, 'यह एहसास बहुत अलग और इमोशनल है। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी का एक चक्र पूरा हो गया हो। मुझे पता है कि मेरे पापा हमेशा मेरे साथ हैं और हर फैसले में मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं। यह सोच मुझे बहुत हिम्मत और सुकून देती है। सच कहूं तो इस उम्र में कुछ नया शुरू करना सबसे बड़ा चैलेंज था। एक नई शुरुआत में थोड़ा डर भी होता है, लेकिन उतनी ही एक्साइटमेंट भी होती है।' रिद्धिमा ने यह भी बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने पहली बार अपनी बेटी को घर पर अकेला छोड़ा था। साल 2019 में न्यूयॉर्क में ऋषि कपूर के कैंसर इलाज के बाद यह पहला मौका था जब उन्होंने ऐसा किया। इस फिल्म में एक खास पल भी देखने को मिलेगा, जहां रिद्धिमा अपनी मां नीतू कपूर और बेटी समारा के साथ 'सेंटी' गाने में नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला




# ब्लेक- जस्टिन के बीच सेटेलमेंट

**लॉस एंजिल्स।** अगस्त 2024 में हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इसके बाद से ही यह विवाद दुनियाभर में चर्चा में रहा। हालांकि, बीते 4 मई को दोनों कलाकारों ने इस मामले पर कोर्ट के बाहर सेटलमेंट कर लिया है। बीते दिनों ब्लेक और जस्टिन के बीच चल रहे इस कानूनी विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया।



# टॉम को है क्रोशिया का शौक जेंडाया के साथ करते हैं प्रैक्टिस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सेलेब्स जेंडाया और टॉम हॉलैंड काफी वक्त से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर इस कपल ने शादी रचा ली है। हालांकि, दोनों की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। शादी की अफवाहों के बीच टॉम हॉलैंड हाल ही में अपनी एक हॉबी के बारे में बात करते दिखे। दरअसल, उन्हें क्रोशिया का शौक है। उनका यह शौक अब पार्टनर जेंडाया को भी हो चला है और दोनों घर पर साथ में इसकी प्रैक्टिस करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में यह खुलासा किया कि वे और उनकी पार्टनर जेंडाया फुरसत के पलों में घर पर साथ में क्रोशिया करना पसंद करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में आयोजित 'बेरो पैडल क्लासिक' इवेंट के दौरान इस बात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि क्रोशिया करने से उन्हें मानसिक शांति मिलती है और तनाव कम होता है।



# राकेश दिखाएंगे नोरा के साथ डांस मूव्स

**मुंबई।** धुरंधर में अपने अभिनय से सुर्खियां बटोरने वाले अभिनेता राकेश बेदी लगातार अपने आगामी प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। धुरंधर के दोनों पार्ट्स में अपने कॉमेडी टच से लोगों का दिल जीतने वाले राकेश बअब अपने डांस मूव्स दिखाने के लिए तैयार हैं। यही नहीं, वो आइटम डांस की क्वीन कही जाने वाली नोरा फतेही के साथ एक गाने पर कदमताल करते नजर आएंगे। अभिनेता ने नोरा के साथ शूटिंग करने की जानकारी देते हुए बीटीएस झलक दिखाई है। राकेश ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें उन्होंने बताया कि वो नोरा के साथ एक गाने की शूटिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बीटीएस झलक भी दिखाई। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम वीडियो की शुरुआत यह कहते हुए की, 'आज मैं भारत की सबसे बड़ी स्टार में से एक के साथ शूटिंग कर रहा हूं।



# शाहरुख को दिया मेट गाला में डेब्यू का श्रेय

**मुंबई।** 78वें मेट गाला में निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने अपना डेब्यू किया। इसके साथ ही करण इस इवेंट में शामिल होने वाले पहले भारतीय फिल्ममेकर भी बन गए। मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए हुए आउटफिट में करण ने राजा रवि वर्मा की विरासत को दर्शाया। करण के लुक की काफी चर्चा भी रही। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय करण ने अपने दोस्त और सुपरस्टार शाहरुख खान को दिया। शाहरुख ने पिछले साल ही मेट गाला में अपना डेब्यू किया था। साथ ही करण ने शाहरुख के साथ अपनी पक्की दोस्ती पर भी बात की। इवेंट के दौरान बातचीत में करण जौहर से शाहरुख खान के साथ उनके करीबी संबंध और दोस्ती के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए तो ये बहुत भावुक पल है। शाहरुख खान मेरे कॅरियर का एक अहम हिस्सा हैं।

टीवी मसाला




# लॉक अप 2 में गोविंदा की पत्नी सुनीता बनीं पहली कंटेस्टेंट..!

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत का होस्ट किया गया शो 'लॉक अप' अपने दूसरे सीजन के साथ लौटने के लिए तैयार है। शो के कंटेस्टेंट्स में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा का नाम भी आ रहा है। साथ ही, होस्ट को लेकर भी कुछ बदलाव किए गए हैं।

# इम्तियाज की फिल्म से टकराएगी कंगना अभिनीत भारत भाग्य विधाता

**मुंबई।** कंगना रनौत बीते कुछ दिनों से फिल्मों से ज्यादा राजनीति में सक्रिय हैं। लेकिन, अब उनके फैंस का इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। कंगना रनौत की आने वाली फिल्म का नाम 'भारत भाग्य विधाता'है। मेकर्स ने इसका पोस्टर जारी कर रिलीज डेट का खुलासा किया है। भारत भाग्य विधाता 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इसका मुकाबला इम्तियाज अली की आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा'से होगा। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित 'मैं वापस आऊंगा'एक लव स्टोरी है। 'मैं वापस आऊंगा'भी 12 जून को रिलीज होगी, जिसमें दिलजीत दोसांझ, शरवरी वाघ और वेदांग रैना प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



भारत भाग्य विधाता के मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'एक साधारण लोगों की असाधारण कहानी! वो रात, जब इंसानियत डर से भी बड़ी बनकर सामने आई। जब जिम्मेदारी ने बलिदान का रूप लिया, जब एकता ने कर्तव्य निभाया और जब हिम्मत ने कई जिंदगियां बचाईं। भारत के असली हीरोज की अनकही कहानी। फिल्म में भारत के उन हीरोज की कहानी बताएगी, जो अनसुनी है। फिल्म में कंगना रनौत लीड रोल में नजर आएंगी। इसे मणिकर्णिका फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है। इसके लेखक और निर्देशक मनोज तापड़िया हैं।

# अमिताभ की ये पांच कॉमेडी फिल्में हैं मस्ट वॉच

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन को 'एंग्री यंग मैन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपने कॅरियर में कई ऐसी फिल्में कीं जहां वो गंभीर किरदार निभाते नजर आए। अपने गंभीर किरदारों में अमिताभ बच्चन को खूब पसंद किया गया। पर 'एंग्री यंग मैन' ने अपने करियर में कुछ कॉमेडी रोल्स भी निभाए जिन्हें दर्शकों ने उतना ही प्यार दिया। आज हम आपको अमिताभ बच्चन की 5 बेस्ट कॉमेडी फिल्मों के नाम बता रहे हैं। अगर आपने ये फिल्में नहीं देखी हैं तो आपको जरूर देखनी चाहिए।

***चुपके चुपके*** : लिस्ट में सबसे पहले अमिताभ बच्चन की फिल्म चुपके चुपके का नाम है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र और शर्मिला टैगोर नजर आई थीं। इस फिल्म को हृषिकेश मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.3 है। अगर आप ये फिल्म देखना चाहते हैं तो जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। चुपके चुपके एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है।


***सत्ते पर सत्ता*** : लिस्ट में दूसरा नंबर अमिताभ बच्चन की साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म सत्ते पर सत्ता का है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ हेमा मालिनी नजर आई थीं। इस फिल्म में अमजद खान भी नजर आए थे। सत्ते पर सत्ता एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.2 है। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। सत्ते पर सत्ता को राज एन सिप्पी ने डायरेक्ट किया था।



***नमक हलाल*** : लिस्ट में तीसरे नंबर पर साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म नमक हलाल है। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ शशि कपूर, वहीदा रहमान और स्मिता पाटिल जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा है। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.2 है। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। फिल्म को प्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया है।

***हेरा फेरी*** : लिस्ट में चौथे नंबर पर अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना की हेरा फेरी है। फिल्म को प्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.6 है। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। फिल्म साल 1976 में रिलीज हुई थी। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

***बड़े मियां छोटे मियां*** : लिस्ट में पांचवे नंबर पर 1998 में आई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां है। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ गोविंदा नजर आए थे। अमिताभ और गोविंदा, दोनों का इस फिल्म में डबल रोल था। फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 5.9 है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर फ्री में देख सकते हैं।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.